जबलपुर शनिवार 26 सितंबर 2026 > भाद्रपद शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
वर्ष 32 अंक 89 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96
www.swatantramat.com


# स्वतंत्र मत




अब हर रोज दर्पण ▶▶ 3

**मौसम**
अधिकतम तापमान 25.1 °C
न्यूनतम तापमान 22.7 °C
सूर्योदय - 6.00 | सूर्यास्त - 6.03

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।


गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी ... ▶▶ 4


लव एंड वॉर में आलिया भट्ट का लुक जारी... ▶▶ 7


वस्त्र अर्पण अभियानः जरूरतमंदों ... ▶▶ 8

## शूटिंग में भारत का गोल्डन शॉट



**नागोया।** भारत ने एशियन गेम्स के छठे दिन 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज समेत कुल 6 मेडल जीते। इसके साथ भारत के खाते में 23 मेडल हो गए हैं। चीन 157 मेडल के साथ टॉप पर है। सुरुचि इंदर सिंह और कमलजीत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम में गोल्ड जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 484.6 अंक हासिल किए। साउथ कोरिया 478.0 अंक के साथ दूसरे और ईरान 415.8 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत ने कोरिया पर 6.6 अंक की बढ़त बनाई। 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्रांक्ष पाटिल और नीरज कुमार की टीम ने सिल्वर जीता। भारत ने 1762 अंक बनाए। चीन 1766 अंक के साथ गोल्ड और साउथ कोरिया 1751 अंक के साथ ब्रॉन्ज जीतने में सफल रहा। शुक्रवार को एथलेटिक्स में गुलवीर सिंह ने 10 हजार मीटर रेस में सिल्वर जीता। उन्होंने 28 मिनट 29.38 सेकेंड में रेस पूरी की। 2023 में इसी इवेंट में उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। भारत ने एशियन गेम्स के पोल वॉल्ट में पहली बार मेडल जीता। बरानिका एलांगोवन ने महिलाओं की पोल वॉल्ट में 4.15 मीटर की ऊंचाई पार कर ब्रॉन्ज जीता।

(विस्तृत खबर पेज 10 पर)

## बच्चियों पर अत्याचार - क्या कर रहीं सरकार

**नई दिल्ली।** बिहार के जमुई-समस्तीपुर से लेकर बांका तक, दिल्ली के कालकाजी और ओडिशा के धेनकनाल से महिलाओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ की जो घटनाएं सामने आई हैं, उन्होंने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। देश में लगातार हो रही इन घटनाओं के बाद सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है। रेप की घटनाओं ने महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर कई बड़े सवाल खड़े किए हैं। एनसीआरबी के डेटा के सामने आने से हैरान करने वाली बात ये भी है कि बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वाले लोग ज्यादातर उनकी पहचान या उनके आस-पास के ही होते हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो 2024 में, लड़कियों के साथ रेप के 97 प्रतिशत मामलों में आरोपी पीड़ित की जान-पहचान का व्यक्ति था। दिल्ली, बिहार और ओडिशा की तमाम घटनाएं, जो हाल के समय में सामने आई हैं, इन्हें भले ही उंगलियों पर गिना जा सके, लेकिन नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के सरकारी आंकड़े बताते हैं कि स्थिति कितनी भयावह है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले एक दशक में, देश भर में रेप की शिकार बच्चियों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है, जबकि अदालतों में दोषियों को सजा मिलने की दर घटी है। देश में बच्चियों के साथ रेप के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, 2015 में पुलिस ने जहां 18 साल से कम उम्र की 10,934 पीड़ित बच्चियों के मामले दर्ज किए थे। वहीं 2024 में यह संख्या 43,675 तक पहुंच गई। एक दशक में बच्चियों से रेप की घटनाओं में चार गुना बढ़ोतरी हुई है। देखा जाए तो हर साल 18 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ यौन हिंसा के मामले बड़ी संख्या में सामने आए हैं। 2020 से 2024 के बीच 1.83 लाख नाबालिग लड़कियां रेप की शिकार हुईं। पांच सालों के आंकड़ों के मुताबिक, 16 से 18 साल की उम्र की लड़कियों के साथ सबसे ज्यादा दुष्कर्म की घटनाएं सामने आई हैं। 16 से 18 साल की उम्र की लड़कियों के साथ रेप के 94,503 मामले। 12 से 16 साल की उम्र की लड़कियां के साथ रेप के 70,442 मामले। आंकड़ों पर नजर डालें तो हर दस में से लगभग नौ पीड़ित इसी उम्र की लड़कियां थीं।

### एनसीआरबीः एक साल में 43 हजार बच्चियों के साथ बलात्कार





## हाईकोर्ट ने मिलन प्रधान को राहत वाला आदेश पलटा



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने शुक्रवार को कांग्रेस के नंदीग्राम उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को 2007 के एक आपराधिक मामले में मिली राहत खत्म कर दी। मुख्य न्यायाधीश रवींद्र विठ्ठलराव घुगे की अध्यक्षता वाली पीठ ने सिंगल बेंच के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पुलिस को 12 अक्टूबर तक प्रधान के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया गया था। पीठ में न्यायमूर्ति ओम नारायण राय भी शामिल थे। अदालत ने कहा कि आपराधिक कानून में किसी आरोपी को इस तरह की अंतरिम सुरक्षा देने का कोई प्रावधान नहीं है। पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी की आशंका होने पर आरोपी अग्रिम जमानत के लिए अदालत का रुख कर सकता है।

## तेजपाल ने रेप केस में सजा को चुनौती दी



**नई दिल्ली।** तहलका पत्रिका के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल से जुड़े 2013 के यौन उत्पीड़न मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली तेजपाल की याचिका पर गोवा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले में उन्हें दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने हाईकोर्ट के 6 अगस्त के फैसले के खिलाफ दायर इस अपील पर सुनवाई करते हुए यह कदम उठाया है।

## खड़े ट्रक से टकराया पिकअप, 5 की मौत

**रायपुर।** बालोद जिले में शुक्रवार दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। पुरुर थाना क्षेत्र में ग्राम मरकाटोला के पास दोपहर करीब 12 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। दुर्घटना इतनी तीव्र थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद पुलिस और स्थानीय निवासियों ने राहत कार्य आरंभ करके सभी छह घायलों को एंबुलेंस से धमतरी जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार पिकअप वाहन में सवार सभी लोग धुमाल पार्टी के सदस्य थे और वे कवर्धा से जगदलपुर की ओर जा रहे थे।

# सीईसी के विरुद्ध...कांग्रेस का युद्ध

### ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देशभर में किया प्रदर्शन, असम में गौरव गोगोई हिरासत में

नई दिल्ली

देशभर में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर घमासान मच गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उनकी बर्खास्तगी की मांग को लेकर कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दल सड़कों पर उतर आए हैं। शुक्रवार को असम कांग्रेस प्रमुख गौरव गोगोई समेत कई दिग्गज नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया, जबकि कई राज्यों में उग्र प्रदर्शन देखने को मिले। चुनाव आयोग के कामकाज के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कई राज्यों में प्रदर्शन किया। ऐसे में चंडीगढ़ और पटना में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को पानी की बौछारें करनी पड़ीं। दूसरी ओर गुवाहाटी में विरोध प्रदर्शन कर रहे असम कांग्रेस प्रमुख गौरव गोगोई और कई पार्टी नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नई दिल्ली में चुनाव आयोग के दफ्तर और जंतर-मंतर के बाहर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया, जहां युवा कांग्रेस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोर्चा संभाला। वहीं अन्य राज्य जैसे कि मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में भी कांग्रेस नेताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।




### सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन में गड़बड़ी को लेकर उठे मुद्दों को लेकर ये याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में मीडिया रिपोर्ट को आधार बताते हुए बाकी दो चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लिए गए फैसलों को गैर-कानूनी घोषित करने की मांग की गई है। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता की मांग है कि इस बात की एसआईटी से जांच कराई जाए कि वोटर लिस्ट से 13 करोड़ वोटरों के नाम कैसे हटाए गए।

### भाजपा की कहानी, कमजोर और पुरानीः प्रियंका



चुनाव आयोग में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर मतभेद की मीडिया रिपोर्ट के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। इस बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। भाजपा के इस बयान पर कि कांग्रेस चुनाव नहीं जीत पाती तो चुनाव की वैधता पर सवाल उठाती है, प्रियंका ने कहा कि भाजपा को 'घटिया बहाने' बनाना बंद करना चाहिए। संसदीय क्षेत्र वायनाड में पत्रकारों से बात करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, यह बहुत ही पुरानी और कमजोर कहानी है। तथ्य हैं और सबूत हैं। यह पूरे देश के सामने है। मेरे भाई (राहुल गांधी) ने कई प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे दिखाया है। उन्होंने सबूत सामने रखे हैं। अब यह बिल्कुल साफ है कि 13 करोड़ वोटरों के नाम हटाए गए हैं।

### विवाद की असल वजह क्या है?

गौरतलब है कि यह पूरा विवाद एक मीडिया रिपोर्ट के बाद भड़का है, जिसमें दावा किया गया था कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 10 महीनों में 14 बार एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े फैसलों पर आपत्तियां जताई थीं। उनकी चिंताओं में मतदाता पंजीकरण, नाम हटाना और जोड़ना तथा डेटाबेस तक पहुंच जैसे गंभीर मुद्दे शामिल थे। इस दावे के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 100 प्रतिशत निश्चितता के साथ आरोप लगाया है कि भारत में 2024 के लोकसभा चुनाव समेत कई विधानसभा चुनाव धांधली किए गए थे। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति वोट पर हमला करता है, लोकतंत्र को तबाह करता है, वह देशद्रोही है।

### चुनाव आयुक्त का यूपी दौरा स्थगित

उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के दो सम्मेलनों के स्थगित होने पर चुनाव आयोग ने शुक्रवार को सफाई दी है। आयोग ने कहा कि आधिकारिक कार्यक्रमों की तारीखों में बदलाव एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है। इन दोनों सम्मेलनों को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार संबोधित करने वाले थे, जो इन दिनों आयोग के भीतर कथित आंतरिक असंतोष की खबरों के चलते चर्चा में हैं। ज्ञानेश कुमार को गुरुवार को मेरठ और 28 सितंबर को वाराणसी का दौरा करना था। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का यूपी दौरा स्थगित होने पर कांग्रेस ने कहा कि ज्ञानेश कुमार अपने ऊपर लगे आरोपों से घबराए हुये हैं।



351 बसों के साथ मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा लांच

## बसों का स्टैंडर्ड सुधारिए, नहीं तो कॉन्ट्रैक्टर्स जैसे रगड़ूंगा : गडकरी

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश में 21 साल बाद सरकारी बस सेवा फिर शुरू हो गई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को भेल दशहरा मैदान से 351 बसों के साथ मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा लॉन्च की। भोपाल-इंदौर समेत 7 शहरों में इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसें चलेंगी। इनमें 180 इलेक्ट्रिक बसें हैं। सरकार का पहले साल 1,500 और 2031 तक 15 हजार बसें चलाने का लक्ष्य है। गडकरी ने कहा- पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाना सरकार का विजन है। ट्रांसपोर्ट सुधार के लिए 5 एजेंडा बनाए गए हैं, जिसमें पहला क्लीन ट्रांसपोर्ट है। देश के एयर पॉल्यूशन में करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी ट्रांसपोर्ट सेक्टर की है। इस प्रदूषण के लिए मैं जिम्मेदार हूं। मप्र में प्रदूषण के लिए सीएम मोहन जिम्मेदार हैं। गडकरी ने ऑल इंडिया बस एंड कार कन्फेडरेशन के प्रेसिडेंट प्रसन्ना पटवर्धन से बसों की गुणवत्ता पर कहा- अभी भी बस में बहुत सुधार करने की जरूरत है। पटवर्धनजी अभी भी तुम्हारी बस बराबर स्टेंडर्ड पर नहीं बनी है। ये कंपनी वालों को कहो सुधरिए। नहीं तो जैसे कॉन्ट्रैक्टर्स को रगड़ने का काम करता हूं, वैसे आपके क्षत्रपों को रगड़ूंगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- कांग्रेस के शासनकाल में राज्य परिवहन बसें बंद हो गईं थी। प्रदेश में 5 लाख किमी से ज्यादा सड़कें बन चुकी हैं और अब बसों से गांवों को भी जोड़ा जाएगा। 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों तक कनेक्टिविटी पहुंचाने का लक्ष्य है। सीएम ने कहा- आज प्रधानमंत्री ई-बस और मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू हुई है।

### किराया 2 रुपये प्रति किमी

सभी बसें भोपाल से संचालित होंगी। किराया 2 रुपए प्रति किमी रखा गया है। बसों का संचालन निजी ऑपरेटरों के साथ पीपीपी मॉडल पर होगा। विज्ञापन और कार्गो से अतिरिक्त आय की व्यवस्था भी है। बसों में सुरक्षा सुविधाएं और रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी। बसों में इंदौर 145, भोपाल 106, जबलपुर 67, रीवा 18, देवास 10, कटनी 3 और भिंड 2 शामिल हैं। इनमें इंटरसिटी और इंट्रासिटी दोनों सेवाएं रहेंगी।

## तथ्यों की जानकारी रखें और निगेटिव बातों का जवाब दें



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों को खास निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि तथ्यों को जानना और उन्हें सही ढंग से बताना बहुत जरूरी है। उन्होंने मंत्रियों से मुद्दों का विस्तार से अध्ययन करने और नकारात्मक बातों का जवाब देने के लिए सरकार का पक्ष रखने को कहा है। पीएम मोदी यह सुझाव दो दिनों के चिंतन शिविर के दौरान तब दिया गया, जब चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया और आईआईटी-बॉम्बे विवाद जैसे मुद्दे राजनीतिक बहस का केंद्र बन गए हैं। प्रधानमंत्री ने मंत्रियों को सलाह दी है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों और मीडिया से बातचीत के दौरान सरकार का पक्ष रखें। चिंतन शिविर के दौरान सत्र में हुई चर्चाओं की जानकारी रखने वाले एक सदस्य ने कहा कि पीएम मोदी का संदेश साफ था कि मंत्रियों को मुद्दों की पूरी जानकारी होनी चाहिए और उन्हें तथ्यों और विवरणों के साथ दूसरी बातों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। पीएम मोदी ने सभी मंत्रियों से कहा कि वे चुनौतियों की पहचान करें।

## वोट चोरी से हराए गए कमलनाथ : नकुलनाथ

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गुरुवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी। इस दौरान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए चुनावी नतीजों पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास तकनीकी विशेषज्ञों की टीम है, जो अलग-अलग चुनावों के आंकड़ों का अध्ययन कर रही थी। राहुल के इस बयान पर शुक्रवार को छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा- असंभव था कमलनाथ जी का मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 हारना। नकुलनाथ ने दावा किया कि राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह स्पष्ट किया है कि बड़े पैमाने पर कथित वोट चोरी की शुरुआत मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 से हुई। उन्होंने लिखा कि राहुल गांधी के मुताबिक उनकी तकनीकी विशेषज्ञ टीम ने चुनाव के आंकड़ों का अध्ययन किया था और उसे कुछ नतीजे संभव नहीं लग रहे थे। नकुलनाथ ने अपने पोस्ट में 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची को लेकर उठे विवाद का भी जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि उस समय चुनाव आयोग ने मध्यप्रदेश की मतदाता सूची में 24 लाख से ज्यादा प्रविष्टियां हटाई थीं। नकुलनाथ ने आरोप लगाया कि 2023 के विधानसभा चुनाव में शिकायतों के बावजूद कथित फर्जी मतदाताओं को नहीं हटाया गया। उन्होंने इसी आधार पर दावा किया कि कांग्रेस 2023 का चुनाव जीत रही थी, लेकिन कथित वोट चोरी के कारण कमलनाथ के नेतृत्व वाली सरकार नहीं बन सकी।



# एसआईआर के बाद 2.73 करोड़ 'जेन-जी' मतदाता बने

नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने जानकारी दी है कि साल 2025 में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) की शुरुआत के बाद से 18 से 28 साल के 2.73 करोड़ नए 'जेन-जी' मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ा गया है। यह आंकड़ा उन मीडिया रिपोर्टों के बीच सामने आया है, जिनमें दावा किया गया था कि वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) न होने के कारण नए युवा मतदाताओं का पंजीकरण प्रभावी रूप से रुक गया है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि मतदाता सूची को अपडेट करना एक निरंतर प्रक्रिया है। इसके तहत पात्र नागरिक किसी वार्षिक पुनरीक्षण अभियान का इंतजार किए बिना भी, मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए साल भर आवेदन कर सकते हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि 2.73 करोड़ के इस आंकड़े में 18 से 28 वर्ष के वे नागरिक शामिल हैं, जिन्होंने पहली बार मतदान का अधिकार पाया है, साथ ही वे युवा मतदाता भी शामिल हैं जो पहले से पात्र थे लेकिन बाद में उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा या अपडेट किया गया। चुनाव आयोग ने दोहराया कि अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद भी निरंतर अपडेट जारी रहता है, जिससे नए मतदाताओं को अन्य पुनरीक्षण चक्र की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं होती।

### चुनाव आयोग ने जारी किया आंकड़ा



### क्या हैं कानून और प्रावधान?

अधिकारियों ने नियमों का हवाला देते हुए बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 19 के साथ पठित धारा 14 में 2021 के संशोधन के अनुसार, कोई भी व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में नहीं है या जो 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई या 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करता है, वह किसी विशेष पुनरीक्षण का इंतजार किए बिना नियमित अपडेट के तहत मतदाता के रूप में पंजीकरण करा सकता है। निर्वाचन आयोग अधिकारी के अनुसार, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और विशेष गहन पुनरीक्षण दोनों ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(3) के तहत किए जाते हैं और वैकल्पिक हैं। इन दोनों प्रक्रियाओं को एक साथ आयोजित करने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। आरपी एक्ट की धारा 14(बी) में संशोधन के बाद यह चार पात्रता तिथियां लागू की गई थीं। इसके तहत, इन चार तिथियों में से किसी पर भी 18 वर्ष पूरे करने वाला नागरिक अग्रिम तौर पर फॉर्म 6 में आवेदन जमा कर सकता है।

# सांदीपनि विद्यालय द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित चित्रकला, भाषण तथा निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने की सहभागिता

बुढार (स्वतंत्रमत)।

सांदीपनि विद्यालय शासकीय उत्कृष्ट उ. मा. विद्यालय बुढार द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय चित्रकला, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक अपनी सहभागिता निभाई जिन्हें कार्यक्रम के मुख्यातिथि व अतिथियों ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किये।

यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरूवार को कन्या शिक्षा परिसर कटकोना में सांदीपनि विद्यालय बुढार द्वारा जैतपुर क्षेत्र के विधायक के मुख्यातिथ्य में ब्लाक स्तरीय चित्रकला, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय एवं अशासकीय विभिन्न विद्यालयों के कक्षा-6 से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और चित्रकला, भाषण तथा निबंध प्रतियोगिता प्रस्तुत कर अपनी तथा अपने विद्यालयों को गौरवान्वित किये। विद्यालयीन छात्र-छात्राओं की विद्यालय स्तर से संकुल स्तर व संकुल से ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता हुई जिसमें तीन बालक व तीन बालिकाओं का चयन भाषण, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता हेतु किया गया और ऐसे प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता निभायेंगे।



कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डी.के. निगम, प्राचार्य रेवारानी पाण्डेय, वर्षा दुबे, मण्डल संयोजक संजय मिश्रा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष दौलत मनवानी, रविकान्त चौरसिया, राकेश पाण्डेय, पुष्पेन्द्र ताम्रकार, अर्जुन सोनी, संजय पाण्डेय, नगर परिषद बकहो अध्यक्ष मौसमी केवट, विजय तिवारी (एड.), धर्मेन्द्र दुबे की विशिष्ट उपस्थिति रही। सांदीपनि विद्यालय की प्राचार्य एवं कार्यक्रम प्रभारी रेवारानी पाण्डेय ने मुख्यातिथि व अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालयीन प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिला है, जो अपने लक्ष्य में ऊंचाइयां अर्जित करें यह शुभकामना है।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि जैतपुर विधायक ने कहा कि भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा समाज के सर्वहारा के उत्थान के लिये कृत संकल्पित हैं, और उनके नेतृत्व में विकास की नित नई सौगात मिल रही है, ऐसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवासंकल्प के तहत मना रहे हैं, जो अतिगौरवपूर्ण है।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री छात्र-छात्राओं में कला-कौशल और अधिक निपुण हो तथा आत्मनिर्भर भारत निर्माण में युवाओं की महती भूमिंका हो को साकार कर रहे हैं, जिससे स्वच्छ भारत, समर्थ भारत का भी निर्माण होगा। विद्यालयीन प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री के सपनों के अनुरूप प्रतियोगिता में प्रशंसनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है जो स्वागत योग्य है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश त्रिपाठी ने किया तथा कार्यक्रम में शिक्षक हरेराम सिंह, सीताराम मिश्रा, सुशील मिश्रा, रविन्द्र शर्मा, दीपक नामदेव, विक्रम प्रजापति की भरपूर सहभागिता रही। चित्रकला, भाषण तथा निबंध प्रतियोगिता में डॉ. प्रगति त्रिपाठी, ज्योति सिंह, नाजिमा बेगम, नरेश भट्ट, अमित तिवारी, अनिरूद्ध पाण्डेय, सुधाकर शर्मा, शोभना श्रीवास्तव, स्मृति जायसवाल ने निर्णायक की सराहनीय भूमिका निभाई।

# जिले के सोहागपुर वार्ड बना धर्मनगरी, जगह-जगह भव्यता के साथ विराजमान हुए भगवान श्री गणेश

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

नगर का सोहागपुर वार्ड इन दिनों धार्मिक आस्था और भक्ति के रंग में रंगा हुआ है। गणेश उत्सव के अवसर पर वार्ड के विभिन्न स्थानों पर भगवान श्री गणेश जी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। जगह-जगह आकर्षक सजावट और धार्मिक आयोजन के चलते क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।



गणेश उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय समितियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री गणेश जी की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की जा रही है। गणेशोत्सव के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक एकता, श्रद्धा और सामुदायिक सहभागिता का परिचय देखने को मिल रहा है।

**52 वर्षों से लगातार विराजमान हो रहे भगवान श्री गणेश जी**-सोहागपुर वार्ड में गणेश उत्सव की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। जानकारी के अनुसार, पिछले 52 वर्षों से लगातार भगवान श्री गणेश जी की स्थापना की जा रही है। वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा ने क्षेत्र के लोगों की आस्था को और मजबूत किया है।

गणेश उत्सव स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक आयोजन के साथ-साथ सांस्कृतिक परंपरा का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। सिविल लाइन में प्रयागराज के लेटे हनुमान जी की तर्ज पर गणेश प्रतिमा स्थापित सोहागपुर वार्ड के सिविल लाइन क्षेत्र में गणेश उत्सव समिति द्वारा अनूठे स्वरूप में भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। समिति ने प्रयागराज के प्रसिद्ध लेटे हनुमान जी की तर्ज पर भगवान श्री गणेश जी को विराजमान किया है। प्रतिमा का यह स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गणेश उत्सव समिति द्वारा धार्मिक भावना और श्रद्धा के साथ आयोजन किया जा रहा है।

क्षेत्र में स्थापित भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं तथा उत्सव में सहभागिता कर रहे हैं। सोहागपुर वार्ड में गणेश उत्सव के चलते धार्मिक वातावरण बना हुआ है। विभिन्न स्थानों पर स्थापित प्रतिमाएं और समितियों द्वारा किए जा रहे आयोजन क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को दर्शा रहे हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में गूंजा वंदे मातरम् 500 छात्र-छात्राओं ने किया सामूहिक गायन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के तत्वावधान में देशभर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में 'नमामि भारतम्' (वंदे मातरम् सामूहिक गायन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सरस्वती शिशु मंदिर पाण्डवनगर के श्री गुरुजी सभागार में सुबह 11 बजे कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की अग्रणी बहनों एवं सभागार में उपस्थित लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। सामूहिक गायन के माध्यम से विद्यार्थियों ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पं. शंभूनाथ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं शिक्षाविद् मुकेश तिवारी उपस्थित रहे। इसके अलावा संभाग के संयुक्त आयुक्त विकास मुन्द्रिका सिंह, सरस्वती शिशु मंदिर शहडोल की अध्यक्ष भारती गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता महेन्द्र सराफ, राजनीतिक समाजसेवी योगेन्द्र प्रकाश चतुर्वेदी, पूर्व व्यवस्थापक संतोष लोहानी, व्यवस्थापक विष्णुकान्त मिश्रा, समिति सदस्य गौतम राज एवं सौरभ गोले सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार द्विवेदी, विद्यालय परिवार के आचार्य एवं दीदीयों के साथ समस्त भैया-बहनों ने सहभागिता की। सामूहिक वंदे मातरम् गायन के आयोजन ने विद्यालय परिसर में देशभक्ति एवं राष्ट्रभावना का वातावरण निर्मित किया।




# गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजा शहर धूमधाम से हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** गणेश उत्सव के समापन अवसर पर जिले में शहर से लेकर गांवों तक गणेश प्रतिमाओं का श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ विसर्जन किया गया। सुबह से ही विभिन्न स्थानों पर स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं को श्रद्धालु गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ विसर्जन स्थल तक लेकर पहुंचे। इस दौरान 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। शहर के विभिन्न मोहल्लों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करते हुए भगवान गणेश को विदाई दी, वहीं महिलाओं और बुजुर्गों ने पूजा-अर्चना एवं आरती कर मंगलकामनाओं के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी। गणेश विसर्जन को लेकर बच्चों में भी विशेष उत्साह और उल्लास देखने को मिला। बच्चे अपने परिवार के साथ विसर्जन यात्रा में शामिल हुए और पूरे उत्साह के साथ गणपति बप्पा के जयकारे लगाते नजर आए। कई स्थानों पर बच्चों ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर विसर्जन यात्रा में भाग लिया। विसर्जन स्थल तक पहुंचने के दौरान पूरे रास्ते भक्तिमय माहौल बना रहा। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर प्रशासन द्वारा भी व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। निर्धारित विसर्जन स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। प्रशासन एवं पुलिस की टीमों द्वारा व्यवस्थाओं की निगरानी की गई तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक इंतजाम किए गए।



विसर्जन स्थल पर भीड़ को नियंत्रित करने, आवागमन सुचारू बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन एवं पुलिस बल की मौजूदगी रही। श्रद्धालुओं से निर्धारित स्थान पर ही प्रतिमाओं का विसर्जन करने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई।

शहडोल नगर के अलावा जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में भी गणेश प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। घरों, मोहल्लों और सार्वजनिक पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं को श्रद्धालु फूल-मालाओं से सजाकर विसर्जन के लिए लेकर पहुंचे। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से विसर्जन यात्राएं निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। विसर्जन से पहले श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी और सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं परिवार की मंगलकामना की। इसके बाद भावपूर्ण माहौल में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दस दिवसीय गणेश उत्सव के समापन पर शहर और गांवों में भक्ति एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की गूंज, गणपति बप्पा के जयकारों और श्रद्धालुओं की आस्था के बीच गणेश प्रतिमाओं को भावपूर्ण विदाई दी गई। प्रशासन द्वारा विसर्जन स्थलों पर की गई व्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालुओं ने भी शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण तरीके से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया।



## मानपुर में जगह-जगह पूजन हवन और भण्डारे के बाद किया गया गणेश विसर्जन

**मानपुर (स्वतंत्रमत)** - पिछले वर्षों के अनुसार इस वर्ष भी जगह - जगह मां गौरी नंदन श्री गणेश जी का उत्सव कार्यक्रम बड़े ही उल्लाश के सांथ मनाया गया है। श्री गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश जी के दिव्य रूपी मूर्ती के स्थापना कर के आनंद चौदस तक वैदिक मंत्रों युक्त शोड्शपचार विधि से पूजन करवाया गया है, जहां प्रत्येक दिन मंगल गीत भजन आरती से पूरा क्षेत्र आस्था में लीन था, वहीं त्रोदस अथवा चतुरदस को भब्य विसाल भंडारा करवाकर हवन करवाकर मूर्ती का विसर्जन करवाया गया। कन्या पूजन और ब्राह्मण भोजन के बाद सब को यथा शक्ति वस्त्र व दक्षिणा देकर स्वयं और जगत के लिये आशीर्वाद प्राप्तकर आनंद चौदस को पूजन आर्ती के बाद भगवान श्री गणेश जी के मूर्ती का परिक्रमा के बाद जल प्रवाह करवाया गया है द्य इस महां उत्सव में क्षेत्र के सभी उम्र और वर्ग के श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिये। श्री गणेश उत्सव कार्यक्रम मानपुर के नगर परिषद कार्यालय विगत कई वर्षों से मनाया जा रहा है, जहां तकरीबन 11 दिन तक विघनहर्ता श्री गणेश जी का पूजन, हवन, आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम बड़े ही उमंग भाव पूर्ण हुआ, जहां कन्या पूदन ब्राह्मण भोजन, वरिष्ट सम्मान, के सांथ विसाल भंडारा - प्रसाद वितरण किया गया।

# सीडब्ल्यूएसएन दिव्यांग छात्रावास में सेवा, सम्मान, स्वास्थ्य परीक्षण एवं वृक्षारोपण के साथ मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

शुक्रवार 25 सितंबर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन उमरिया द्वारा एक अभिनव एवं सेवाभावी पहल करते हुए लालपुर स्थित दिव्यांग छात्रावास, उमरिया में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में फार्मासिस्टों ने अपने पेशेवर दायित्व के साथ सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. संदीप सिंह आरएमओ जिला चिकित्सालय उमरिया एवं अध्यक्ष सेवा भारती उमरिया, विशिष्ट अतिथि डॉ. मुकुल तिवारी सिकल सेल इंचार्ज उमरिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिलेश त्रिपाठी प्रदेश महासचिव एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन, विशेष अतिथि कमलेश पांडेय एपीसी शिक्षा विभाग उमरिया, अनुराग तिवारी संभाग सचिव एमपीपीए, प्रिंस छांगवानी जिला अध्यक्ष उमरिया सहित जिलेभर से आए फार्मासिस्ट एवं छात्रावास के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात एमपीपीए उमरिया की ओर से सभी अतिथियों का फलदार पौधा, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट दिवस को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सेवा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव श्री अखिलेश त्रिपाठी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। फार्मासिस्ट का दायित्व केवल दवा उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि दवा की गुणवत्ता, सुरक्षित उपयोग, सही खुराक, दवा संबंधी जानकारी और मरीजों के हितों की रक्षा करना भी उसकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास के दिव्यांग छात्र-छात्राओं को पाठ्य-पुस्तक एवं अध्ययन सामग्री के साथ फल वितरित किए गए। इस दौरान फार्मासिस्टों एवं अतिथियों ने बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।' इसके पश्चात उपस्थित छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य स्थिति का जायजा लिया गया तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी एवं सुझाव दिए गए।



## बारिश के बीच भक्तिभाव से हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** गणेश उत्सव के समापन अवसर पर रिमझिम बारिश के बीच श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव और उत्साह के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। नगर के नए बस स्टैंड से गणेश प्रतिमाओं के साथ चल समारोह निकाला गया। इससे पूर्व समिति सदस्यों एवं श्रद्धालुओं द्वारा गणेश प्रतिमाओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। चल समारोह नए बस स्टैंड से प्रारंभ होकर अस्पताल तिराहा, जय स्तंभ चौक एवं गांधी चौक से होते हुए खलेसर घाट पहुंचा। इस दौरान श्रद्धालु गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ भगवान श्री गणेश का जयघोष करते हुए आगे बढ़े। खलेसर घाट पर प्रशासन द्वारा बनाए गए अस्थाई कुंड में गणेश प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। विर्सजन के दौरान आयोजन समिति व्दारा प्रतिमाओ को बारिश से बचाने के लिए तिरपाल की व्यवस्था की गई थी। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल तैनात रहा।

# डॉ. स्वराज पाल का सहायक प्राध्यापक पद पर चयन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - शासकीय आदर्श महाविद्यालय में विगत 4 वर्षों से अतिथि विद्वान-समाजशास्त्र के रूप में कार्यरत रहे डॉ स्वराज पाल सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2024 में चयनित हुए। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित अंतिम चयन सूची में डॉ स्वराज पाल का नाम आते ही महाविद्यालय में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ। डॉ स्वराज मूलत: इंदौर के रहनेवाले हैं एवं वर्तमान सत्र 2026 से शासकीय आदर्श महाविद्यालय जफरखेड़ी विदिशा में स्थानांतरण फलस्वरुप अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आपने नेट-जेआरएफ पास करने के साथ ही 2022 में पीएचड़ी भी प्राप्त की है।



डॉ. स्वराज पाल के सहायक प्राध्यापक के रूप में चयन के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नियाज अहमद अन्सारी, डॉ राजीव तिवारी, डॉ परमेश्वर सिंह मरावी, डॉ विजय डाबर, श्रीमती निशीकर्ण, प्रो. शिवकुमार हल दकार, डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ हरेंद्र कुमार, सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राओं द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की जा रहीं है। डॉ पाल ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, प्राचार्य डॉ. अन् सारी एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों के मार्गदर्शन, महाविद्यालय के शैक्षणिक अध्ययन-अध्यापन के आदर्श माहौल एवं शुभचिंतकों-दोस्तों की शुभकामनाए को देते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल् लेखनीय है प्राचार्य डॉ. अन्सारी के प्रेरक मार्गदर्शन में उमरिया जिला ही नहीं, बल्कि प्रदेशभर के अनेक प्रतियोगी विभिन् न सेवाओं में चयनित हो चुके हैं। हाल ही में राखी गुप्ता और राबिस् ता शाहीन का भी क्रमश: राजनीति विज्ञान एवं कामर्स में महा.श् प्राध्यापक के रूप में चयन हुआ है।

## राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता का शुभारंभ अब आज

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में 14 वर्ष आयु के बालकों की राज्य स्तरीय हैंड बॉल प्रतियोगिता स्टेडियम में आयोजित होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 सितंबर को सुबह 10 बजे किया जाएगा।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद शहडोल, जिला शहडोल (म.प्र.)**

**Office of the Municipal Council Shahdol, Distt. Shahdol (M.P.)**

क्रमांक / न.पा.श. 4014 शहडोल, दिनांक 25 / 09 / 2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा केन्द्रीय पंजीयन पद्धति से पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण अनुसार ऑनलाईन पद्धति से आयटम दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एन. आई. टी. नम्बर | ई-टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की समयसीमा | पोर्टल पर निविदा देखने एवं सबमिट करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 941 | 2026_UAD_538494_1 | Construction of CC Drain near House of Sanjay ward No 22 Shahdol as per NIT and Estimate | 1.83 | 3700 | 1000 | Registered Contractors and fims AS PER NIT | 90 days | 25.09.2026 से 09.10.2026 समय 5.30 PM तक |
| 939 | 2026_UAD_538510_1 | Construction of CC Drain near House of chauhan to house of jawed ward no 22 shahdol as per nit and estimate | 2.45 | 2500 | 2000 | Registered Contractors and fims AS PER NIT | 90 days | 25.09.2026 से 09.10.2026 समय 5.30 PM तक |
| 940 | 2026_UAD_538515_1 | Construction of CC Drain near House of Kiran khare ward no 21 Shahdol as per NIT and Estimate | 1.75 | 3500 | 1000 | Registered Contractors and fims AS PER NIT | 90 days | 25.09.2026 से 09.10.2026 समय 5.30 PM तक |
| 949 | 2026_UAD_538610_1 | Construction of CC Drain near House of shivshankar panday to house of shailesh gupta ward 23 Shahdol as per NIT and Estimate | 4.19 | 4200 | 2000 | Registered Contractors and fims AS PER NIT | 90 days | 25.09.2026 से 09.10.2026 समय 5.30 PM तक |

1. इच्छुक ठेकेदार ऑनलाईन निविदा http:/mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी प्रकार का एन.आई.टी. से संबंधित शुद्धीपत्र केवल वेबसाईट में प्रसारित किया जावेगा समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा। बाकी निविदा संबंधी समस्त विवरण एवं शर्तें ऑनलाईन देखी जा सकती है।

(आशा जितेन्द्र भण्डारी)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद शहडोल

# गणेश विसर्जनः पर्यावरण और जलस्रोतों की सुरक्षा का भी रखें ध्यान



गणेश चतुर्थी भारत के प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक त्योहारों में से एक है। यह भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भगवान गणेश को बुद्धि, ज्ञान, सुख, समृद्धि और शुभता का देवता माना जाता है। इस अवसर पर घरों और सार्वजनिक स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। कई दिनों तक पूजा-अर्चना और विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। त्योहार के अंतिम दिन गणेश विसर्जन किया जाता है।

### श्रद्धा और उत्साह का पर्व

गणेश विसर्जन भगवान गणेश को श्रद्धापूर्वक विदाई देने की परंपरा है। इस दिन श्रद्धालु गणेशजी की प्रतिमा के साथ जुलूस निकालते हैं। ढोल-नगाड़े बजाए जाते हैं, भजन गाए जाते हैं और गणपति बप्पा के जयकारे लगाए जाते हैं। वातावरण भक्ति और उत्साह से भर जाता है। श्रद्धालु परिवार और समाज के सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना करते हैं।

### परिवर्तन को स्वीकार करने की सीख

गणेश विसर्जन हमें जीवन में होने वाले परिवर्तन को स्वीकार करने का संदेश भी देता है। जिस प्रकार भगवान गणेश की प्रतिमा को कुछ दिनों के लिए घर लाकर श्रद्धा के साथ विदाई दी जाती है, उसी प्रकार जीवन में हर चीज स्थायी नहीं होती। यह परंपरा हमें परिस्थितियों को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

### पर्यावरण की रक्षा जरूरी

विसर्जन के दौरान पर्यावरण की सुरक्षा का ध्यान रखना भी जरूरी है। प्लास्टर ऑफपेरिस से बनी प्रतिमाएं, रासायनिक रंग, प्लास्टिक की सजावट अन्य सामग्री जलस्रोतों को प्रदूषित कर सकती हैं। इससे जल में रहने वाले जीव-जंतुओं और पौधों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### पर्यावरण अनुकूल विसर्जन अपनाएं

पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं का उपयोग किया जा सकता है। प्राकृतिक और पानी में आसानी से घुलने वाले रंगों का प्रयोग करना चाहिए। कई स्थानों पर कृत्रिम विसर्जन कुंड बनाए जाते हैं, जहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। इससे नदियों, तालाबों और अन्य जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलती है।

### विद्यार्थियों की भी जिम्मेदारी

विद्यार्थी गणेश उत्सव के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में भूमिका निभा सकते हैं। त्योहार तभी सार्थक है, जब आस्था के साथ प्रकृति की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए।

माही पांडेय

शिक्षक, आदर्श हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी, गोविंदगंज, जबलपुर।



# पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र

पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी और सच्ची मित्र होती हैं। वे बिना किसी स्वार्थ के हमें ज्ञान, अनुभव और प्रेरणा देती हैं। जिस तरह एक अच्छा मित्र हमें सही मार्ग दिखाता है, उसी तरह अच्छी पुस्तकें भी जीवन में सही दिशा देने का काम करती हैं। पुस्तकें हमारे व्यक्तित्व का विकास करती हैं और हमें बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देती हैं। पुस्तकों का महत्व प्राचीन काल से ही रहा है। हमारे देश के महान विद्वानों, संतों और वैज्ञानिकों ने अपने ज्ञान को पुस्तकों के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया। आज भी हम इतिहास, विज्ञान, साहित्य, कला और संस्कृति का ज्ञान पुस्तकों से प्राप्त करते हैं। पुस्तकें ज्ञान का भंडार हैं। वे हमारी सोच को व्यापक बनाती हैं और नई-नई बातें सीखने का अवसर देती हैं।

### विद्यार्थियों के लिए विशेष महत्व

विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। पाठ्यपुस्तकों से वे विभिन्न विषयों का अध्ययन करते हैं, जबकि कहानी, जीवनी और सामान्य ज्ञान की पुस्तकें उनके व्यक्तित्व का विकास करती हैं। पुस्तकें पढ़ने से भाषा में सुधार होता है, शब्दावली बढ़ती है तथा लिखने और बोलने की क्षमता बेहतर होती है। नियमित अध्ययन से एकाग्रता और आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

### डिजिटल युग में भी उपयोगी

आज मोबाइल और इंटरनेट से जानकारी प्राप्त करना आसान हो गया है, फिर भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है। पुस्तकें हमें धैर्यपूर्वक पढ़ने, गहराई से सोचने और विषय को समझने की आदत डालती हैं। वे कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता को भी बढ़ाती हैं।

### अच्छी पुस्तकों का चयन

हमें ऐसी पुस्तकें पढ़नी चाहिए जो ईमानदारी, अनुशासन, परिश्रम, नैतिक मूल्यों और मानवता की शिक्षा दें। महान व्यक्तियों की जीवनियां कठिन परिस्थितियों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। विद्यार्थियों को प्रतिदिन कुछ समय पुस्तक पढ़ने के लिए जरूर निकालना चाहिए और विद्यालय तथा पुस्तकालय की पुस्तकों का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए।



दीपशिखा गुप्ता

शिक्षक, आदर्श हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी, गोविंदगंज, जबलपुर।

# डांट से नहीं, संवाद से सिखाएं बच्चों को अनुशासन

अनुशासन बच्चे के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। इसका अर्थ केवल नियमों का पालन करना, समय पर उठना, पढ़ाई करना या बड़ों की बात मानना नहीं है। वास्तविक अनुशासन वह है, जिसमें बच्चा सही और गलत के बीच अंतर समझकर स्वयं उचित व्यवहार करना सीखता है। इसलिए बच्चों में अनुशासन विकसित करने के लिए डर, सजा और दबाव की अपेक्षा प्रेम, संवाद और समझ अधिक प्रभावी साधन हैं।



### डर से नहीं, जिम्मेदारी से सीखें

कई बार माता-पिता और शिक्षक बच्चों को अनुशासित करने के लिए डांट या सजा का सहारा लेते हैं। इससे बच्चा तत्काल गलती रोक सकता है, लेकिन वह यह नहीं समझ पाता कि उसका व्यवहार गलत क्यों था। उदाहरण के लिए, कमरे को अस्त-व्यस्त छोड़ने पर केवल डांटने के बजाय बच्चे को समझाया जाए कि अपनी वस्तुओं को व्यवस्थित रखना उसकी जिम्मेदारी है। इससे उसमें धीरे-धीरे जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी।

### बच्चे बड़ों से सीखते हैं

बच्चे केवल कही गई बातों से नहीं, बल्कि बड़ों के व्यवहार को देखकर भी सीखते हैं। यदि माता-पिता समय का पालन करते हैं, दूसरों का सम्मान करते हैं और अपनी गलतियों को स्वीकार करते हैं, तो बच्चे भी इन आदतों को अपनाने की कोशिश करते हैं। इसलिए अनुशासन सिखाने की शुरुआत घर के बड़ों से ही होनी चाहिए।

### स्पष्ट और सरल नियम बनाएं

परिवार में कुछ आसान और स्पष्ट नियम बनाए जा सकते हैं। जैसे सुबह उठने, पढ़ाई करने, खेलने और रात में मोबाइल बंद करने का निश्चित समय। यदि बच्चा पढ़ाई के समय मोबाइल मांगता है, तो नियम बनाया जा सकता है कि पहले गृहकार्य पूरा होगा और उसके बाद सीमित समय तक मनोरंजन किया जा सकेगा। इससे बच्चा प्राथमिकता और जिम्मेदारी समझता है।

### गलती पर पहले सुनें

बच्चे के व्यवहार में अचानक बदलाव आए तो तुरंत डांटने के बजाय उसकी बात सुनना जरूरी है। स्कूल से आने के बाद बच्चा चिड़चिड़ा है तो माता-पिता पूछ सकते हैंकि आज स्कूल में कुछ ऐसा हुआ जिससे तुम्हें बुरा लगा? इससे बच्चा अपनी परेशानी साझा कर सकता है और समस्या का समाधान बातचीत से किया जा सकता है।

### प्रशंसा और सुधार दोनों जरूरी

अच्छे व्यवहार की प्रशंसा भी अनुशासन सिखाने का प्रभावी तरीका है। समय पर गृहकार्य पूरा करने या अपना सामान व्यवस्थित रखने पर बच्चे से कहा जा सकता हैकृतुमने आज अपना काम खुद किया, यह अच्छी जिम्मेदारी है। वहीं गलती होने पर उसे सुधारने का अवसर देना चाहिए।

अंततः अनुशासन का उद्देश्य बच्चे को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि आत्मनियंत्रित बनाना है। डर से बच्चा कुछ समय के लिए नियम मान सकता है, लेकिन समझ और विश्वास से वह जीवनभर सही निर्णय लेना सीखता है।



माधुरी शुक्ला

प्राचार्य, बीएमडी हितकारिणी कन्या उ.मा. शाला, दीक्षितपुरा, जबलपुर

# घर की जान होती हैं बेटी

दो नन्हे कदमों से वह घर में आती है। कभी पापा की परी कहलाती है तो कभी मां की लाडली। कभी अपनी पायल की खनक से घर-आंगन को सजाती है तो कभी अपनी मीठी मुस्कान से पूरे परिवार का मन जीत लेती है। तभी तो बेटी को घर की जान कहा जाता है। नन्हे कदमों से घर में आती है, अपने स्नेह और मुस्कान से पूरे परिवार को जोड़ देती है।




मां की डांट और पिता का साथ, दादी से जिद और दादा का प्यार ृइन सभी रिश्तों के बीच बेटी अपने लिए एक खास जगह बना लेती है। उसकी छोटी-छोटी शरारतें घर में हंसी और खुशियां भर देती हैं। वह कभी तितली सी चंचल होती है तो कभी जल की तरह शांत। हर परिस्थिति का सामना करने का साहस भी उसमें दिखाई देता है।

बेटी कभी पिता के सपनों को पूरा करने के लिए पूरे मन से मेहनत करती है तो कभी मां का रसोई में हाथ बंटाती है। पढ़ाई हो या खेल, घर की जिम्मेदारी हो या अपने भविष्य का सपना वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की कोशिश करती है। उसकी सफलता पूरे परिवार के लिए गर्व का कारण बनती है।

समय के साथ बेटी बड़ी होती है। एक दिन वह अपने बचपन के घर-आंगन को छोड़कर किसी दूसरे परिवार को अपना घर बनाने जाती है। यह पल माता-पिता के लिए भावुक करने वाला होता है। जिस बेटी ने वर्षों तक घर को अपनी हंसी, प्यार और चहल-पहल से भरा, वही एक दिन दो परिवारों के बीच रिश्तों की कड़ी बन जाती है।

बेटी केवल एक परिवार की सदस्य नहीं, बल्कि प्रेम, ममता, जिम्मेदारी और संवेदनाओं का सुंदर संगम है। आज बेटियां शिक्षा, खेल, विज्ञान, प्रशासन, सेना, कला और व्यवसाय सहित हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्हें अवसर और विश्वास मिले तो वे अपने सपनों को पूरा करने के साथ परिवार और समाज का नाम भी रोशन कर सकती हैं।

बेटी घर की खुशी है, परिवार का गर्व है और समाज के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है।



पूजा तिवारी

शिक्षक, हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी, गोरखपुर, जबलपुर।

# शौक को कौशल और कौशल को करियर बनाएं

**हर विद्यार्थी की अपनी अलग रुचि और प्रतिभा होती है। किसी को चित्र बनाना पसंद है, कोई कहानी लिखना चाहता है, किसी की रुचि संगीत में होती है तो कोई कम्प्यूटर, खेल या नई चीजें बनाने में रुचि रखता है। अक्सर इन रुचियों को केवल शौक मानकर छोड़ दिया जाता है, जबकि सही मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास से यही शौक भविष्य के करियर का आधार बन सकता है।**




### शौक को पहचानना जरूरी

करियर की शुरुआत खुद को पहचानने से होती है। विद्यार्थी यह समझें कि उन्हें कौन-सा काम करने में खुशी मिलती है और किस काम को वे बिना दबाव के लंबे समय तक कर सकते हैं। अपनी रुचियों की सूची बनाकर उनमें से उन क्षेत्रों को पहचानें, जिनमें सीखने की इच्छा लगातार बनी रहती है।

### अभ्यास से शौक बनता है कौशल


केवल रुचि होना पर्याप्त नहीं है। किसी क्षेत्र में बेहतर बनने के लिए लगातार अभ्यास और सीखना जरूरी है। यदि किसी विद्यार्थी को चित्रकला पसंद है तो वह नियमित चित्र बनाए, रंगों और तकनीकों को समझे। लेखन में रुचि है तो रोज कुछ लिखने और अच्छी किताबें पढ़ने की आदत डाले। इसी तरह संगीत, खेल, कोडिंग, फोटोग्राफी या बोलने की कला में प्रशिक्षण और अभ्यास से दक्षता बढ़ाई जा सकती है।

### कौशल को दें सही दिशा


जब किसी क्षेत्र में अच्छी पकड़ बनने लगे तो उससे जुड़े करियर विकल्पों की जानकारी लेनी चाहिए। चित्रकला में रुचि रखने वाला विद्यार्थी ग्राफिक डिजाइन, चित्रांकन या कला शिक्षा जैसे क्षेत्रों को समझ सकता है। लेखन की रुचि पत्रकारिता, सामग्री लेखन और प्रकाशन से जुड़ सकती है। कम्प्यूटर में रुचि रखने वाला विद्यार्थी प्रोग्रामिंग, वेब विकास या अन्य तकनीकी क्षेत्रों की ओर बढ़ सकता है।

### पढ़ाई के साथ करें शुरुआत

विद्यार्थियों को स्कूल स्तर पर ही अपनी रुचि से जुड़े छोटे-छोटे प्रयोग करने चाहिए। प्रतियोगिताओं, परियोजनाओं, कार्यशालाओं और विद्यालय की गतिविधियों में भाग लेना उपयोगी हो सकता है। इससे प्रतिभा को मंच मिलता है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। हर शौक सीधे नौकरी में नहीं बदलता, लेकिन वह विद्यार्थी की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और कौशल को मजबूत कर सकता है। इसलिए अपनी रुचि को पहचानें, उसे समय दें और सीखते रहें। सही योजना और मेहनत से आज का छोटा-सा शौक कल की पहचान बन सकता है।




## शब्द पहेली - 8986



**बाएँ से दाएँ**

1. आस्तिक, अनुगामी, पूजक-2
2. रख-रखाव-2,3
6. देह, बदन-2
7. कारण-3
8. तपस्या-2
9. बंदूकधारी (अंग्रेजी-3)
11. पति की बहन-3
12. प्रतिज्ञा, वचन-3
14. पिता, डैडी-2
16. मन मोहने वाला-5
18. आनंदित-2
19. लवण, खार-3
21. बख्तरबंद, आवरण-3
23. पासों से भविष्य जानना-3
25. आमिर व काजोल की फिल्म-2
27. मुलायम, कोमल-3
28. उस समय-2
29. भ्रमण, घूमना-3,
30. कोलाहल-2

**ऊपर से नीचे**

1. खतरनाक-4
2. सनम, बालम-3
3. रहने का तरीका-3,3
4. चावल-2
5. बिजली का कौंधना-5
6. कौवा, काग-2
10. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13. मन को भाने वाला-5
15. सहयात्री-5
17. कटि-3
20. निम्न, न्यूनतम-4
22. उत्कर्ष-3
24. अधर, होठ-2
26. संबोधन-2

**शब्द पहेली - 8985 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क | वि | ता | | क | या | स | |
| भ | ला | | क | | री | | ही | न |
| र | | म | त | ल | ब | | | ह |
| म | द | द | | क्ष | | फि | तू | र |
| | | भ | क्त | | शी | त | | |
| से | हा | रा | | यं | | र | ज | त |
| ह | | | ज | हा | ल | त | | मी |
| त | ल | | मा | | की | | आ | ज |
| | ब | हा | व | | र | वा | ना | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ... नम आंखों से दी गई विघ्नहर्ता को विदाई







सतना (स्वतंत्र मत)

पूरे नौ दिन तक जिस बप्पा की पूजा-अर्चना में पूरा शहर डूबा रहा आज दसवें दिन अनंत चतुर्दशी पर नम आंखों से उन्हें विदाई दी गई। सुबह से ही शहर में गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष गूंजने लगे। ढोल-नगाड़े, डीजे और गुलाल के साथ भक्तों ने अपने विघ्नहर्ता को विसर्जन के लिए विदा किया।

पिछले 9 दिनों से जिले भर में गणेश उत्सव की धूम थी। घर-घर गली-मोहल्ले और चौराहों पर स्थापित पंडालों में रोज सुबह-शाम आरती भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन हो रहा था। पूरा शहर भक्ति के रंग में रंगा हुआ था। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा था।

आज विसर्जन के दिन सुबह से ही विसर्जन स्थलों पर प्रशासन की चहल-पहल बढ़ गई थी। मुख्य विसर्जन माधवगढ़ नदी तट पर किया गया जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया था। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, पिकअप और कंधों पर गणेश प्रतिमाओं को लेकर भक्त नाचते-गाते तट पर पहुंचे। प्रशासन द्वारा यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। फ्लोटिंग बैरियर, एसडीआरएफ की टीम, मोटर बोट और क्रेन की व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से विसर्जन संपन्न हुआ।

इसी तरह महादेव स्थित नदी ट्रांसपोर्ट नगर तालाब सहित जिले के अन्य छोटे-बड़े विसर्जन कुंडों में भी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से ट्रांसपोर्ट नगर तालाब में विसर्जन की अपील की थी, जिसका कई समितियों ने पालन भी किया।विसर्जन के दौरान का दृश्य बेहद भावुक करने वाला था। नौ दिन तक जिन बप्पा को लोग अपने घर का सदस्य मानकर सेवा कर रहे थे। उन्हें जल में विसर्जित करते हुए कई लोगों की आंखें नम हो गईं। महिलाओं ने बप्पा की आरती उतारी, तो युवाओं ने जमकर नृत्य किया।

पुलिस और प्रशासन की टीम पूरे दिन विसर्जन स्थलों पर मुस्तैद रही। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। अधिकारियों के अनुसार जिले भर में विसर्जन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। विसर्जन के साथ ही अब 10 दिवसीय गणेश उत्सव का समापन हो गया है। हालांकि बप्पा के जाने से पूरे जिले में एक सूनापन सा छा गया है, लेकिन सभी भक्तों के मन में यही कामना है कि विघ्नहर्ता अगले बरस फिर से जल्दी आएं और सबके जीवन में सुख-समृद्धि लाएं।

### विशंभर भवन में आखिरी दिन हुई आरती

शहर के पन्ना नाका स्थित विशंभर भवन में भगवान श्री गणेश के पर्व पर आखिरी दिन आरती का आयोजन रहा यह आरती लगातार 9 दिनों से चल रही थी इस आरती में शामिल होने के लिए सतना के राजनीतिक नेता एवं समाजसेवी तथा पत्रकार भी शामिल हो रहे थे। गुरुवार को आरती में शामिल होने वाले भाजपा के जिला अध्यक्ष भगवती पांडे साहिल कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष हेमलता सिंह चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा मनीष तिवारी सौभाग्य केसरी आनंद मिश्रा पृथ्वी एलानी रवि बसंतानी मनोहर बध्वानी मनोज अरोड़ा गीतेश्वर सिंह संगीता चौरसिया दैनिक भास्कर के डायरेक्टर अजय अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## एचटी बकायेदारों पर बिजली कंपनी का बड़ा एक्शन

**सतना** (स्वतंत्र मत)। जिले में बिजली लेकर उत्पादन और कारोबार करने के बाद लाखों रुपए का बिल दबाकर बैठने वाले उद्योगों और बड़े उपभोक्ताओं पर अब पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बकाया वसूली को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सतना ह्न×रूडिवीजन में बड़े स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को सतना शहर के चर्चित अभय सी एन जी प्लांट की बिजली काट दी गई। कंपनी अधिकारियों के अनुसार अभय ष्ट्हद्व पर पिछले कई महीनों से बिजली बिल बकाया चल रहा था, जो बढ़ते-बढ़ते करीब 22 लाख रुपए तक पहुंच गया था। विभाग द्वारा कई बार नोटिस और मौखिक चेतावनी देने के बावजूद उपभोक्ता द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की जा रही थी। अंततः पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अभय का एच टी कनेक्शन काट दिया और प्लांट को पूरी तरह पावरलेस कर दिया। कार्रवाई के दौरान डिवीजन के अधिकारी और तकनीकी कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।विभागीय सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई केवल एक प्लांट तक सीमित नहीं है। जिले में ऐसे लगभग 20 एच टी कारखाने और बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान चिन्हित किए गए हैं, जिन पर लाखों रुपए का बिजली बिल बकाया है। इन सभी के कनेक्शन काटकर उन्हें पावरलेस किया गया है। कंपनी का कहना है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। गौरतलब है कि एच टी उपभोक्ताओं को सामान्य घरेलू उपभोक्ताओं की तुलना में अधिक यूनिट और अधिक लोड पर बिजली दी जाती है, जिससे उन पर बिल की राशि भी अधिक बनती है। समय पर बिल न भरने से विभाग को राजस्व का भारी नुकसान होता है। इसी को देखते हुए कंपनी प्रबंधन ने सख्त निर्देश दिए हैं कि 5 लाख से अधिक बकाया वाले किसी भी एच टी उपभोक्ता को बख्शा नहीं जाएगा। इधर चर्चा है कि अभय ष्ट्हद्व प्लांट कथित समाजसेवी और करोड़पति कारोबारी गुलाब शुक्ला से जुड़ा हुआ है। ऐसे में 22 लाख रुपए जैसे बड़े बकाए के बाद भी बिल जमा न करना कई सवाल खड़े कर रहा है। शहर में यह भी चर्चा है कि एक ओर आम उपभोक्ता का हजार-दो हजार बिल बकाया होने पर कनेक्शन काट दिया जाता है वहीं बड़े रसूखदारों पर लाखों बकाया होने के बाद कार्रवाई होती है।बहरहाल बिजली कंपनी की इस कार्रवाई के बाद जिले के अन्य बड़े बकायेदारों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग ने सभी बकायेदारों से अपील की है कि वे समय पर अपना बकाया बिल जमा करें, अन्यथा बिना किसी भेदभाव के उनके कनेक्शन भी काट दिए जाएंगे।

## गर्भवती महिला ने सिटी कोतवाली पुलिस पर लगाया अभद्रता का आरोप, एसपी से शिकायत

**सतना** (स्वतंत्र मत)। सिटी कोतवाली थाना पुलिस पर एक 9 माह की गर्भवती महिला ने गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने पुलिस अधीक्षक सतना को शिकायती आवेदन देकर पुलिस पर बिना लेडीज कांस्टेबल के रात में घर में घुसकर तलाशी लेने दरवाजा तोड़ने और डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। प्रार्थिया दुर्गा चौधरी पति अनिल चौधरी निवासी ग्राम तिघरा पाठा सिटी कोतवाली ने अपने आवेदन में बताया है कि वह प्रसव की स्थिति में है 4-5 दिन ही बाकी हैं। आरोप है कि उसकी जेठ और जेठानी के मुकदमे के संबंध में उसके पति को भी झूठे और फर्जी तरीके से आरोपी बनाया गया है। महिला का आरोप है कि इसी मामले में सुबह 3ः30 से 4ः00 बजे के बीच सिटी कोतवाली के लगभग 5-6 पुलिस अधिकारी उसके घर तिघरा पहुंचे। उस समय घर में वह और उसकी बहन अल्पना चौधरी ही अकेली थीं। टीम में एक भी महिला पुलिस अधिकारी नहीं थी। आवेदन के अनुसार पुलिसकर्मियों ने बिना अधिकार के घर का दरवाजा तोड़ दिया और पूरे घर का सामान फैला दिया। जब गर्भवती महिला ने सामान न फैलाने के लिए मना किया तो पुलिसकर्मियों ने धमकाते हुए कहा कि तुम मेरा क्या कर लोगी। पुलिस लगातार पूछ रही थी कि तुम्हारा पति कहां है, तुम्हारे सास-ससुर को भी आरोपी बनाया गया है। पीड़िता ने बताया कि इस तरह आधी रात को बिना महिला पुलिस के घर में घुसने और प्रसव की हालत में परेशान करने से वह मानसिक रूप से प्रताड़ित हुई है। उसने एसपी से मामले की जांच कर दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## सत्ता के बल पर पत्रकार पर हमला



### पत्रकार कल्याण परिषद की मांग- आरोपियों पर कठोर कार्यवाही हो

सतना (स्वतंत्र मत)

जिला छतरपुर नगर परिषद बकस्वाहा निवासी हमारे पत्रकार साथी मनीष जैन के साथ पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलू सोनी और सात आठ अन्य लोगों ने मिलकर प्राण घातक हमला कर दिया जब वह 24 सितंबर को शाम अपनी पत्नी के साथ मंदिर से घर लौट रहे थे। कुल्हाड़ी, फरसा रॉड लाठी डंडा से हमला किया गया बताया जा रहा है, हमला करने के तरीके और हथियारों तथा पहुंचाई गई घातक चोटों से प्रतीत होता है कि अपराधी पेशेवर हैं। पीड़ित पत्रकार मनीष जैन की पत्नी श्रीमती सीमा जैन ने बताया कि हमलावरों से उन्होंने अपने पति को बचाने का प्रयास किया तो उन लोगों ने सीमा जैन के बाल पड़कर घसीट कर दूर फेंक दिया।

बताया जा रहा है कि हमलावर आरोपी नीलू सोनी सत्ताधारी दल से जुड़ा प्रभावशाली व्यक्ति है, नीलू की महिला रिश्तेदार नगर परिषद की अध्यक्ष भी है। पुलिस प्रशासन पर नीलू अनेक माध्यमों से दबाव बनाए हुए हैं यह घटना भाजपा नेता के भ्रष्टाचार अवैध कब्जा आदि खबरों के प्रकाशन से नाराज होकर नीलू सोनी और उसके अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर करित की गई है।

पत्रकार कल्याण परिषद पत्रकार मनीष जैन पर हुए हमले एवं पत्रकारिता को कुचलने के प्रयास की निंदा करता है तथा भाजपा अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री से मांग करता है कि ऐसी प्रवृत्ति के लोगों से समाज को बचाएं तथा इनके द्वारा सत्ता का दुरुपयोग कर उत्पन्न किए जा रहे भ्रष्टाचार भय और आतंक से जनता को राहत दिलाए।

## सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत 2 से 10 अक्टूबर तक चलेगा 'सेवा मेरा योगदान' अभियान

### जिले से ग्राम पंचायत स्तर तक होंगे वृक्षारोपण, स्वच्छता, योग, साइबर सुरक्षा सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम

**सतना** (स्वतंत्र मत)। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत जिले में 'सेवा मेरा योगदान' अभियान का आयोजन 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला, विकासखण्ड, नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा निर्धारित करते हुए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार अभियान के दौरान जिले में विभिन्न विभागों के समन्वय से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, सैनिक सम्मान तथा शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता जैसे विषयों पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर को वृक्षारोपण अभियान से होगी। जिला स्तर पर वनमण्डलाधिकारी तथा उप संचालक उद्यान को संबंधित दायित्व सौंपा गया है। विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी व्यापक रूप से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी दिन 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत जिला, विकासखण्ड, ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 3 अक्टूबर को जिले में योग एवं ध्यान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला स्तर पर प्राचार्य लीड कॉलेज सतना तथा जिला शिक्षा अधिकारी को दायित्व दिया गया है। विकासखण्ड स्तर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के समन्वय से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के माध्यम से योग एवं ध्यान के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। 4 अक्टूबर को साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक तथा थाना स्तर पर थाना प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी से सावधानी तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जागरूक किया जाएगा। 5 अक्टूबर को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित होगा। जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों के समन्वय से कार्यक्रम होंगे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरा हुआ राजमन सतनामी का पक्के घर का सपना



**सतना** (स्वतंत्र मत)। प्रधानमंत्री आवास योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक आवास का सपना साकार कर रही है। योजना के माध्यम से जिले के अनेक परिवारों को पक्की छत का सहारा मिला है। इनमें मझगवां विकासखंड की ग्राम पंचायत हरदी निवासी राजमन सतनामी भी शामिल हैं। राजमन सतनामी पहले अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में रहते थे। कच्चे मकान में रहने के कारण उन्हें बारिश और अन्य मौसम में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। परिवार के लिए एक सुरक्षित और पक्का घर उनके लिए लंबे समय से सपना था। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभ मिलने से राजमन सतनामी का यह सपना अब साकार हो गया है। उन्हें पक्का मकान मिलने के बाद परिवार को सुरक्षित छत मिली है। अब वे अपने परिवार के साथ नए पक्के मकान में सुकून और खुशी से जीवन व्यतीत कर रहे हैं। राजमन सतनामी बताते हैं कि पक्का मकान मिलने से उनकी वर्षों पुरानी चिंता दूर हुई है। अब उन्हें कच्चे मकान में होने वाली परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। पक्के घर ने उनके परिवार के जीवन में सुरक्षा और खुशियां लाई हैं। पक्का मकान मिलने से खुश राजमन सतनामी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके परिवार को सुरक्षित छत देने का सपना पूरा किया है।

## 1 अक्टूबर को जिले में मनाया जायेगा अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस

**सतना** (स्वतंत्र मत)। वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं गरिमापूर्ण जीवन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 1 अक्टूबर 2026 को अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस. ने जिले के संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस की थीम गरिमा के साथ वृद्धावस्था वरिष्ठ नागरिकों के लिए देखभाल और समर्थन प्रणालियों को मजबूत करने का महत्व निर्धारित की गई है। थीम के अनुरूप जिले में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, स्वास्थ्य, सुरक्षा, अधिकारों एवं कल्याण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के अंतर्गत जिले में संचालित वृद्धाश्रमों में निवासरत तथा अन्य वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान एवं अभिनंदन किया जाएगा। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त की जाएगी। उनके मनोरंजन एवं सक्रिय सहभागिता के लिए कैरम, लूडो, शतरंज, गीत-संगीत सहित विभिन्न इंडोर गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से मोबाइल फोन, इंटरनेट, डिजिटल सेवाओं एवं कंप्यूटर के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाकर रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र जांच सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिले में 100 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिकों को चिन्हित कर शतायु सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान स्वरूप उन्हें शॉल एवं श्रीफल भेंट किया जाएगा। इसके साथ ही माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 एवं मध्यप्रदेश के संबंधित नियमों के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, उपलब्ध प्रावधानों एवं शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी दी जाएगी। पीढ़ियों के अंतर को कम करने तथा युवा पीढ़ी में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता विकसित करने के लिए विद्यालय एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं तथा युवाओं की वरिष्ठ नागरिकों के साथ सहभागिता वाले संवाद, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए संचालित एल्डर हेल्पलाइन 14567 का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा वरिष्ठ नागरिकों एवं उनके परिजनों को इसके उपयोग की जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को यथासंभव आमंत्रित किया जाएगा तथा वरिष्ठ नागरिकों की अधिकतम एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि कार्यक्रमों को केवल औपचारिक आयोजन तक सीमित न रखते हुए वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, संवाद, सहभागिता एवं कल्याण से जुड़ी सार्थक गतिविधियों के रूप में आयोजित किया जाए। आयोजन के उपरांत फोटोग्राफ सहित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## ब्रजेश नेमा की पुस्तक का विमोचन भोपाल में आज




नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

भारत विकास परिषद नरसिंहपुर विवेकानंद शाखा के वरिष्ठ सदस्य एवं साहित्यकार ब्रजेश नेमा का प्रथम लघुकथा संग्रह 'इंसान...?' आज भोपाल में विमोचित होगा। पुस्तक का प्रकाशन *अपना प्रकाशन* भोपाल द्वारा किया गया है। मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी लघुकथाओं के इस संग्रह में लेखक ब्रजेश नेमा ने जीवन के विविध अनुभवों को संक्षिप्त एवं प्रभावी शैली में प्रस्तुत किया है। संग्रह का शीर्षक भी पाठकों को 'इंसान...?% और मानवीय संवेदनाओं से जुड़े सवालों पर सोचने के लिए प्रेरित करता है। पुस्तक का लोकार्पण आज 26 सितंबर, शनिवार को दोपहर 12ः30 बजे, लघुकथा शोध केंद्र समिति, हिंदी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में होगा। यह समारोह लघुकथा शोध केंद्र समिति की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विकास दवे करेंगे। मुख्य अतिथि डॉ. विनय राजाराम तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. मालती बसंत रहेंगे। नरसिंहपुर स्टेशन गंज निवासी किराना व्यापारी ब्रजेश नेमा बचपन से ही लघुकथा शैली के पारंगत लिखत के रूप में पत्र पत्रिकाओं में लिखते रहे है उनके प्रथम लघुकथा संग्रह के प्रकाशन पर भारत विकास परिषद नरसिंहपुर विवेकानंद शाखा एवं साहित्य जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## कल्याणपुर में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गत दिवस ग्राम कल्याणपुर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से आए योगाचार्य एवं प्राकृतिक चिकित्सक दीपांकर आत्रेय ने योग आध्यात्मिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा के लाभो से बच्चों को अवगत कराया। उन्होने एकाग्रता एवं बुद्दि बढाने के लिए गायत्री मंत्र का जाप करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही नशे के बारे में अवगत कराकर नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सूर्य नमस्कार के लाभ बताते हुए बच्चों को हास्य योग कराया एवं प्रातः जल्दी उठकर माता पिता के चरण स्पर्श करने, अपने से बडो एवं गुरुओ का सम्मान करने एवं सूर्य जैसा तेजस्वी वनने के लिए भगवान सूर्य को जल चढाने की सीख दी। इस दौरान शासन के आदेशानुसार शाला में आयोजित कालिदास समारोह के अंतर्गत उनके कालिदास से महाकवि कालिदास बनने तक की जीवनी, संस्कृत भाषा में उनके योगदान एवं उनके द्वारा लिखी रचनाओं का विस्तृत वर्णन किया। इस अवसर पर उनके साथी सुरेंद्र सिंह, रामनारायण कौरव ने भी छात्रों को अच्छे आचरण और अनुशासन की सीख दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन शाला के शिक्षक अवधेश कौरव एवं आभार कमलेश कौरव ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ओमप्रकाश कौरव सहित स्कूल स्टॉफ के सदस्य एवं छात्र छात्राये उपस्थित रहे ।

### जिला स्तरीय संवर्धन समीक्षा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला पंचायत सभाकक्ष में बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं इम्पैनल्ड सपोर्ट पर्सन्स के लिए जिला स्तरीय समीक्षा समन्वय एवं क्षमता संवर्धन बैठक आयोजित की गई। उद्देश्य बाल संरक्षण से जुड़े विभागों में समन्वय सुदृढ़ करना था। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और सम्मानजनक भविष्य सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है। बालिकाओं के पलायन व शिक्षा से वंचित होने जैसे मुद्दों पर पुलिस संवेदनशीलता से कार्य कर रही है।

### दीपयज्ञ से आलोकित परिसर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में गणेशोत्सव के पावन अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट के छात्रावास परिसर में भावपूर्ण दीप यज्ञ का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति संस्कार सद्विचार एवं आध्यात्मिक चेतना का संचार करना रहा दीप यज्ञ का संचालन गायत्री परिवार की कार्यकर्ता श्रीमती नीलम मिश्रा एवं श्रीमति सत्या रोहरा द्वारा किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुए दीप यज्ञ के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक दीप प्रज्वलित कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

### पुनर्वास केंद्र में भाषा दिवस

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर 23 सितंबर को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में सामाजिक न्याय विभाग एवं डीडीआरसी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दिव्यांगजनों हेतु कार्यरत संस्थाओं के प्रतिनिधि मनोज फगवानी, अजय खोत एवं श्री पटेल द्वारा मां सरस्वती पूजन से किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने सांकेतिक भाषा को मूक-बधिर समुदाय के लिए अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बताते हुए शासन के प्रयासों की जानकारी दी और दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान किया।

### कहानी लेखन प्रतियोगिता

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** हिन्दी दिवस एवं हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं हिन्दी साहित्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वाद-विवाद एवं कहानी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टीपी मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण से हुआ।

### पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम डुंडा ग्राम पंचायत झिरिया मंश पेयजल स्त्रोतों का निरीक्षण कर क्लोरीनेशन कार्य किया गया। विभागीय अमले ने ग्राम में पेयजल आपूर्ति के लिए उपयोग किए जा रहे जल स्त्रोतों एवं जल प्रदाय व्यवस्था का निरीक्षण किया। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक मात्रा में क्लोरीन का उपयोग कर जल शुद्धीकरण की कार्यवाही की गई। इसका उद्देश्य पेयजल में मौजूद संभावित हानिकारक सूक्ष्मजीवों को नियंत्रित कर जल को पीने योग्य एवं सुरक्षित बनाना है। इस दौरान पेयजल स्त्रोतों की स्वच्छता, जल गुणवत्ता एवं रख-रखाव की जानकारी ली गई।

# जिला पंचायत शिक्षा समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित: ग्राम पंचायतों के अधिकारों की बहाली का संकल्प, शिक्षकों की उपस्थिति पर निगरानी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**





जिले में पंचायती राज संस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में जिला पंचायत की शिक्षा समिति की बैठक में महत्वपूर्ण संकल्प पारित किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम की पहल पर हुई बैठक में ग्राम पंचायतों की स्थाई शिक्षा स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण समिति को उसके वैधानिक अधिकारों के अनुरूप सक्रिय करने तथा ग्रामीण स्कूलों की व्यवस्था में पंचायत स्तर की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत करने ग्राम पंचायतों की समितियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और शिक्षा व्यवस्था में स्थानीय स्तर पर निगरानी एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा हुई। संकल्प में विशेष रूप से शिक्षकों की उपस्थिति के प्रमाणीकरण तथा विद्यालयों के निरीक्षण में ग्राम पंचायत की स्थाई समिति की भूमिका को प्रभावी बनाने की बात कही गई। जिला पंचायत शिक्षा समिति की बैठक में मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 46 के तहत ग्राम पंचायत की स्थाई शिक्षा स्वास्थ्य तथा समाज कल्याण समिति के अधिकारों को प्रभावी रूप से लागू करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत स्थाई समिति के सदस्यों की पदावधि और कामकाज का संचालन की प्रक्रिया नियम 1994 में निर्धारित प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने की बात कही गई। संकल्प के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की मासिक उपस्थिति के प्रमाणीकरण और विद्यालयों के निरीक्षण में ग्राम पंचायत की संबंधित स्थाई समिति की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। बैठक में कहा गया कि नियमों में निर्धारित प्रक्रिया के तहत पिछले माह की शिक्षकों की उपस्थिति का प्रमाणीकरण प्रत्येक माह की 5 तारीख तक किया जाना है। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में स्थानीय निगरानी व्यवस्था को मजबूत करना बताया गया है। पंचायत स्तर पर गठित समिति यदि नियमित रूप से विद्यालयों की स्थिति शिक्षकों की उपस्थिति और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेती है तो स्थानीय स्तर पर सामने आने वाली समस्याओं को समय रहते संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जा सकता है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में शासकीय विद्यालय संचालित हैं। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका केवल विकास कार्यों तक सीमित न रहकर शिक्षा स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण से जुड़े विषयों में भी प्रभावी हो इस दिशा में यह संकल्प महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संकल्प में शिक्षकों की उपस्थिति के प्रमाणीकरण को विशेष महत्व दिया गया है। पंचायत की स्थाई समिति द्वारा विद्यालयों की स्थिति की जानकारी लेने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उपस्थिति का प्रमाणीकरण किए जाने से स्कूल स्तर पर जवाबदेही की व्यवस्था मजबूत हो सकती है। हालांकि यह व्यवस्था संबंधित अधिनियम नियमों और विभागीय निर्देशों के अनुरूप ही लागू होगी। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के बीच समन्वय भी जरूरी होगा। पंचायत स्तर पर निरीक्षण के दौरान सामने आने वाली कमियों को संबंधित विभाग तक पहुंचाने तथा उनके निराकरण की निगरानी पर भी जोर दिया जा सकता है। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम ने पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में ग्राम पंचायत और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उनके अनुसार पंचायतों को उनके वैधानिक अधिकार और जिम्मेदारियों के अनुरूप सक्रिय किया जाना चाहिए ताकि ग्रामीण स्तर की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर अधिक प्रभावी ढंग से हो सके। तेकाम ने कहा कि मजबूत पंचायत समृद्ध गांव और विकसित मंडला के लिए, ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की भूमिका को प्रभावी बनाना आवश्यक है। उन्होंने पंचायती राज की मूल भावना के अनुरूप पंचायतों को प्राप्त अधिकारों के क्रियान्वयन को महत्वपूर्ण बताया। जिला पंचायत शिक्षा समिति के इस संकल्प को ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था में स्थानीय भागीदारी बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। पंचायतों की स्थाई समितियों के माध्यम से विद्यालयों की निगरानी, शिक्षकों की उपस्थिति का नियमानुसार प्रमाणीकरण और स्थानीय समस्याओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने की व्यवस्था से स्कूलों की कार्यप्रणाली पर नजर रखने का एक अतिरिक्त स्थानीय तंत्र विकसित हो सकता है।

## चल समारोह के साथ गजानंद का विसर्जन



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार परिषद कार्यालय में विराजमान भगवान श्री गणेश की विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चन करते हुए विसर्जन चल समारोह का आयोजन किया गया। सिंहवाहिनी वार्ड स्थित विसर्जन कुण्ड में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, दीपक कुमार कछवाहा, रोहित बघेल, सामाजिक कार्यकर्ता किशोर रजक, दीपक बैरागी, सोनल बर्मन, अनमोल अग्रवाल एवं पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भगवान गजानन का पूजन कर उन्हें फल-फूल, नैवेद्य एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। मंत्रोच्चार एवं धार्मिक वातावरण के बीच भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विसर्जन कुण्ड में नगर पालिका टीम के साथ जल बिहार करते हुए विसर्जन किया गया। श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि पत्रकार परिषद कार्यालय में पिछले लगभग 11 वर्षों से लगातार भगवान श्री गणेश की स्थापना की जा रही है। गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन विधि-विधान से भगवान गणेश का पूजन-अर्चन और आरती की जाती है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता के रूप में पूजा जाता है। गणेश उत्सव के माध्यम से सभी पत्रकार साथियों एवं उनके परिवारों के साथ-साथ जिलेवासियों के सुख-शांति और समृद्धि कामना की जाती है।

## रिश्वत मांगने पर ठेकेदार ने सीएमओ को कराया गिरफ्तार

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**



मंडला नगर पालिका में भयमुक्त होकर सरकारी धन की होली खेली जा रही है। यहां पर खरीदी से लेकर निर्माण तक में जमकर कमीशनबाजी चल रही है घटिया कामों की लगातार शिकायत के बाद भी जांच नही हो पाई है। तो वहीं खरीदे गए सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं स्वच्छता, सुंदरता, पेयजल पूर्ति जैसे अनेक कार्यों मे लगने वाली सामग्रीयों में भारी लेन देने की चर्चा होती रही है। लेकिन नतीजे ठोस नही आए इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानन नाफड़े को शुक्रवार को लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। कार्यवाही नगर पालिका कार्यालय में की गई। आरोपी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। जबलपुर जिले के ग्राम पिंडरई निवासी 57 वर्षीय ठेकेदार ज्ञानचंद बेन ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय जबलपुर में शिकायत की थी। शिकायत के मुताबिक ज्ञानचंद बेन और उनकी पत्नी मंजू बेन शासकीय पंजीकृत ठेकेदार हैं। उनकी पत्नी के नाम से एमएस पलक बेन फर्म पंजीकृत है। फर्म को मंडला नगर पालिका से वर्ष 2024-25 और 2025-26 में एलईडी लाइट एवं फिटरी सप्लाई का ठेका मिला था। वहीं ज्ञानचंद बेन को पाइप जॉइंट और वाटर कूलर सप्लाई का काम मिला था। लोकायुक्त अधिकारियों ने बताया कि पत्नी की फर्म के काम का 39 लाख 23 हजार रुपए का भुगतान हो चुका था। इसके बाद ज्ञानचंद अपने 15 लाख रुपए के भुगतान के लिए सीएमओ से मिले। आरोप है कि सीएमओ ने उनके भुगतान के एवज में पत्नी के पहले हुए भुगतान की 12 प्रतिशत राशि यानी करीब 4 लाख रुपए रिश्वत के रूप में मांगी। शिकायत के सत्यापन के दौरान सीएमओ द्वारा 2 लाख रुपए की पहली किश्त लेने पर सहमति बनी। शुक्रवार को ज्ञानचंद बेन द्वारा 2 लाख रुपए दिए जाने के दौरान लोकायुक्त टीम ने सीएमओ गजानन नाफड़े को नगर पालिका कार्यालय में रंगे हाथ पकड़ लिया। लोकायुक्त निरीक्षक जितेंद्र यादव के अनुसार आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7, 13(1)बी और 13(2) के तहत कार्रवाई की जा रही है। ट्रैप दल में टीएलओ निरीक्षक राहुल गजभिए, निरीक्षक जितेंद्र यादव, निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया सहित लोकायुक्त जबलपुर का दल शामिल रहा।

## मोबाइल फॉरेंसिक वैन का श्रीगणेश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस मुख्यालय भोपाल से जिले को प्राप्त मोबाइल फॉरेंसिक वैन का पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डीएसपी सतीश चतुर्वेदी, थाना प्रभारी कोतवाली शफीक खान, रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी, थाना प्रभारी महाराजपुर जयसिंह यादव, एफएसएल प्रभारी सौरभ चोंगड़े सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में वैज्ञानिक साक्ष्यों एवं आधुनिक तकनीक के अधिकाधिक उपयोग पर जोर दिया गया है। इसी क्रम में जिले को प्राप्त यह आधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन गंभीर अपराधों के घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने तथा प्रारंभिक जांच प्रकिया को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मोबाइल फॉरेंसिक वैन में 17 प्रकार की फॉरेंसिक टेस्टिंग किट उपलब्ध हैं। इनमें डीएनए कलेक्शन, नारकोटिक्स, फिंगरप्रिंट, ब्लड, सीमन, फुटप्रिंट, टायर प्रिंट एवं गनशॉट टेस्टिंग किट सहित अन्य आवश्यक किट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वैन में सीसीटीवी कैमरा, कंप्यूटर एवं प्रिंटर की सुविधा भी उपलब्ध है।



## श्री लक्ष्मण पेट्रोलियम का कैबिनेट मंत्री ने किया शुभारंभ



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** मंडला जबलपुर मार्ग में संत निरंकारी भवन के पास नवनिर्मित श्री लक्ष्मण पेट्रोलियम का शुभारंभ भव्यता से किया गया। यहां पर मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उइके पहुंची जिन्होंने फीता काटा और वाहनों में पेट्रोल भरकर पम्प का शुभारंभ कराया। इस दौरान उन्होंने पम्प परिसर में नवनिर्मित कैंटीन का भी शुभारंभ किया। मंत्री के आगमन पर पम्प की संचालिका श्रीमति भारती अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। वहीं सैल्स मैनेजर अनुपम रॉव विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों का श्रीकांत अग्रवाल, श्रीमति भारती अग्रवाल, श्रीमति समीक्षा अग्रवाल, हनि अग्रवाल, विशाल अग्रवाल एवं नीरज अग्रवाल ने स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमति सम्पतियां उइके ने कहा कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन का यह उपक्रम मंडलावासियों के लिए नई सौंगात लेकर आया है। उन्होंने कहा कि शुद्धता सही माप से ही पम्प की पहचान होती है उन्होंने आशा व्यक्त की यहां पर ग्राहकों को सुविधाएं मिलेगी। संचालिका श्रीमति भारती अग्रवाल द्वारा मंत्री का शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। हनि अग्रवाल ने बताया कि वाहन चालकों को पेट्रोलियम सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में नई पहल के तहत जबलपुर रोड पर संत निरंकारी भवन के पास लक्ष्मण पेट्रोलियम का शुभारंभ किया है। वहीं कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम पहुंचे उन्होंने संचालकों को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों को अब पेट्रोल के लिए ज्यादा दूरी तय नही करनी होगी। वही उन्होंने कहा कि यह जिले का पहला पेट्रोल पम्प है जिस पर कैटीन भी संचालित होगी। सैल्स मैनेजर अनुपम रॉव ने बताया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अधिकृत डीलर है। नए पेट्रोलियम प्रतिष्ठान के शुरू होने से मंडला नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के वाहन चालकों को स्थानीय स्तर पर ईंधन की सुविधा उपलब्ध होगी। शुभारंभ कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, परिचित, शुभचिंतकों और आमंत्रित अतिथियों ने सहभागिता की। नवीन प्रतिष्ठान का शुभारंभ कुलदेवी एवं मां नर्मदा के आशीर्वाद तथा परिजनों और शुभचिंतकों के सहयोग से किया गया है। बिझिंया क्षेत्र में जबलपुर रोड पर स्थित होने के कारण प्रतिष्ठान से स्थानीय वाहन चालकों के साथ ही इस मार्ग से आवागमन करने वाले यात्रियों को भी पेट्रोलियम सेवाओं का लाभ मिलने की उम्मीद है। वहीं मंच का संचालन वरिष्ठ शिक्षक प्रवीण वर्मा तो आभार प्रदर्शन नीरज अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर कन्हैया अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता गणेश अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, हरि अग्रवाल, श्री अग्रवाल, श्रीमति किरण अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, मधुर अग्रवाल, स्वाती अग्रवाल सहित अग्रवाल परिवार एवं मित्रबंधु शामिल हुए।

## नैनपुर सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा संपन्न

### सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित नैनपुर पं.क्र. 360 की वार्षिक साधारण आमसभा का आयोजन शुक्रवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में संस्था के प्रशासक की अध्यक्षता में किया गया। आमसभा में समिति के सदस्यों एवं क्षेत्रीय कृषकों की बड़ी संख्या में उपस्थित रही। बैठक में वर्ष 2025-26 में आयोजित प्रबंधकारिणी बैठकों का अवलोकन एवं पुष्टि, वर्ष 2025-26 के आय-व्यय, लाभ-हानि एवं स्थिति-विवरण पत्रक के अनुमोदन, वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट तथा वर्ष 2025-26 में हुए व्ययों एवं पुनरीक्षित समायोजन बजट सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। आमसभा में रखे गए सभी प्रस्तावों पर उपस्थित सदस्यों एवं कृषकों ने सहमति व्यक्त की और सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक के दौरान समिति से जुड़े विषयों पर सदस्यों द्वारा अपनी बात भी रखी गई। बड़ी संख्या में कृषकों की उपस्थिति के चलते आमसभा में समिति के कार्यों, आय-व्यय एवं आगामी वित्तीय वर्ष के प्रस्तावित बजट को लेकर चर्चा महत्वपूर्ण रही। पूर्व समिति सदस्यों व पदाधिकारियों ने कृषकों की मुख्य समस्या खाद बीज समय पर उपलब्ध कराने की बात रखी। बैठक में प्रशासक के एस अहाके, समिति प्रबंधक संत कुमार चन्देला, वरिष्ठ कृषक रामू सिरसाम, केशरी पटेल, अवनीश ठाकुर, वीरेन्द्र पटेल, नीरज झारिया, रवि ठाकुर प्रकार ठाकुर, विद्याप्रसाद श्रीधर, जगदीश साहू, मुकेश हरदहा, राम प्रसाद, निश्चय चौरसिया, अनिल पटेल, गोविंद साहू, नरेश नागवंशी, सचिन तेकाम सहित बड़ी संख्या में कृषकों की उपस्थिति रही। आमसभा के अन्त में सभी कृषकों का तिलक बन्दन कर स्वल्पाहार कराते वर्ष से बचने प्रत्येक कृषकों को छाता भेंट किया गया। प्रबंधक संतकुमार चन्देला के द्वारा सभी कृषकों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## विद्युत की आवाजाही से जलापूर्ति प्रभावित

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर में अनिश्चित मेंटेनेंस और बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने का सीधा असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ रहा है। बिजली कटौती के कारण नगर पालिका की जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि महीने में करीब 6 से 8 दिन ऐसे रहते हैं, जब सुबह या शाम निर्धारित समय पर जलापूर्ति नहीं हो पाती। कभी विद्युत मेंटेनेंस तो कभी हर एक दो घंटे में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण पानी की टंकियां समय पर नहीं भर पातीं, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी उन परिवारों को होती है, जो नगर पालिका की नियमित जलापूर्ति पर निर्भर हैं। जलापूर्ति प्रभावित होने से लोगों को पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ती है। बिजली विभाग और नगर पालिका के बीच बेहतर समन्वय नहीं होने का असर सीधे शहरवासियों पर पड़ रहा है।

### दस्तावेज लेखा प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत मध्य प्रदेश जल निगम एवं परियोजना क्रियान्वयन इकाई मंडला द्वारा नारायणगंज-बीजाडांडी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत जनपद पंचायत बीजाडांडी में दस्तावेजीकरण एवं लेखा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों को दस्तावेजों एवं अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत निरीक्षक बरगांव एवं देवरी के सरपंच तथा से प्रशिक्षक नरेश कुमार सोनवानी द्वारा मां सरस्वती के तैल्यचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में मंडला की प्रबंधक जनसहभागिता श्रीमती सुशीला मरावी सहित सरपंच, सचिव सदस्य तथा श्री जैन विद्यासागर एजुकेशनल समिति के परियोजना प्रबंधक निशांत अग्रवाल, प्रोजेक्टर ऑपरेटर दीपिका एवं कम्युनिटी मोबिलाइजर अशोक पड़वार, कैलाश वरकड़े, आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मण्डला

Email-cmomandla@mpurban.gov.in contact- 07642 250705

क्रमांक/रा.शा./2026/2854 मण्डला, दिनांक 24/09/2026

### इश्तहार सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न भवन/भूमि व नगर पालिका स्वामित्व की लीज पर आवंटित दुकान/भूखण्ड में कर संग्रहण के उद्देश्य से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। नामान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अवधि समाप्त होने के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। भवन एवं आवेदकों का विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | नगर पालिका में दर्ज नाम व वार्ड | आवेदक का नाम | भवन के नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री दुर्गाप्रसाद अग्रवाल पिता श्री दुलीचंद,नर्मदा जी वार्ड | श्री राजकुमार अग्रवाल पिता स्व. श्री दुर्गाप्रसाद अग्रवाल | नजूल शीट नं. 20सी प्लाट नं. 345/1 रकबा 1114 50, प्लाट नं. 349/2 रकबा 19 व.फु. कुल रकबा 1133.50 व.फु. भवन-भूमि में ई-पंजीकृत पट्टा, शपथ पत्र एवं खसरा के आधार पर |
| 2. | श्री गेंदलालू, रघुनाथ प्रसाद, लाल बहादुर, शास्त्री वार्ड, | श्री प्रमोद चौरसिया पिता स्व. श्री चौखेलाल चौरसिया, | नजूल शीट नं. 23डी प्लाट नं. 16/32 रकबा 1590 वफु. भवन-भूमि में पट्टा, शपथ पत्र एवं खसरा के आधार पर |
| 3. | श्रीमति चंद्रप्रभा तिवारी पति श्री अशोक,ज्वाला जी वार्ड | श्री आलोक कुमार तिवारी पिता स्व श्री अशोक कुमार तिवारी | ग्राम महाराजपुर प.ह.नं. 18/34 खसरा नं. 115/40 रकबा 0.0850 हे. भवन-भूमि में पट्टा, शपथ पत्र एवं खसरा के आधार पर |
| 4. | श्री समीर दहले पिता श्री कृष्ण कुमार दहले, ज्वाला जी वार्ड | श्रीमति नेहा खरे पति श्री आकाश खरे | ग्राम महाराजपुर प.ह.नं. 18/34 खसरा नं. 114/2/1/1 रकबा 2500 व.फु. भवन-भूमि में ई-पंजीकृत विक्रय पत्र पट्टा एवं खसरा के आधार पर |
| क्र. | दुकान/प्लाट का स्थान व क्रमांक | किरायेदार का नाम/पिता का नाम | नामान्तरण कराने वाले का नाम/पिता का नाम |
| 1. | सुपरमार्केट स्टेडियम ग्राउंड की दीवार से लगी दुकान क्रं. 12 | श्रीमती भगवति बाई पति शंकरलाल नामदेव | श्री शरदकुमार नामदेव पिता स्व. श्री विजय कुमार नामदेव |

(गजानन नाफडे)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद मण्डला

संपादकीय

## बच्चों की आत्मघाती मन:स्थिति

युवा छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति और पराजित मन:स्थिति एक निरंतर प्रक्रिया है, अब यह सिलसिला बन गया है। ऐसी घटनाएं बेहद मर्माहत करती हैं, त्रासद होती हैं, परिवार बिखर जाता है। उन माता-पिता की स्थिति पर जरा-सा भी चिंतन नहीं किया जाता, जिन्होंने 'आईआईटी औलाद' के लिए संसाधनों का जुगाड़ किया। अब बुजुर्ग होने की उम्र के मुहाने पर वे अचानक 'अकेले' कर दिए गए हैं। ऐसा कौन-सा मानसिक दबाव, प्रतिस्पर्द्धा का खौफ, पारिवारिक चिंताएं और सबसे भयावह अकेलापन है, जो जिंदगी से हार कर प्रतिभाशाली बच्चे 'आत्मघाती' होते जा रहे हैं? आईआईटी में आने के बावजूद उन्हें सिखाना पड़ेगा कि संघर्ष कैसे करना है? सरकार और शीर्ष शैक्षिक संस्थानों ने छात्रों, प्रशासन और प्रोफेसरों के लिए कुछ दिशा-निर्देश तय किए थे, उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शामिल किया था, फिर भी आत्महत्याएं जारी हैं! यह बेहद चिंताजनक स्थिति है।

2026 के पहले सात माह के दौरान आईआईटी बॉम्बे में ही 3 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। सबसे अधिक आत्महत्याएं आईआईटी खड़गपुर और मद्रास में की जाती हैं। 2025 में सभी प्रमुख आईआईटी में 15 छात्रों ने आत्महत्याएं कीं और 2021-25 के बीच यह आंकड़ा 65 तक पहुंच गया। 2006-26 के बीच 171 'असामान्य मौतें' दर्ज की गईं। उनमें से 140 आत्महत्याएं आईआईटी छात्रों ने कीं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने भी संसद में यह रपट और आंकड़े पेश किए हैं कि देश के आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी में बीते कुछ सालों में आत्महत्याओं के दर्जनों मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि आईआईएम में ऐसी युवा त्रासदियां बहुत कम ही सामने आई हैं, लेकिन अन्य संस्थानों में आत्महत्या की मन:स्थिति बढ़ती ही जा रही है। इसके लिए व्यवस्थाएं भी जिम्मेदार हैं। करीब 65 फीसदी उच्च शिक्षा संस्थानों में 'मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं' ही उपलब्ध नहीं हैं। मानसिक अवसाद, तनाव को नियंत्रित करने की व्यवस्था ही नहीं है। आईआईटी बॉम्बे के भावी नवप्रवर्तक या आविष्कारक साहिल वाकोडे ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने वाले छात्र साहिल के प्रति सहानुभूति और उसके परिजनों के प्रति संवेदनाएं स्वाभाविक हैं, लेकिन प्रो. सूर्यनारायण ने उसका जातिवादी उत्पीड़न किया था और अपशब्दों का इस्तेमाल करते रहे थे, इस निष्कर्ष तक पहुंचना भी 'अन्यायपूर्ण' और 'पूर्वाग्रही' होगा। ऐसे प्रोफेसर ही नवाचार की पीढ़ी तैयार करते हैं, क्योंकि वे बुनियादी रूप से शिक्षक हैं। शिक्षक-छात्र का रिश्ता 'जातिवादी' नहीं होता। आईआईटी की औसत कक्षा में 60 फीसदी से अधिक छात्र अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी के होते हैं। उन छात्रों के अपने समूह होते हैं, लिहाजा कोई भी प्रोफेसर अथवा सवर्ण छात्र, सहजता से, उन्हें जातीय आधार पर शोषित या अलग-थलग नहीं कर सकता। आईआईटी के स्तर पर प्रोफेसर-छात्र के संबंध 'दोस्ताना' भी होने लगते हैं, क्योंकि छात्रों में से ही कुछ जूनियर प्रोफेसर बनकर संस्थान में आ सकते हैं। हालांकि पुलिस ने आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, बाध्य करने और एससी/एसटी कानून की धाराओं में केस दर्ज किया है, लिहाजा जांच की प्रतीक्षा करनी चाहिए। बेशक मृतक छात्र के माता-पिता का गुस्सा, आक्रोश समझा जा सकता है, लिहाजा उनके आरोप स्वाभाविक हो सकते हैं, लेकिन प्रोफेसर को बिना किसी साक्ष्य अथवा जांच के 'खलनायक' करार देना भी न्याय संगत नहीं है। आईआईटी बॉम्बे में करीब 14,000 छात्र हैं। आईआईटी में 56 फीसदी से अधिक फैकल्टी प्रोफेसर 'अगड़े' हैं, जबकि 7 फीसदी से कुछ अधिक दलित प्रोफेसर हैं और जनजातीय प्रोफेसर तो 2 फीसदी से भी कम हैं। लिहाजा इस समीकरण के लिए सरकारी व्यवस्था दोषी है और व्यवस्था ही बुनियादी जवाबदेह है।

### स्वास्थ्य का क्षेत्र में गंभीर संक्रमण काल

# नकली व बेलगाम दवाओं के खिलाफ अब अदालत का ही आसरा

अशोक भाटिया

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में जहां जन-कल्याण को शासन का मूलमंत्र माना जाता है, वहां स्वास्थ्य का क्षेत्र एक गंभीर संक्रमण काल से गुजर रहा है। बीमारियां जिस रफ्तार से बढ़ रही हैं, उससे कहीं अधिक तेजी से चिकित्सा के नाम पर इंसानी जिंदगियों से खिलवाड़ का एक भयावह और अनैतिक तंत्र विकसित हो चुका है। हाल ही में फार्मास्युटिकल क्षेत्र में मुनाफे की हवस और मरीजों के साथ हो रही धोखाधड़ी की गूंज देश की सबसे बड़ी अदालत में सुनाई दी है। न्याय के सर्वोच्च मंदिर ने दवा निर्माताओं, अस्पतालों और सरकारी नियामक संस्थाओं के रवैये पर जो तल्ख टिप्पणियां की हैं, उसने हमारे पूरे स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ को हिलाकर रख दिया है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ द्वारा एक मामले की सुनवाई के दौरान प्रयुक्त यह वाक्य-यह तो सीधे तौर पर दिन-दहाड़े डकैती है-महज एक टिप्पणी नहीं, बल्कि उस लाचार भारतीय नागरिक की सामूहिक चीख का प्रतिनिधित्व करता है, जो बीमारी से पहले इलाज के खर्च और उसमें होने वाली जालसाजी से मर जाता है।

न्यायालय के समक्ष जो तथ्य उभरकर सामने आए हैं, वे किसी भी संवेदनशील समाज को स्तब्ध करने के लिए पर्याप्त हैं। खासकर कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रहे मरीजों के घावों पर जिस तरह मुनाफाखोरी का नमक छिड़का जा रहा है, वह अमानवीयता की पराकाष्ठा है। अदालत के संज्ञान में लाया गया कि कैंसर की एक आवश्यक जीवन रक्षक दवा, जिसकी कीमत निर्माता कंपनी द्वारा रिटेलर के लिए महज 2,700 तय की जाती है, उस पर अधिकतम खुदरा मूल्य पूरे 27,000 छाप दिया जाता है। यानी कि लागत और थोक मूल्य से ठीक दस गुना अधिक दाम पर उस दवा को बेचे जाने की खुली छूट दे दी गई। एक पीड़ित परिवार और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा दायर की गई जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए माननीय न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने इस अकल्पनीय मूल्य अंतर पर गहरी नाराजगी जताई। अदालत ने सीधे शब्दों में सवाल पूछा कि मरीजों को इस तरह बेदर्दी से लूटने की इजाजत व्यवस्था कैसे दे सकती है? निर्माता कंपनियां और बड़ी-बड़ी कॉरपोरेट फार्मेसियां मिलकर मरीजों की जेब पर जो डाका डाल रही हैं, उस पर राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण और स्वास्थ्य मंत्रालय जैसी नियामक इकाइयां आंखें मूंदकर क्यों बैठी हैं?

यह मामला सिर्फ निजी क्षेत्र की लूट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के खजाने और टैक्सपेयर्स के पैसे में सेंधमारी का भी एक बड़ा घोटाला साबित हो रहा है। आज केंद्र सरकार आयुष्मान भारत, CGHS और DGHS जैसी लोक-कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब और मध्यम वर्ग के इलाज का खर्च उठाती है। निजी अस्पताल इन्हीं बढ़ी हुई और मनमानी एमआरपी पर दवाएं खरीदते हैं और बाद में सरकारी खजाने से उसका शत-प्रतिशत रीइम्बर्समेंट क्लेम करते हैं। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि चंद दवा माफियाओं और निजी अस्पतालों की तिजोरियां भरने के लिए आम जनता के खून-पसीने की गाढ़ी कमाई को पानी की तरह बहाया जा रहा है।



करदाताओं का पैसा जो देश के बुनियादी ढांचे और लोक-कल्याण में लगना चाहिए था, वह दवा कंपनियों की साठगांठ की भेंट चढ़ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस ओर ध्यान दिलाते हुए इसे स्पष्ट रूप से देश और जनता के साथ एक बड़ा फ्रॉड करार दिया है। इस संदर्भ में एक अहम सुझाव यह भी आया कि क्यों न देश की सभी जीवन रक्षक दवाओं को एक एकीकृत मूल्य-नियंत्रण के दायरे में ला दिया जाए, जिससे जेनेरिक और ब्रांडेड दवाओं का यह पूरा कृत्रिम भ्रम ही समाप्त हो जाए और दवाएं समान दाम पर उपलब्ध हो सकें।

एक तरफ जहां दवाओं के नाम पर यह संस्थागत और कानूनी लूट जारी है, वहीं दूसरी तरफ नकली दवाओं का एक समानांतर और अंडरग्राउंड अंडरवर्ल्ड चल रहा है, जो सीधे मौत का व्यापार कर रहा है। हाल ही में बेंगलुरु में विशेष जांच दल और औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा संयुक्त छापेमारी में एक बहुत बड़े अंतरराज्यीय नकली कैंसर दवा रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। जांच में जो तथ्य सामने आए, वे रोंगटे खड़े करने वाले हैं। वीरेश कुमार जैन नामक एक फार्मासिस्ट की मुख्य संलिप्तता वाले इस गिरोह ने करीब 90 से अधिक प्रतिष्ठित अस्पतालों और क्लीनिकों में पिछले पांच वर्षों से नकली तथा एक्सपायर्ड हो चुकी कैंसर और आईसीयू दवाओं की धड़ल्ले से आपूर्ति की। ये अपराधी एक्सपायर हो चुकी दवाओं को दोबारा प्रोसेस करते थे, उन्हें चमचमाते नए डिब्बों में पैक करते थे, नामचीन अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय फार्मा ब्रांडों के नकली होलोग्राम और लेबल लगाते थे और अस्पतालों के परचेजिंग डिपार्टमेंट को आकर्षित करने के लिए पचास प्रतिशत तक के भारी डिस्काउंट का लालच देते थे। पांच साल तक, यानी कि 1,800 से अधिक दिनों तक अस्पतालों के खरीद तंत्र ने बिना किसी लैब टेस्टिंग या प्रामाणिकता की जांच किए, सिर्फ मुनाफे के लालच में इन नकली दवाओं को खरीदा और उन लाचार मरीजों के जिस्म में कीमोथेरेपी के नाम पर जहर के रूप में उतार दिया जो अपनी जिंदगी की आखिरी उम्मीद लेकर वहां आए थे।

इस घिनौने अपराध की जद सिर्फ बेंगलुरु तक सीमित नहीं है; इसके तार कर्नाटक से लेकर हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र तक फैले हुए हैं। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि नकली दवाओं का नेटवर्क देशव्यापी नेटवर्क बन चुका है। कुछ समय पूर्व नागपुर के सरकारी अस्पताल में भी एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला सामने आया था, जहां मरीजों को दी जाने वाली गोलियों में मुख्य औषधीय साल्ट की जगह साधारण टेलकम पाउडर भरा हुआ था। जब किसी मरीज को एंटीबायोटिक या कैंसर रोधी दवाओं के नाम पर टेलकम पाउडर या चाक की गोलियां दी जाएंगी, तो उसका ठीक होना तो दूर, बीमारी और अधिक आक्रामक होकर उसकी जान ले लेगी। कानून के नजरिए से देखें तो यह धारा 302 यानी सीधे-सीधे हत्या का मामला बनता है, न कि केवल ट्रेडमार्क के उल्लंघन या मिलावट का। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 में कहने को तो आजीवन कारावास और जब्त माल की कीमत का तीन गुना जुर्माने जैसे सख्त कानूनी प्रावधान शामिल किए गए हैं, लेकिन व्यावहारिक धरातल पर अपराधियों को इसका कोई खौफ नजर नहीं आता। वजह साफ है-कमजोर लूपहोल्स का फायदा उठाकर अपराधी अक्सर जमानत पर बाहर आ जाते हैं और फिर से अपना वही खूनी कारोबार शुरू कर देते हैं।

यही कारण है कि देश की जनता और न्यायविदों को अब इस भयावह संकट से उबरने के लिए न्यायपालिका की ओर देखना पड़ रहा है। अब जब पानी सिर से ऊपर जा चुका है, तो अदालती हस्तक्षेप ही एकमात्र उम्मीद बची है। अदालतों में दायर हालिया याचिकाओं में यह मांग बिल्कुल जायज है कि नकली और अत्यधिक महंगी दवाओं के मामलों की जांच के लिए तीन महीने की सख्त समय-सीमा तय हो और फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से एक वर्ष के भीतर दोषियों को फांसी या उम्रकैद जैसी नजीर बनने वाली सजाएं दी जाएं। साथ ही, इस धंधे से अर्जित की गई अपराधियों और उनके परिवारों की पूरी चल-अचल संपत्ति को तुरंत कुर्क किया जाना चाहिए। दवा उद्योग को आत्ममंथन करना होगा कि जब आबकारी विभाग अपनी शराब की बोतलों पर क्यूआर कोड और ट्रैक-एंड-ट्रेस मैकेनिज्म लागू करके एक-एक बूंद का हिसाब रख सकता है, तो ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया देश की जीवन रक्षक दवाओं के लिए वैसा ही अचूक और फुलप्रूफ डिजिटल बारकोडिंग सिस्टम देशव्यापी स्तर पर अनिवार्य क्यों नहीं कर पा रहा है? शीर्ष 300 ब्रांडों पर क्यूआर कोड का नियम लागू करना एक स्वागत योग्य कदम है, लेकिन इसे देश की हर छोटी-बड़ी मेडिकल वाइल और टैबलेट स्ट्रिप पर अनिवार्य करना होगा।

दवाइयों के इस दोतरफा संकट-एक तरफ कृत्रिम रूप से बढ़ाई गई बेलगाम कीमतें और दूसरी तरफ नकली दवाओं का जानलेवा जाल-ने चिकित्सा पेशे की विश्वसनीयता को भी दांव पर लगा दिया है। जब तक सरकारें राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाएंगी और स्वास्थ्य को कॉर्पोरेट घरानों के मुनाफे का जरिया बनने से नहीं रोकेंगी, तब तक आम आदमी को न्याय नहीं मिल सकता। फार्मा लॉबी की ताकत के आगे सरकारी अमले की कथित और रहस्यमयी चुप्पी इस बात का संकेत है कि बिना अदालती हंटर के यह तंत्र सुधरने वाला नहीं है। 2,700 की दवा को 27,000 में बेचना अगर डकैती है, तो नकली दवाएं बेचना सीधे-सीधे नरसंहार है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीखें तय कर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अदालत का यह सख्त रुख देश की नीति-नियंताओं की कुंभकर्णी नींद को तोड़ेगा। देश को अब भाषणों और आश्वासनों की नहीं, बल्कि एक ऐसे कठोर कानून और पारदर्शी मूल्य निर्धारण व्यवस्था की जरूरत है, जहां किसी भी मां, बहन या पिता को पैसे के अभाव में या नकली दवा के जहर के कारण तड़प-तड़प कर दम न तोड़ना पड़े। स्वास्थ्य हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, और इसे मुनाफाखोरों की मंडी बनने से बचाना ही आज के समय की सबसे बड़ी राष्ट्रीय चुनौती है।

# टकराव से सबक: चीन-अमेरिका संवाद जरूरी, दोनों महाशक्तियों के लिए एक मौका

जेसिका चेन वीस

पिछले साल, अमेरिका और चीन ने यह दिखा दिया कि वे एक-दूसरे को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने टैरिफ और तकनीक पर नियंत्रण लागू किया, तो इसके जवाब में चीन ने अमेरिकी उद्योगों के लिए जरूरी 'रेयर-अर्थ मिनरल्स' (दुर्लभ मृदा खनिज) और दूसरी सामग्रियों के निर्यात पर रोक लगा दी। प्रशांत महासागर के दोनों तरफ की फैक्टरियों और ग्राहकों पर इसका असर पड़ा। लेकिन, कोई भी देश दूसरे को पीछे हटने के लिए मजबूर नहीं कर सका और यह टकराव पिछले साल अक्तूबर में जाकर तब खत्म हुआ, जब वे एक साल की शांति संधि के लिए सहमत हुए।

उस व्यापारिक युद्धविराम के खत्म होने के बाद अब जब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका पहुंचे हैं, तब उनके व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच की मुलाकात दोनों देशों के रिश्तों में एक नया अध्याय है। यह दोनों महाशक्तियों के लिए एक मौका है कि वे पिछले साल से मिले जरूरी सबक को अपनाएं और इस सोच को छोड़ दें कि कोई भी पक्ष निर्णायक रूप से 'जीत' सकता है। इसके बजाय वे एक मजबूत और स्थायी शांति की शुरुआत कर सकते हैं। बीजिंग और वाशिंगटन, दोनों जानते हैं कि कोई भी एक-दूसरे को निर्णायक रूप से हरा नहीं सकता, क्योंकि दोनों के पास ऐसी जबर्दस्त खूबियां हैं, जिनका मुकाबला करना दूसरे पक्ष के लिए मुश्किल है।

अमेरिका के पास बेजोड़ आर्थिक ताकत है और वह सेमीकंडक्टर डिजाइन, चिप बनाने के लिए जरूरी उपकरण तथा सबसे उन्नत एआई मॉडल के मामले में सबसे आगे है। वहीं, चीन दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक देश है। रेयर-अर्थ मिनरल्स व जरूरी खनिजों की वैश्विक आपूर्ति, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स, कारों और हथियारों के लिए जरूरी उच्च-क्षमता के चुंबक उत्पादन पर चीन का दबदबा है। अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली दवाओं के लिए चीन में बने रसायन और दूसरी चीजें जरूरी हैं। चीन सस्ते एआई मॉडल उपलब्ध कराने में आगे निकल गया, जिन्हें अमेरिका समेत दुनियाभर में तेजी से अपनाया जा रहा है।

स्थायी तनाव कम करने के लिए यह दोनों पक्षों के लिए उतना ही जरूरी हो सकता है, जितना शीत युद्ध के दौर में अमेरिका और सोवियत संघ के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व जरूरी था। शीत युद्ध के दौरान, परमाणु हथियारों की होड़ और दोनों तरफ से पूर्ण तबाही के डर ने वाशिंगटन और मॉस्को को विनाश के कगार से पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। आज भी वही सोच काम करती है, लेकिन एक अहम फर्क है और वह यह कि उस समय अमेरिका और सोवियत संघ के बीच व्यापार बहुत कम था, जबकि आज चीन और अमेरिका की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं।

पिछले साल व्यापारिक टकराव की वजह से दोनों देशों के बीच व्यापार में 25 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद, चीन (मेक्सिको व कनाडा के बाद) अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। इसलिए, दोनों देशों का पूरी तरह से अलग-थलग होना न तो मुमकिन है और न ही सही। अब अमेरिका और चीन के सामने शीत युद्ध के दौर की 'डिटरेंट' यानी एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाने से रोकने वाली रणनीति का नया रूप है। इसमें दोनों देशों को एक-दूसरे के खिलाफ कदम उठाने पर भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। आर्थिक या रणनीतिक रूप से निर्णायक जीत हासिल करने की कोशिश से भी कोई खास फायदा नहीं होगा। इसके बजाय इससे पैदा होने वाली उथल-पुथल का असर आम लोगों पर पड़ेगा, जो इसे नहीं चाहते।

दोनों देशों के नागरिक अब टकराव से थक रहे हैं। कुछ सर्वेक्षणों के अनुसार, खासकर युवा अमेरिकी चीन से टकराव के बजाय सहयोग के पक्ष में हैं। चीन में भी लोग लगातार बढ़ती इस होड़ से थक चुके हैं। वे ऐसी अर्थव्यवस्था से दूरी बना रहे हैं, जो उनकी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के बजाय देश की ताकत बढ़ाने और अमेरिका से मुकाबला करने पर ज्यादा जोर देती है। शी जिनपिंग की नजर अगले साल होने वाली कम्युनिस्ट पार्टी शिखर बैठक पर है और वह चाहते हैं कि इस संवेदनशील समय में शांति बनी रहे। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में ट्रंप निश्चित रूप से चीन के साथ कृषि व्यापार समझौते करने को उत्सुक हैं, ताकि उन्हें वे जीत के तौर पर पेश कर सकें। इसलिए दीर्घकालीन नजरिये से यह भेंट कुछ ज्यादा अहम है। एआई एक अहम मुद्दा है और इससे जुड़े खतरे का सामना दोनों देश कर रहे हैं। अमेरिका में, एआई सिस्टम ने संवेदनशील नेटवर्क में सेंध लगाई है और कई बार अप्रत्याशित व्यवहार किया है। इस महीने कैलिफोर्निया की एक सिक्योरिटी फर्म ने खुलासा किया कि एआई ने उन्हें चीन के प्रमुख मैसेजिंग एप 'वीचैट' पर अकाउंट्स को हाईजैक करने का तरीका खोजने में मदद की थी। इसके बाद चीन के शीर्ष खुफिया अधिकारी ने चेतावनी दी कि अगर एआई पर नियंत्रण नहीं रहा, तो यह राजनीतिक सामाजिक स्थिरता के लिए खतरा बन सकता है। ऐसी चिंताओं की वजह से चीन और अमेरिका के लिए तनाव कम करना और बातचीत के रास्ते खुले रखना और भी जरूरी हो गया है। इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि दोनों देश व्यापार, तकनीक और वैश्विक प्रभाव को लेकर एक-दूसरे से होड़ करना बंद कर देंगे।

असली बात यह है कि दोनों देश इस सच्चाई को समझते हैं कि बहुत ज्यादा मांगें और धमकियां किसी भी देश के हित में नहीं हैं, और वे एक स्थिर भविष्य की नींव रख सकते हैं। वाशिंगटन को यह समझना होगा कि चीन दुनिया में अपना असर बढ़ाना चाहता है और विदेशी दबाव के प्रति अपनी कमजोरी को कम करना चाहता है, न कि अपने सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक को कमजोर करना चाहता है। बीजिंग को भी यह समझना होगा कि जब भी वह जरूरी धातुओं पर अपने दबदबे का इस्तेमाल करता है, तो इससे अमेरिका अपनी आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने की कोशिशें तेज कर देता है। इससे चीन की ताकत कम होती है और बीजिंग के इरादों को लेकर अमेरिका का डर और बढ़ जाता है।

# हूती न बदल दें युद्ध का रुख

नितिन गौतम

अपनी भौगोलिक स्थिति के चलते हूती अमेरिका-ईरान के बीच संभावित शांति प्रयासों को दरकिनार कर युद्ध का रुख मोड़ने की पूरी ताकत रखते हैं। कुछ साल पहले तक, यमन के हूती विद्रोही ईरान के प्रतिरोध की धुरी के दूसरे या तीसरे दर्जे के सदस्य माने जाते थे। इसलिए, उन्हें तेहरान की एक सहयोगी इकाई माना जाता था। उत्तरी यमन के बड़े हिस्से पर कब्जा रखने वाला यह हथियारबंद गुट, अगर बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य की नाकेबंदी करता है, तो वह अमेरिका और ईरान युद्ध को फिर से भड़का सकता है, समझौते की कोशिशों को नाकाम कर सकता है और अमेरिका को इस क्षेत्र के संघर्षों में और गहराई तक खींच सकता है। अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण हूती बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य में समुद्री व्यापार को बाधित कर सकते हैं। यह लाल सागर के प्रवेश द्वार पर एक अहम 'चोक पॉइंट' है, जहां से समुद्री व्यापार का 12 से 15 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। लाल सागर के दूसरे छोर पर स्वेज नहर है, जो उत्तरी अमेरिकी व यूरोपीय बाजारों में जाने वाले तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के लिए एक अहम मार्ग है। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने के कारण, हूती अब शक्तिशाली स्थिति में हैं। 2023 में शुरू हुए इस्राइल-गाजा युद्ध की शुरुआत में ही हूतियों ने सस्ते और कम-तकनीकी वाले उपकरणों, जैसे कि वन-वे अटैक ड्रोन, मिसाइल और बिना चालक वाले सतही जहाजों का इस्तेमाल करके लाल सागर में जहाजों पर हमले करके अपनी ताकत दिखा दी थी।

अब हाल ही में हूतियों ने लाल सागर में अपनी स्थिति और मजबूत की है। हूतियों ने रणनीतिक पेरिम (मयून) द्वीप पर कब्जा कर लिया, जबकि इससे एक दिन पहले वे महत्वपूर्ण मोखा बंदरगाह पर भी नियंत्रण कर चुके थे। इससे बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य में उनकी रणनीतिक पकड़ बढ़ी है। इसी बीच, हूतियों ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों तथा यानबू स्थित तेल प्रतिष्ठान समेत अन्य ठिकानों को निशाना बनाने का भी दावा किया। इन घटनाओं से लाल सागर, बाब अल-मंदेब और सऊदी ऊर्जा ढांचे की सुरक्षा पर चिंता बढ़ी है। होर्मुज जलडमरूमध्य के लगभग बंद हो जाने के कारण, लाल सागर-स्वेज मार्ग और भी महत्वपूर्ण हो गया है। इस बात यह है कि सऊदी अरब ने होर्मुज से बचने के लिए कच्चे तेल को पाइपलाइन के जरिये अपने पश्चिमी तट पर स्थित लाल सागर के यानबू बंदरगाह तक पहुंचाने की कोशिश की थी। हूतियों के नए हमलों ने इस विकल्प को बाधित कर दिया है। हूती अपने हितों को लेकर बेहद सजग हैं और अंतरराष्ट्रीय राजनीति को व्यावहारिक नजरिये से देखते हैं। संघर्ष में कब शामिल होना है और कब उसे बढ़ाना है, इसका फैसला वे काफी सोच-समझकर करते हैं। अगर होर्मुज के साथ बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य भी बंद होता है, तो इसके नतीजे गंभीर हो सकते हैं। जहां अमेरिका ईरान के साथ युद्ध को खत्म करने की कोशिश कर रहा है, वहीं हूती यमन में अपना युद्ध फिर से शुरू करने की धमकी दे रहे हैं। इससे सऊदी अरब के भी संघर्ष में उतरने, वैश्विक तेल व्यापार के प्रभावित होने और पूरे क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ने का खतरा है। हूतियों से सीधे निपटे बिना क्षेत्रीय तनाव को कम करना मुश्किल होगा। यह मानना भी सही नहीं होगा कि ईरान से निपटने भर से इस समस्या का हल हो जाएगा। यह उम्मीद भी नहीं करनी चाहिए कि ईरान के साथ कोई समझौता हूतियों के अगले कदमों को नियंत्रित कर सकेगा। इसलिए, वैश्विक समुदाय को हूतियों को ऐसे व्यावहारिक, पर घातक पक्ष के रूप में देखना चाहिए, जो अपने हितों को ध्यान में रखकर फैसले लेता है।

# अमेरिकी धरती पर खड़े होकर ट्रंप को घेरना आसान नहीं, मगर मैक्रों, पेजेशकियन, अहमद अल-शरा और सिल्वा ने ये कर दिखाया



नीरज कुमार दुबे

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं**

संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक अधिवेशन में इस बार एक अनोखी तस्वीर देखने को मिली। अमेरिकी धरती न्यूयॉर्क पर खड़े होकर कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने जिस तरह अमेरिका की नीतियों को ही आड़े हाथ लिया, उससे वैश्विक राजनीति में बढ़ती बेचैनी साफ दिखाई दी। ईरान ने सीधे अमेरिका को चुनौती दी, फ्रांस ने महाशक्तियों के तकनीकी और सामरिक वर्चस्व पर सवाल उठाए, सीरिया ने गोलान पहाड़ियों पर अमेरिकी नीति को खारिज किया, जबकि ब्राजील और तुर्किये जैसे देशों ने संप्रभुता, विदेशी हस्तक्षेप और मौजूदा वैश्विक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। संदेश साफ है कि दुनिया की अनेक सरकारें मौजूदा अंतरराष्ट्रीय संकटों के लिए अमेरिकी नीतियों और व्यापक शक्ति आधारित राजनीति को जिम्मेदार ठहराते हुए अब ज्यादा मुखर दिखाई दे रही हैं।

इस पूरे घटनाक्रम में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का भाषण बेहद महत्वपूर्ण रहा। 22 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में मैक्रों ने चेतावनी दी कि दुनिया कहीं फिर से जंगल के कानून की ओर न लौट जाए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था उस समय कमजोर होती है जब ताकतवर देश नियमों और संस्थाओं से ऊपर खुद को समझने लगते हैं। मैक्रों ने सबसे तीखा सवाल कृत्रिम बुद्धिमत्ता के भविष्य को लेकर उठाया। उनका कहना था कि दुनिया का भविष्य केवल अमेरिका, चीन या कुछ बड़ी निजी कंपनियों के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने तकनीकी संप्रभुता, ओपन सोर्स अत्याधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणालियों और रक्षा, साइबर सुरक्षा तथा अंतरिक्ष क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय नियमों की आवश्यकता पर जोर दिया। यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है।

गाजा के मुद्दे पर भी मैक्रों ने पश्चिमी देशों की नीतियों को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने गाजा की मानवीय स्थिति को बेहद गंभीर बताते हुए मौजूदा शांति प्रयासों पर सवाल उठाया। पश्चिमी तट में बस्तियों से जुड़ी हिंसा की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों की संप्रभुता का उल्लंघन इजराइल के भविष्य को सुरक्षित नहीं कर सकता। यूक्रेन युद्ध को लेकर उन्होंने नागरिक और ऊर्जा ढांचे पर हमले रोकने तथा काला सागर से अनाज परिवहन की सुरक्षा के लिए दोहरी अस्थायी युद्धविराम व्यवस्था का प्रस्ताव भी रखा। लेकिन संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका को सबसे सीधी चुनौती ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की ओर से मिली। 23 सितंबर को पेजेशकियन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक दिन पहले दिए गए कड़े बयान का जवाब देते हुए कहा कि ईरान दबाव के आगे नहीं झुकेगा। उन्होंने अमेरिका और इजराइल पर ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का आरोप लगाते हुए ईरान को आतंकवाद का दोषी नहीं, बल्कि आतंकवाद का पीड़ित बताया।

पेजेशकियन ने ईरान के खिलाफ सैन्य और आर्थिक दबाव को लेकर कहा कि उनका देश घुटने नहीं टेकेगा। उन्होंने परमाणु हथियार हासिल करने की इच्छा से इंकार किया, शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक, विशेषकर चिकित्सा, कृषि के लिए, इन पर किसी तरह की पाबंदी स्वीकार करने से भी इंकार कर दिया। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर भी उन्होंने ईरान के नौवहन अधिकारों पर जोर दिया अमेरिकी नाकेबंदी समाप्त करने की मांग रखी। हालांकि ईरानी राष्ट्रपति ने युद्ध के बीच कूटनीति का दरवाजा पूरी तरह बंद नहीं किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बातचीत संभव है, लेकिन इसके लिए अमेरिका को धमकी, बल प्रयोग और प्रतिबंधों की भाषा छोड़नी होगी। इसी बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बीच कतर की मध्यस्थता से अप्रत्यक्ष बातचीत भी हुई, लेकिन तत्काल कोई बड़ी सफलता सामने नहीं आई। ईरानी पक्ष आर्थिक और समुद्री प्रतिबंध हटाने तथा फ्रीज हुए धन से जुड़े मुद्दों पर अपनी शर्तों पर कायम रहा। इस टकराव का सबसे नाटकीय दृश्य तब देखने को मिला जब पेजेशकियन के भाषण के दौरान अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र महासभा कक्ष से बाहर चला गया। एक ओर मंच पर ईरान अमेरिका को चुनौती दे रहा था, दूसरी ओर पर्दे के पीछे दोनों पक्षों के बीच बातचीत भी चल रही थी। यानी युद्ध और कूटनीति एक साथ आगे बढ़ते दिखाई दिए।



वहीं सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने भी अमेरिकी नीति पर खुला प्रहार किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में स्पष्ट कहा कि गोलान पहाड़ियां सीरिया की भूमि हैं और किसी भी बाहरी शक्ति को सीरियाई क्षेत्र किसी दूसरे देश को सौंपने का अधिकार नहीं है। उनका यह बयान अमेरिका द्वारा गोलान पहाड़ियों पर इजराइली संप्रभुता को मान्यता देने वाली नीति के सीधे विरोध में था। साथ ही अल-शरा ने इजराइली सैन्य कार्रवाइयों का उल्लेख करते हुए सैकड़ों हवाई हमलों, बड़ी संख्या में घुसपैठ और गिरफ्तारियों का आरोप लगाया तथा इजराइली सेना की वापसी और 1974 के अलगाव समझौते के पालन की मांग की। साथ ही उन्होंने युद्ध के बाद सीरिया के पुनर्निर्माण की तस्वीर भी पेश की। उन्होंने सरकारी संस्थाओं को स्थिर करने, हथियारों को केंद्रीय सरकार के नियंत्रण में लाने, संक्रमणकालीन न्याय लागू करने और मादक पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई की बात भी कही।

उधर, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने भी विदेशी हस्तक्षेप और राष्ट्रीय संप्रभुता के सवाल को प्रमुखता दी। उन्होंने कहा कि ब्राजील किसी बाहरी शक्ति का पिछलग्गू नहीं है और विदेशी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं किया जाएगा। वहीं तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगान ने भी संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था और सुरक्षा परिषद की मौजूदा संरचना पर सवाल उठाए,गाजा के मुद्दे पर इजराइल को मिल रहे समर्थन की आलोचना की। देखा जाये तो इस पूरे घटनाक्रम को केवल अमेरिका-विरोधी भाषणों की श्रृंखला नहीं माना जा सकता। असली मुद्दा तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था का है। संयुक्त राष्ट्र के मंच पर अलग-अलग देशों की आवाजें यह सवाल उठा रही हैं कि क्या सैन्य ताकत, आर्थिक प्रतिबंध, तकनीकी वर्चस्व और कूटनीतिक दबाव के दम पर विश्व व्यवस्था चलाई जा सकती है। न्यूयॉर्क में इस बार अमेरिका के सामने सवाल केवल ईरान का नहीं था। सवाल यह था कि क्या दुनिया कुछ शक्तिशाली देशों और बड़ी तकनीकी कंपनियों के निर्णयों से चलेगी या फिर संप्रभुता, अंतरराष्ट्रीय कानून और बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका दोबारा मजबूत होगी। संयुक्त राष्ट्र महासभा का यह अधिवेशन इसी टकराव को बेहद तीखे ढंग से दुनिया के सामने रख रहा है।

## रूसी बलों का यूक्रेन के रक्षा संयंत्रों एवं रसद केंद्रों पर हमला जारी

**मास्को (स्पूतनिक), (वार्ता)।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि रूसी सशस्त्र बलों ने यूक्रेन के रक्षा उद्योग संयंत्रों एवं रसद केंद्रों के साथ-साथ उसकी सेना की मदद करने वाले नौसैनिक जहाजों पर पूरी रात हमला किया।मंत्रालय ने एक बयान में कहा, आज रात, रूसी सेना ने मानव रहित विमानों (यूएवी) का इस्तेमाल करके रक्षा उद्योग एवं रसद केंद्रों के साथ-साथ यूक्रेन की सेना की मदद करने वाले नौसैनिक जहाजों पर हमला जारी रखा। बयान में कहा गया कि रूसी सेना ने कीव इलाके में यूएवी निर्माण एवं भंडारण स्थल पर हमला किया, जहां फ्लेमिंगो रॉकेट में इस्तेमाल होने वाले इंजन रखे हुए थे। साथ ही रेनी बंदरगाह पर यूक्रेनी सेना की मदद के लिए रखे गये सैन्य उपकरणों वाले तीन गोदामों और अवसंरचना सुविधाओं पर भी हमला किया गया। बयान में कहा गया, हमले में समुद्र के रास्ते जा रहा एक खाली कार्गो जहाज भी क्षतिग्रस्त हो गया। यह जहाज यूक्रेनी सेना की मदद के लिए ओडेसा बंदरगाह पर सैन्य उपकरण और दोहरे उपयोग वाला कार्गो पहुंचा रहा था।

## कार्नी ने कनाडा के खिलाफ़ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई की संभावना पर किया विचार

**ओटावा, (वार्ता)।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कनाडा के खिलाफ़ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई की सुदूर संभावना पर विचार किया है। यह जानकारी शुक्रवार को बीबीसी ने श्री कार्नी द्वाराद न्यूयॉर्क टाइम्सको दिए एक इंटरव्यू के हवाले से दी। श्री कार्नी ने द न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि उनके प्रशासन ने उस बेहद गंभीर जोखिम वाली स्थिति की सावधानी से जांच की है जिसमें अमेरिका उनके देश के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर सकता है और उसी के अनुसार तैयारी भी की है; हालांकि उन्होंने इस बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। श्री कार्नी ने कहा, मुझे लगता है कि इन भूमिकाओं में हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम बहुत कम संभावना वाले लेकिन बहुत गंभीर जोखिम पर भी ध्यान दें। यह बस रिस्क मैनेजमेंट है। यह कोई आम स्थिति नहीं है लेकिन इसके लिए तैयारी न करना गैर-ज़िम्मेदाराना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। अगर कोई टकराव होता है तो वह बहुत असंतुलित होगा। सरकारों के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिकी सेना में 20 लाख से ज़्यादा सक्रिय एवं रिज़र्व सैनिक हैं जबकि कनाडा के पास दो लाख से भी कम सैनिक हैं। इसी तरह, 2024 तक अमेरिका के पास 65 सैन्य सबमरीन थीं जबकि कनाडा के पास सिर्फ़ चार थीं। हालांकि कनाडा की तटरेखा दुनिया में सबसे लंबी है और यह आर्कटिक के करीब है; इन्हीं दो कारणों से श्री कार्नी ने पद संभालने के बाद से रक्षा खर्च बढ़ाने का फैसला किया है। राष्ट्रपति ट्रंप अक्सर कनाडा को 51वां राज्य बताते रहे हैं। उन्होंने कनाडा के साथ व्यापार युद्ध भी शुरू किया था जो पिछले महीने और गहरा गया क्योंकि दोनों देशों ने कई उत्पादों पर एक-दूसरे के खिलाफ़ टैरिफ़ लगाने शुरू कर दिए। श्री कार्नी ने बताया कि तब से लेकर अब तक वह श्री ट्रंप से अक्सर बात करते रहे हैं।

## रूस के चुनावों में पश्चिम का दखल : सर्गेई नारिशकिन

**मास्को, (स्पुतनिक/वार्ता।)** रूस की विदेशी खुफिया सेवा (एसवीआर) के निदेशक सर्गेई नारिशकिन ने कहा कि पश्चिमी देशों ने रूस के चुनावों में दखल दिया है और विदेशी खुफिया सेवा ने इस बात पर ध्यान दिया है। श्री नारिशकिन ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा, पश्चिमी देशों की ओर से हस्तक्षेप हुआ था और हमने उस पर ध्यान दिया। हमने इस बात पर भी गौर किया कि यूरोपीय संघ आयोग ने पहले से ही एक दस्तावेज़ तैयार कर लिया था जिसमें चुनावों को दोषपूर्ण बताया गया था। इससे पहले, एसवीआर प्रेस ब्यूरो ने कहा था कि काउंसिल ऑफ़ यूरोप की संसदीय सभा और यूरोपीय संसद, कथित उल्लंघनों के कारण रूस के चुनावों के नतीजों को खारिज करने वाले बयान तैयार कर रही थीं। हालांकि यूरोपीय संस्थाओं ने इन दावों का समर्थन नहीं किया है।

# हम जीतेंगे: नेतन्याहू ने संरा से बड़े पैमाने पर बहिर्गमन की परवाह नहीं की, 'नरसंहार के आरोप' को नकारा

न्यूयॉर्क, (वार्ता)

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में गाज़ा, ईरान और पूरे क्षेत्र में इज़रायल के युद्धों का डटकर बचाव किया। उन्होंने नरसंहार के आरोपों को खारिज किया और अंतरराष्ट्रीय आलोचकों पर निशाना साधा, जबकि दर्जनों राजनयिकों ने उनके मंच पर आते ही हॉल से बहिर्गमन कर दिया। श्री नेतन्याहू ने उन आरोपों को खारिज कर दिया कि इज़रायल गाज़ा में नरसंहार कर रहा है; इसके बजाय उन्होंने इसे नरसंहार के ठीक उलट बताया। इस बीच, फ़िलिस्तीनी प्रतिनिधिमंडल के समर्थन में आयोजित एक सुनियोजित वॉकआउट के तहत राजनयिक बाहर निकलने लगे। श्री नेतन्याहू ने रुकने के बजाय, हॉल में बैठे लोगों को चुनौती दी- अगर कोई और नैतिक रूप से कायर व्यक्ति है जिसने अभी तक हॉल नहीं छोड़ा है, तो कृपया अभी ऐसा कर ले।श्री नेतन्याहू ने कहा, हम जीतेंगे। हमारे पास कोई और विकल्प नहीं है। उन्होंने अपने दिवंगत भाई योनातन नेतन्याहू का ज़िक्र किया, जो 1976 के एंटेबे बंधक बचाव अभियान में मारे गए थे। उनके भाषण में गाज़ा युद्ध को लेकर इज़रायल की नीति, कब्ज़े वाले पश्चिमी तट सेटलर्स (वहाँ बसे लोगों) की हिंसा या ईरान के ख़िलाफ़ अमेरिका के साथ मिलकर लड़े जाने वाले युद्ध समेत दूसरे क्षेत्रीय संघर्षों की योजनाओं के बारे में कोई नई बात नहीं थी। श्री नेतन्याहू ने इन आरोपों को भी कड़ाई से खारिज कर दिया कि इज़रायल गाज़ा में नरसंहार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध नरसंहार नहीं है – बल्कि यह नरसंहार के ठीक उलट है।

न्यूयॉर्क शहर के मेयर ज़ोहरान मम्दानी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा,तो, जो लोग मेरे देश और हमारे बहादुर सैनिकों के बारे में ये झूठ फैला



रहे हैं – चाहे वे इस हॉल में बैठे हों या न्यूयॉर्क के यहूदी-विरोधी मेयर के दफ़्तर में – मैं उनसे यही कहूँगा- आपको शर्म आनी चाहिए! इज़रायल ने हमेशा इस बात से इनकार किया है कि गाज़ा में उसकी कार्रवाई नरसंहार के बराबर है, उसका कहना है कि उसका सैन्य अभियान आत्मरक्षा के लिए जायज़ है। इज़रायल का यह हमला 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुआ था, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। गाज़ा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इज़रायल के सैन्य अभियान के दौरान 73,920 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं। श्री नेतन्याहू ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन पर भी हमला बोला और उन्हेंतानाशाह कहा जो हमास के आतंकवादियों को पनाह देते हैंतुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय के संचार निदेशक बुरहानेटिन दुरान ने श्री नेतन्याहू पर बेबुनियाद आरोप लगाने का आरोप लगाया और कहा कि ये आरोप संयुक्त राष्ट्र के शांति, कानून और बातचीत के आदर्शों के खिलाफ हैं। उन्होंने उपनिवेशवाद के आरोपों को लेकर ब्रिटेन और फ्रांस की भी आलोचना की। श्री नेतन्याहू ने कहा, वे इज़रायल पर (इतने छोटे से इज़रायल पर) उपनिवेशवाद का आरोप लगाते हैं। और हम पर आरोप कौन लगा रहा है? इनमें ब्रिटेन और फ्रांस के लोग शामिल हैं। भगवान के लिए, यह शब्द तो उन्होंने ही बनाया था। जब न्यूयॉर्क शहर की सड़कों पर विरोध प्रदर्शन शुरू हुए, तो नेतन्याहू ने गाज़ा में मानवीय संकट की आलोचना करने वालों, अंतरराष्ट्रीय मीडिया, वामपंथी कमेंटेटर हसन पिकर और ममदानी पर निशाना साधा। उनका यह भाषण चुनावों से पहले अपने दक्षिणपंथी समर्थकों में जोश भरने के मकसद से दिया गया था।

उन्होंने अल-शारा पर भी हमला करते हुए कहा- आपको पता होना चाहिए कि मूसा के ज़माने से ही यहूदी गोलान हाइट्स पर रह रहे हैं। आप इसे बाइबिल में पढ़ सकते हैं। श्री नेतन्याहू ने कहा कि इज़रायल हमास, हिज़्बुल्लाह, हूती, ईरान, इराक में मिलिशिया, सीरिया में मिलिशिया और जुडिया और सामरिया में फ़िलिस्तीनी आतंकवादियों समेत सात मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा है। उन्होंने कहा, वे सभी हमें दुनिया से मिटाने के लिए एकजुट हो गए। वे नाकाम रहे। यह भाषण फ़िलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के रामल्लाह से वीडियो लिंक के ज़रिए सभा को संबोधित करने के कुछ घंटों बाद हुआ, क्योंकि उन्हें लगातार दूसरे साल अमेरिका का एंट्री वीज़ा नहीं मिला था।

## निवेश का केंद्र बनकर देश का विकास इंजन बनने की दिशा में बढ़ रहा उत्तर प्रदेश: शाह

ग्रेटर नोएडा, (वार्ता)

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कभी अपराध की इंडस्ट्री चलती थी, शहर-शहर वाहन चोरी के कुटीर उद्योग लगते थे और अवैध कट्टे बनाए जाते थे, लेकिन आज उसी उत्तर प्रदेश में कट्टा उद्योग की जगह डिफेंस कॉरिडोर, वाहन चोरी की जगह वाहन निर्माण और चेन स्नैचिंग की जगह मेडिकल डिवाइस पार्क बन रहा है। उन्होने कहा कि यह परिवर्तन डबल इंजन की सरकार में आया है और उत्तर प्रदेश देश-दुनिया के निवेश का प्रमुख केंद्र बन रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री गुरुवार को ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री शाह ने कहा कि वर्ष 2013 में उत्तर प्रदेश का हाल यह था कि लखनऊ में औद्योगिक निवेश सम्मेलन कराने की स्थिति नहीं थी। अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए दिल्ली में



आयोजन किया था। आज वही उत्तर प्रदेश निवेश का केंद्र बनकर देश का विकास इंजन बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। निवेश के लिए कानून-व्यवस्था, अनुकूल औद्योगिक नीति, सक्रिय सरकार और उद्योगों को सुविधा देने की आवश्यक है और उत्तर प्रदेश में ये सभी स्थितियां मौजूद हैं। इसी का परिणाम है कि प्रदेश ने वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य तय किया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के झांसी, चित्रकूट, लखनऊ, आगरा, अलीगढ़ और कानपुर में डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड विकसित किए जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में रक्षा उपकरणों के निर्माण के लिए निवेश आ रहा है। देश का रक्षा उत्पादन अब करीब 1.78 लाख करोड़ रुपये को पार कर चुका है और 2013-14 की तुलना में रक्षा उत्पादों के निर्यात में 56 गुना वृद्धि हुई है। आज भारत के रक्षा उत्पाद करीब 80 देशों को निर्यात किए जा रहे हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश का भी महत्वपूर्ण योगदान है। उत्तर प्रदेश सरकार ने डिफेंस कॉरिडोर के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर और अनुकूल नीतियों के जरिए निवेश को सुगम बनाने का काम किया है। अमेठी में निर्मित एके-203 राइफल और उत्तर प्रदेश में बन रहे रक्षा उत्पाद देश की नई औद्योगिक क्षमता को दर्शाते हैं। श्री शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) की महत्वपूर्ण भूमिका है। परंपरागत उद्योगों और हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराया गया है। कभी रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाने वाले प्रदेश के युवाओं को आज अपने ही राज्य में रोजगार और उद्यम के अवसर मिल रहे हैं। भदोही का कालीन, फिरोजाबाद का कांच, सहारनपुर की काष्ठ कला, कन्नौज का इत्र और बनारस की रेशमी साड़ी ने देश-दुनिया में पहचान बनाई है।

उन्होंने विश्वास जताया कि यूपी के पारंपरिक उत्पादों के साथ वाराणसी की मलाईयो, तिरंगा बर्फी, आगरा के पेठा, मथुरा के पेड़ा और मेरठ की गजक जैसे उत्पादों को भी व्यापक बाजार मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के चौथे संस्करण में देश-दुनिया से आए खरीदारों और उद्यमियों की भागीदारी प्रदेश में निवेश, उत्पादन और बिक्री की संभावनाओं को बढ़ाएगी। पहले संस्करण में राष्ट्रपति, दूसरे में उपराष्ट्रपति और तीसरे संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति रही, जबकि चौथे संस्करण के उद्घाटन में शामिल होकर उन्हें प्रसन्नता हो रही है। 2025 के ट्रेड शो में पांच लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया था और 2,400 से अधिक एमओयू हुए थे।

## ऑनलाइन बच्चों का यौन शोषण: केरल में आठ लोग गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम, (वार्ता)।** केरल पुलिस ने बच्चों के यौन शोषण से जुड़े कंटेंट को ऑनलाइन फैलाने के खिलाफ %ऑपरेशन पी-हंट% को तेज़ कर दिया है। पुलिस ने राज्य भर में अचानक छापेमारी करके आठ लोगों को गिरफ्तार किया और मोबाइल फोन, हार्ड डिस्क और मेमोरी कार्ड समेत 212 इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ज़ब्त किए। ये छापेमारी ज़िला पुलिस प्रमुखों की सीधी देखरेख में बनी 150 विशेष जांच टीमों ने राज्य भर में 398 संदिग्ध जगहों पर कीं। इस अभियान का मकसद उन लोगों को पकड़ना था जो ऑनलाइन बच्चों के यौन शोषण से जुड़ा कंटेंट बेचने और फैलाने में शामिल थे, साथ ही उन लोगों को भी जो बार-बार ऐसा अपराध कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि ऐसा कंटेंट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप और क्लाउड स्टोरेज सर्विस के ज़रिए फैलाया जा रहा था। पुलिस को ऐसे मामले भी मिले जिनमें नाबालिगों के वेबकैम का एक्सेस पाने और उनकी निजी जानकारी चुराने के लिए मैलवेयर का इस्तेमाल किया गया था। साइबर पुलिस की काउंटरिंग चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लॉइटेशन (सीसीएसई) टीम ने आईपी एड्रेस और दूसरे डिजिटल सबूतों की जांच करके संदिग्धों का पता लगाया। इस अभियान के तहत सूचना तकनीकी कानून के तहत कुल 135 मामले दर्ज किए गए। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 106 के तहत 70 रिपोर्ट और नौ सोशल बैकग्राउंड रिपोर्ट भी तैयार की गईं। केरल पुलिस के साइबर ऑपरेशन्स विंग के तहत पिछले छह सालों से काम कर रही सीसीएसई टीम ने अब तक ऐसे अपराधों की जांच में 2,306 मामले दर्ज किए हैं और 403 लोगों को गिरफ्तार किया है। ज़ब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

## स्काउट-गाइड बच्चों में सेवा,अनुशासन और नेतृत्व की भावना विकसित करता है : डीएम

पौड़ी, (वार्ता)

उत्तराखंड के पौड़ी में भारत स्काउट एवं गाइड की राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा का शुक्रवार को जिलाधिकारी एवं भारत स्काउट-गाइड की जनपदीय पदेन अध्यक्ष स्वाति एस. भदौरिया ने शुभारंभ किया। भारत स्काउट-गाइड भवन एवं राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी नगर में आयोजित पांच दिवसीय जांच परीक्षा में जनपदभर से चयनित स्काउट एवं गाइड प्रतिभाग कर रहे हैं। परीक्षा 25 से 29 सितंबर तक चलेगी।कार्यक्रम का शुभारंभ स्काउट-गाइड ध्वज फहराने और गीत के साथ हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रतिभागी बच्चों से संवाद कर कैंप में ठहरने, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्काउट-गाइड गतिविधियां विद्यार्थियों को समाज से जुड़ने तथा सेवा, अनुशासन, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का अवसर देती हैं। उन्होंने बच्चों से कैंप के अनुभव भी साझा किए। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षाधिकारी को जनपद के सभी विकासखंडों में स्काउट-गाइड गतिविधियों के लिए वार्षिक कैलेंडर एवं कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में वर्षभर नियमित गतिविधियां आयोजित कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड से जोड़ा जाए। जिला स्काउट गाइड सचिव केसर सिंह असवाल ने बताया कि पांच दिवसीय कैंप में प्रतिभागियों की राज्य पुरस्कार से संबंधित विभिन्न दक्षताओं और निर्धारित मानकों के आधार पर जांच परीक्षा ली जा रही है।

## भाजपा-आरएसएस की युवा वोटरों को मतदाता सूची से बाहर रखने की साजिश : कांग्रेस

**नयी दिल्ली,(वार्ता)।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (भाजपा-आरएसएस) और चुनाव आयोग मिलकर युवा मतदाताओं, विशेषकर जेन-जी को मतदाता सूची से बाहर रखने की साजिश कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जनवरी 2024 से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को रोककर रखने और अवैध तथा अनधिकृत तरीके से फॉर्म-6 में बदलाव कर जेन-जी मतदाताओं को जानबूझकर मतदाता सूची से बाहर रखने का प्रयास किया जा रहा है।

## त्रिपुरा सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा आरोग्य मंदिर भी बना रही है : साहा


अगरतला, (वार्ता)

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार लोगों को बेहतर तरीके से ज़रूरी चिकित्सा सेवाएं देने के लिए राज्य भर में मौजूदा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा आरोग्य मंदिर भी बना रही है। डॉ साहा ने बताया कि 1,110 आरोग्य मंदिर पहले ही बनाये जा चुके हैं और गाँव के स्तर पर बुनियादी चिकित्सा ढांचा को बेहतर बनाने की कोशिशें भी चल रही हैं, साथ ही ज़िला और रेफरल अस्पतालों में सुविधाओं को और बेहतर किया जायेगा। शहर में राधा नगर, जगहरीमुरा, उजान अभयनगर, धलेश्वर और रामकृष्ण शिवालय आश्रम में अर्बन आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया गया। एडी नगर में 2.10 करोड़ रुपये की लागत से 12 कमरों वाले अर्बन पॉलीक्लिनिक का निर्माण भी पूरा हो गया है, जिससे राज्य के अस्पतालों पर दबाव कम होगा। राज्य सरकार स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता देती है। सुधारों के कारण राज्य के बाहर रेफर किए जाने वाले मरीज़ों की संख्या में कमी आयी है। यह संख्या 2023 में 555 थी जो 2026 में अब तक घटकर 161 हो गयी है। लोगों को राज्य के भीतर ही सही इलाज मिले, इसके लिए कोशिशें जारी हैं। पहाड़ी इलाकों में सैटेलाइट स्वास्थ्य केन्द्र दूर-दराज़ के इलाकों तक सेवाएँ पहुँचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। ग्रामीण अस्पतालों में डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी और आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ देने में अहम योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन ने इलाज की गुणवत्ता को काफी बेहतर बनाया है और इस प्रणाली को और आगे बढ़ाने के लिए अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज के जीबीपी अस्पताल में एक अत्याधुनिक स्टूडियो बनाने की योजना है। ई-संजीवनी सिस्टम भी अहम भूमिका निभाता है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## फिल्म इंडस्ट्री के स्टाइल आइकॉन थे फिरोज खान

फिल्म इंडस्ट्री में फिरोज खान को स्टाइल आइकॉन के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने नायक की परंपरागत छवि के विपरीत अपनी एक विशेष शैली गढ़ी जो आकर्षक और तड़क-भड़क वाली छवि थी। 25 सितंबर 1939 को बेंगलूरू में जन्में फिरोज खान ने बेंगलूरू के बिशप कॉटनब्वायज स्कूल और सेंट जर्मन ब्वायज हाई स्कूल से पढ़ाई की और अपनी किस्मत आजमाने के लिए मुंबई आ गए।वर्ष 1960 में फिल्म दीदी में उन्हें पहली बार अभिनय करने का मौका मिला। इस फिल्म में वह सहनायक थे। इसके बाद अगले पांच साल तक अधिकतर फिल्मों में उन्हें सहनायक की भूमिकाएं ही मिलीं। जल्दी ही उनकी किस्मत का सितारा चमका और उन्हें 1965 में फणी मजूमदार की फिल्म ऊंचे लोग में काम करने का मौका मिला। इस फिल्म में फिरोज खान के सामने अशोक कुमार और राजकुमार जैसे बड़े कलाकार थे, लेकिन अपने भावप्रवण अभिनय से वह दर्शकों में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे। वर्ष 1965 में ही फिरोज खान की एक और फिल्म आरजू प्रदर्शित हुई, जिसमें राजेन्द्र कुमार नायक और साधना नायिका थीं। इस फिल्म में उन्होंने अपने प्रेम की कुबार्नी देने वाले युवक का किरदार निभाया। 1969 में उनकी फिल्म आदमी और इंसान प्रदर्शित हुयी। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ सहनायक का पुरस्कार मिला।फिरोज खान अपने भाई संजय खान के साथ भी कुछ फिल्मों में दिखाई दिए, जिनमें उपासना, मेला, नागिन जैसी हिट फिल्में शामिल हैं।वर्ष 1972 में प्रदर्शित फिल्म अपराध से फिरोज खान ने निर्माता-निर्देशक के रूप में अपनी पारी की सफल शुरुआत की। इसके बाद फिरोज खान ने धमार्त्मा, कुबार्नी, जांबाज, दयावान, यलगार, प्रेम अगन और जानशीं जैसी कुछ फिल्मों का निर्माण किया।फिल्म निर्माण और निर्देशन के क्रम में फिरोज खान ने हिन्दी फिल्मों में कुछ नयी बातों का आगाज किया। अपराध भारत की पहली फिल्म थी, जिसमें जर्मनी में कार रेस दिखाई गई थी। धर्मात्मा की शूटिंग के लिए वह अफगानिस्तान के खूबसरत लोकशनों पर गए। इससे पहले भारत की किसी भी फिल्म का वहां फिल्मांकन नहीं किया गया था।



फिरोज खान ने अपने करियर की सबसे हिट फिल्म कुबार्नी से पाकिस्तान की पॉप गायिका नाजिया हसन के संगीत करियर की शुरुआत करायी। फिरोज खान उन चंद अभिनेताओं में एक थे, जो अपनी ही शर्त पर फिल्म में काम करना पसंद करते थे। इस वजह से उन्होंने कई अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव ठुकरा दिए थे। राजकपूर की फिल्म संगम में राजेन्द्र कुमार और आदमी फिल्म में मनोज कुमार वाली भूमिका के लिये उन्होंने मना कर दिया था। वर्ष 2003 में फिरोज खान ने अपने पुत्र फरदीन खान को लांच करने के लिये जानशीन का निर्माण किया। बॉलीवुड में लेडी किलर के नाम से मशहूर फिरोज खान ने चार दशक लंबे सिने करियर में लगभग 60 फिल्मों में अभिनय किया। फिरोज खान ने फिल्म निर्माण की अपनी विशेष शैली बनायी थी। फिरोज खान की निर्मित फिल्मों पर नजर डालें तो उनकी फिल्में बड़े बजट की हुआ करती थीं जिनमें बड़े-बड़े सितारे आकर्षक और भव्य सेट, खूबसूरत लोकेशन, दिल को छू लेने वाला गीत, संगीत और उम्दा तकनीक देखने को मिलती थी।अपने विशिष्ट अंदाज से दर्शकों के बीच खास पहचान वाले फिरोज खान 27 अप्रैल 2009 को इस दुनिया को अलविदा कह गये।



## रानी ड्रायक्लीनर्स से हिंदी फीचर फिल्म में डेब्यू करेंगे अशोक पाठक

पंचायत में बिनोद के किरदार से लोकप्रिय हुए अशोक पाठक अब हिंदी फीचर फिल्म रानी ड्रायक्लीनर्स में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मानसी गुप्ते, अनीश कुमार और दुष्यंत सैंड निर्मित इस फिल्म का निर्देशन सागर कुमार शर्मा ने किया है। यंत्रा पिक्चर्स और ग्लोबॉट्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस सोशल-ड्रामा फिल्म की पूरी शूटिंग उत्तराखंड में एक ही शेड्यूल में पूरी की गई है। फिल्म की कहानी और रिलीज डेट को फिलहाल गोपनीय रखा गया है। फिल्म में अपहरण और डार्क 7 व्हाइट फेम मोनिका चौधरी भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म के गीतों को रेखा भारद्वाज, जावेद अली, नकाश अजीज और कैलाश खेर ने आवाज दी है।

फिलहाल रानी ड्रायक्लीनर्स पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। निर्माताओं की ओर से आने वाले महीनों में फिल्म की कहानी और रिलीज से जुड़ी जानकारी साझा की जा सकती है।

## लव एंड वॉर में आलिया भट्ट का लुक जारी

संजय लीला भंसाली की बहुप्रतीक्षित फिल्म %लव एंड वॉर% से आलिया भट्ट के दो पोस्टर जारी कर दिए गए हैं। रणबीर कपूर के फर्स्ट लुक के बाद सामने आए आलिया के पोस्टर में उनका ग्लैमरस और रेट्रो अंदाज नजर आ रहा है।



पोस्टर में आलिया कुर्सी पर बैठी दिखाई दे रही हैं। उन्होंने आकर्षक स्लिट स्कर्ट के साथ हेडपीस पहना है। रिच बैकग्राउंड और रेट्रो अंदाज वाले पोस्टर में आलिया का लुक स्टाइलिश और आत्मविश्वास से भरपूर नजर आता है। लव एंड वॉर में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। संजय लीला भंसाली निर्देशित यह फिल्म 21 जनवरी 2027 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में दुनिया भर में रिलीज होगी।

## हमारी राधा में बढ़ा रिश्तों का तनाव, तलाक के फैसले तक पहुंचे गैरी



अनमोल टीवी के शो हमारी राधा में रिश्तों के बीच तनाव बढ़ गया है। शनाया (वैदेही नायर) ने गैरी (अक्षय म्हात्रे) को राधा (सिमरन कौर) और उसके बीच किसी एक को चुनने के लिए 24 घंटे का समय दिया है।राधा शनाया को घर से जाने के लिए कहती है और उसका सामान बाहर फेंक देती है। इसके बाद शनाया गैरी के सामने शर्त रखती है कि वह 24 घंटे में फैसला करे। दबाव में गैरी वकील से मिलकर राधा को तलाक देने की बात करता है, जिसे सुबोध सुन लेता है। इस बीच तनाव के कारण गैरी को पैनिक अटैक आ जाता है। राधा उसकी तबीयत को लेकर चिंतित रहती है, लेकिन गैरी शनाया से मिलने के लिए चला जाता है। वह तलाक के कागज लेकर शनाया से मिलता है और उसके साथ रहने का वादा करता है। अब देखना है कि राधा को गैरी के फैसले की सच्चाई कब पता चलती है और क्या गैरी अपने परिवार को छोड़कर शनाया को चुनता है।

### अवैध शराब पर कोतवाली पुलिस की विगत चार दिनों में तीसरी बड़ी कार्यवाही

# 42 पेटियों में 362 लीटर शराब जब्त, एक शातिर आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को लगातार बड़ी सफलताएं मिल रही हैं।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में दिनांक 23/09/2026 की रात्रि में कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। घटना दिनांक 23/09/2026 को रात्रि भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गंज वार्ड में रेलवे लाइन किनारे एक खंडहर मकान में बिक्री हेतु भारी मात्रा में अवैध शराब रखी गई है। सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा टीम



गठित कर मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई। मौके पर मकान के बाहर खड़ा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अपना नाम अमन राय पिता रविन्द्र राय उम्र 26 वर्ष निवासी खेड़ापति मंदिर के पास, मंगलीपेठ, सिवनी बताया। उसने बताया कि उक्त मकान अचल कुचबंदिया का है जो विगत 5-6 वर्षों से खंडहर पड़ा है। संदेही द्वारा मकान खुलवाकर तलाशी लेने पर कमरे में खाकी कार्टूनों में रखी कुल 42 पेटी शराब बरामद हुई- 33 पेटी सफेद देशी प्लेन शराब - 07 पेटी देशी मसाला शराब क्वार्टर - 01 कार्टून में 48 नग मैकडॉवेल नंबर-1 रम (8.64 लीटर) - 01 कार्टून में 12 नग ओल्ड मोंक रम 750एमएल (9 लीटर)। आरोपी से उक्त शराब के संबंध में वैध लाइसेंस/दस्तावेज मांगे गए जो प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी के कब्जे से कुल 362 लीटर देशी/अंग्रेजी शराब कीमती लगभग 1,71,280/- रुपये जप्त कर कब्जे पुलिस में ली गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अलग-अलग शराब दुकानों से शराब एकत्रित कर 02 अक्टूबर शराबबंदी एवं आगामी त्यौहारों में ऊंचे दामों पर बेचने के उद्देश्य से रखी थी। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर 01 दिवस के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिससे शराब के स्रोत एवं अन्य संलिप्त आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपी**- अमन राय पिता रविन्द्र राय उम्र 26 वर्ष निवासी मंगलीपेठ सिवनी - पूर्व से आबकारी एक्ट के 02 एवं जुआ एक्ट के 03 सहित कुल 07 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

#### सराहनीय भूमिका

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि जयशंकर उइके, सउनि जसवंत ठाकुर, प्रआर. मनोज पाल, मनोज मरावी, सुधीर डहेरिया, प्रदीप चौधरी, विसराम धुर्वे, आर. चेतन शर्मा, पारस तुरकर, सीताराम जावरे, प्रतीक बघेल, महिला प्रआर. निशा वर्मा, महिला आर. ममता गजभिये की सराहनीय भूमिका रही।

# धनौरा में सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र वितरित किए गए

**धनौरा स्वतंत्रमत।** प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राजा रघुनाथ शाह-शंकर शाह शासकीय अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम, धनौरा में 21 सितंबर 2026 को चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया है।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष धनौरा अर्जुन सिंह उइके, जनपद सदस्य धनौरा ममलेश पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष धनोरा सुजीत मिश्रा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. नवल किशोर श्रीवास्तव, मंडल छिन्दा प्रभारी डॉ. निलेश जैन, पालक समिति अध्यक्ष श्री नंदकिशोर उइके, वरिष्ठजन डेलन सिंह राजनेगी, पूर्व सरपंच श्रीमती शांति बाई राजनेगी, रामकुमार साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान





जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने संस्था की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। अतिथियों द्वारा संस्था की व्यवस्थाओं एवं प्रबंधन की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने संस्था में सायंकालीन भोजन ग्रहण किया।

# वस्त्र अर्पण अभियानः जरूरतमंदों तक पहुंचे गर्म कपड़े, आयुष चौहान ने समाज से की विशेष अपील

**बंडोल।** पिछले कई वर्षों से जरूरतमंदों तक गर्म कपड़े और कंबल पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा वस्त्र अर्पण अभियान इस वर्ष भी ठंड के मौसम से पहले शुरू किया जा रहा है। बंडोल से शुरू हुई इस पहल के माध्यम से प्रतिवर्ष समाज के जरूरतमंद, गरीब एवं मजदूर वर्ग के लोगों तक ऊनी कपड़े और कंबल पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। अभियान से जुड़े आयुष चौहान ने समाज के प्रतिष्ठित व्यापारियों, कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों तथा सभी वर्गों के लोगों से अपील की है कि इस बार सामान्य कपड़ों के स्थान पर केवल ऊनी एवं गर्म कपड़े, स्वेटर, जैकेट, शॉल और कंबल ही उपलब्ध कराएं, ताकि बदलते मौसम में इनका उपयोग वास्तव में जरूरतमंद लोगों के लिए किया जा सके।

उन्होंने बताया कि कई बार लोग अपनी ओर से सामान्य कपड़े भी दान कर देते हैं, जबकि अभियान का मुख्य उद्देश्य सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराना है। इसलिए



इस वर्ष विशेष रूप से आग्रह किया गया है कि नॉर्मल कपड़ों के बजाय केवल गर्म कपड़े एवं कंबल ही दान किए जाएं।

#### बिना फोटो-वीडियो के किया जाता है वितरण

इस अभियान की एक विशेष बात यह है कि कपड़े प्राप्त करने वाले लोगों की फोटो या वीडियो सार्वजनिक नहीं की जाती। आयुष चौहान का कहना है कि दान देने वाले का सम्मान जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही जरूरी जरूरतमंद व्यक्ति के स्वाभिमान और प्रतिष्ठा को बनाए रखना भी है। इसी उद्देश्य से पूरे अभियान में फोटो-वीडियो से दूरी रखी जाती है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति इस अभियान से जुड़ना चाहता है, वह बिना किसी प्रचार या फोटो-वीडियो की अपेक्षा के सहयोग कर सकता है। सहयोग करने वाले व्यक्ति की ओर से दिया गया योगदान भी सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।

#### स्वयं के खर्च और वाहन से करते हैं अभियान का संचालन

इस अभियान की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि आयुष चौहान स्वयं अपने स्तर पर इस कार्य को संचालित करते हैं। वस्त्र एवं कंबल एकत्र करने से लेकर उन्हें जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने तक का कार्य वे अपनी स्वयं की गाड़ी से करते हैं।

आयुष चौहान का कहना है कि इस कार्य के लिए वे किसी भी प्रकार का आर्थिक सहयोग या पारिश्रमिक नहीं लेते हैं। अभियान से संबंधित वस्त्रों को लाना-ले जाना तथा वितरण की व्यवस्था वे स्वयं करते हैं। उनका उद्देश्य केवल समाज के सहयोग से जरूरतमंद लोगों तक सर्दी के मौसम में आवश्यक गर्म कपड़े और कंबल पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इस पहल में सहयोग करने वाले लोगों का योगदान सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचाना ही अभियान की प्राथमिकता है। इसलिए अभियान में प्राप्त सहयोग का उपयोग किसी व्यक्तिगत या प्रचारात्मक उद्देश्य के लिए नहीं किया जाता।

#### कलेक्टर भरत यादव के कार्यकाल से जारी है अभियान

जानकारी के अनुसार, श्री भरत यादव के सिवनी कलेक्टर के रूप में कार्यकाल के समय से आयुष चौहान द्वारा इस अभियान की शुरुआत की गई थी। बंडोल से प्रारंभ हुई यह छोटी सी पहल समय के साथ कई स्थानों तक पहुंची और प्रत्येक वर्ष ठंड के मौसम में बड़ी संख्या में गर्म कपड़े एवं कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचाए जाते हैं। आयुष चौहान ने बताया कि अभियान का उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था का प्रचार करना नहीं, बल्कि समाज के सहयोग से जरूरतमंदों तक आवश्यक सामग्री पहुंचाना है।

इसी भावना के साथ समाज के हर वर्ग से सहयोग लिया जाता है और जरूरत के अनुसार उसे उचित स्थान तक पहुंचाया जाता है। आयुष चौहान, जो बंडोल क्षेत्र से आते हैं और मास्टर ऑफ सोशल वर्क ( तक शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ विद्यालय संचालन से भी जुड़े हुए हैं।

#### सिर्फ गर्म कपड़े और कंबल देने की अपील

अभियान के लिए सहयोग करने वाले व्यक्ति ऊनी कपड़े, स्वेटर, जैकेट, शॉल, गर्म चादर एवं कंबल उपलब्ध करा सकते हैं। जो व्यक्ति आर्थिक सहयोग करना चाहते हैं, वे भी संपर्क कर सकते हैं। अभियान से जुड़े लोगों ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त सहयोग को सार्वजनिक प्रचार का माध्यम नहीं बनाया जाएगा। संपर्क आयुष चौहान - 7566282718। आपका दिया हुआ गर्म कपड़ा किसी जरूरतमंद के लिए सर्दी की रात में सिर्फ कपड़ा नहीं, बल्कि राहत और सम्मान का माध्यम बन सकता है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दिया गया कंप्यूटर प्रशिक्षण

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार के लिए डिजिटल कौशल में दक्ष बनाने के उद्देश्य से 30 दिवसीय रोजगारन्मुखी कंप्यूटर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में करीब 60 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. नाग, नोडल अधिकारी डॉ. एम.एस. बघेल एवं प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. चंद्रकला अरमोती के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञ श्री महेंद्र शुक्ला एवं भारती नामदेव द्वारा कंप्यूटर फंडामेंटल्स, डाटा एंट्री, एमएस वर्ड, एक्सेल तथा कंप्यूटर से जुड़े विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 20 अगस्त से प्रारंभ



होकर 24 सितंबर तक संचालित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को डाटा एंट्री एवं डिजिटल कार्यप्रणाली से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान एवं रोजगारपरक कौशल प्रदान करना था, जिससे विद्यार्थी वर्तमान समय की रोजगार आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कौशल का विकास कर सकें। एक महीने का यह कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को रोजगारन्मुखी कौशल प्रदान करने तथा उन्हें वर्तमान डिजिटल कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### आज मढ़ी में जनविश्वास शिविर, आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का होगा निराकरण

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत आज 26 सितंबर 2026 को तहसील लखनादौन की ग्राम पंचायत मढ़ी में जनविश्वास शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनने के साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारी उनके निराकरण की कार्यवाही करेंगे। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार शिविर की आवश्यक तैयारियां पूरी की जा चुकी है। शिविर में ग्रामीण अपनी समस्याएं सीधे संबंधित विभागीय अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। जिन शिकायतों का निराकरण मौके पर संभव होगा, उनका निराकरण किया जाएगा। वहीं, जिन प्रकरणों में अतिरिक्त परीक्षण अथवा प्रक्रिया की आवश्यकता होगी, उनमें निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### खैरलांजी में जनपद सदस्य पद का उप निर्वाचन निर्विरोध, सरिता लिल्हारे बनी जनपद सदस्य

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के तहत खैरलांजी जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक-19 में जनपद पंचायत सदस्य पद का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हो गया हैं। नामांकन और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद यहां मतदान की आवश्यकता नहीं रह गई हैं। वहीं श्रीमती सरिता प्रफुल लिल्हारे निर्विरोध जनपद सदस्य घोषित कर प्रमाण पत्र दिया गया हैं। जानकारी अनुसार, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 19 से श्रीमती आशु गुनीराम बघेले निर्वाचन थीं लेकिन जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर के द्वारा उनका निर्वाचन शुन्य घोषित होने के पश्चात राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव की घोषणा किया गया। जिसमें पंचायत उप निर्वाचन के लिए 8 सितंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी। 15 सितंबर नामांकन की अंतिम तिथि थी, जबकि 16 सितंबर को नाम वापसी और 18 सितंबर को अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। खैरलांजी जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 19 से दो प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म जमा कराया था, जिसमें डोंगरिया निवासी श्रीमती सरिता प्रफुल लिल्हारे और सालेटेका निवासी श्रीमती दिक्षा युगल किशोर पटले ने फार्म जमा कराया। लेकिन निर्वाचन अधिकारी ने दस्तावेज सत्यापन के समय श्रीमती दिक्षा युगल किशोर पटले की डिजिटल जाति प्रमाण पत्र जमा नहीं करने के कारण उनका नामांकन फार्म को निरस्त कर दिया गया। जिसके पश्चात ही डोंगरिया निवासी श्रीमती सरिता प्रफुल लिल्हारे को क्षेत्र क्रमांक 19 से निर्विरोध जनपद पंचायत घोषित कर दिया गया। वहीं निर्वाचन अधिकारी के द्वारा 24 सितम्बर को जनपद पंचायत खैरलांजी में उन्हे निर्विरोध जनपद सदस्य का प्रमाण पत्र भी दिया गया। जनपद सदस्य पद निर्विरोध होने के बाद अब क्षेत्र में 29 सितंबर को इस पद के लिए मतदान नहीं होगा।

# पुलिस कार्यवाही के बाद भी गरज रहा था डीजे

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान भक्ति के नाम पर ध्वनि नियमों की अनदेखी पर अब पुलिस और प्रशासन सख्त होता हुआ दिख रहा है। प्रशासन द्वारा पहले ही डीजे संचालकों और गणेश समितियों को ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में निर्धारित मापदंडों की जानकारी दी जा चुकी थी। इसके बावजूद विसर्जन जुलूस के दौरान एक डीजे की आवाज इतनी अधिक कर दी गई कि पुलिस की समझाइश भी डीजे संचालक तक नहीं पहुंच सकी। आखिरकार कटंगी पुलिस को मौके पर कार्रवाई करते हुए डीजे वाहन को जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में लेना पड़ा। शुक्रवार को पुलिस ने मुंदीवाड़ा रोड़ पर यह कार्रवाई की। क्षेत्र में गुरुवार से गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ, जो शुक्रवार को भी जारी रहा। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन के साथ प्रतिमाओं को विसर्जन



स्थलों तक लेकर पहुंचे। माहौल धार्मिक उत्साह से भरा था, लेकिन इसी उत्साह के बीच ध्वनि की सीमा को लेकर प्रशासन द्वारा तय किए गए नियम कई जगहों पर सवालों के घेरे में दिखाई दिए। मुंडीवाड़ा रोड पर पुलिस की नजर एक ऐसे डीजे पर पड़ी, जिसकी आवाज सामान्य स्तर से काफी अधिक थी। पुलिस ने डीजे संचालक को आवाज कम करने के लिए कहा। बताया जा रहा है कि पुलिस की ओर से लगातार समझाइश दी गई, लेकिन डीजे का साउंड इतना तेज था कि संचालक को पुलिस की आवाज तक सुनाई नहीं दे रही थी।

इसके बाद पुलिस ने डीजे वाहन को पकड़कर पुलिस अभिरक्षा में ले लिया। जब्त किया गया डीजे छवि ऑडियो प्रोफेशनल का बताया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस द्वारा डीजे संचालक के खिलाफ किसी कानूनी कार्रवाई की पुष्टि नहीं हुई थी। हालांकि वाहन को पुलिस अभिरक्षा में लिए जाने की कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया कि नियमों की अनदेखी को लेकर पुलिस अब केवल समझाइश तक सीमित रहने के बजाय मौके पर कार्रवाई भी कर रही है। गणेश विसर्जन धार्मिक आस्था और श्रद्धा का पर्व है। जुलूस में भजन और धार्मिक गीत बजाना आयोजन का हिस्सा हो सकता है, लेकिन जब ध्वनि इतनी बड़ जाए कि सामान्य बातचीत और पुलिस की समझाइश तक सुनाई न दे, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि धार्मिक उत्साह और ध्वनि अनुशासन के बीच संतुलन कहां है। मुंडीवाड़ा रोड की कार्रवाई के बाद अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि आगामी धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में भी ध्वनि सीमा का उल्लंघन करने वाले संचालकों पर इसी तरह कार्रवाई होती है या नहीं।




### फुटबॉल संघ अध्यक्ष गौरव पारधी के मार्गदर्शन में जिला फुटबॉल संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिला फुटबॉल संघ बालाघाट की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को सर्किट हाउस, बालाघाट में आयोजित हुई। कटंगी-खैरलांजी विधायक एवं जिला फुटबॉल संघ बालाघाट के अध्यक्ष गौरव सिंह पारधी के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में जिले के विभिन्न फुटबॉल क्लबों के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहें। बैठक में बॉयज क्लब उकवा, उकवा एफसी, बालाघाट माइंस, पुलिस बॉयज बालाघाट तथा द डायमंड रॉक फुटबॉल एकेडमी निलजी के अध्यक्ष, सचिव एवं खिलाड़ियों ने सहभागिता की। इस दौरान जिले में फुटबॉल गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने और खिलाड़ियों को अधिक अवसर उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। आशीष नाग को जिला सचिव, जेम्स बारीक एवं पूनम खोबरागड़े को जिला उपाध्यक्ष तथा दिलीप कुमार वासनिक को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं रोहितलाल, मुकेश तिल्लासे, अजीत बागड, दुर्गेश मड़ावी, सुनील यादव, अविनाश देशमुख, प्रिय सिसोदिया एवं कृष्णा खागर को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। नई कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में विधायक एवं जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष गौरव सिंह पारधी ने जिले में फुटबॉल खेल को और व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बालाघाट जिले में फुटबॉल की मजबूत परंपरा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है।

# गणेश विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से दो युवकों की मौत

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** किरनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोरवाही में गणेश विसर्जन के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहाँ तालाब के गहरे पानी में डूबने से 17 वर्षीय बालक तन्मय गोस्वामी की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम और सन्नाटा पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार ग्राम मोरवाही में गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामीणों द्वारा हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया था। इसके बाद शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जन के लिए डीजे के साथ झांकी निकाली गई। ग्रामीण और समिति के सदस्य प्रतिमा लेकर गांव के तालाब पहुंचे, जहां विसर्जन के दौरान तन्मय गोस्वामी गहरे पानी में चला गया और डूब गया। हादसे की भनक लगते ही मौके पर मौजूद लोगों ने बालक को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलने पर किरनापुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की होमगार्ड डीआरसी टीम के साथ स्थानीय गोताखोरों ने तालाब में बालक की तलाश शुरू की। जहाँ काफी प्रयास के बाद तन्मय के शव को



पानी से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीखपुकार मच गया। वही ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई कर मामले की जांच की जा रही है। वही दूसरा हादसा बालाघाट शहर से लगे गर्रा मशीनटोला मे हुआ। यहाँ भी गणेश प्रतिमा विसर्ज के दौरान राजेन्द्र पिता सालिकराम चौहान के गहरे पानी मे डूबने से मौत हो गई।

# वन क्षेत्रों से अवैध रेत का खनन

### वन परिक्षेत्र पश्चिम बैहर के बघोली वर्त का मामला

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** उत्तर वन मंडल बालाघाट अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र पश्चिम बैहर के बघोली वर्त में अलग-अलग वन क्षेत्रों में अवैध रेत उत्खनन व परिवहन कारोबार धड़ल्ले से जारी हैं। स्थानिय अमले की कारगुजारी का ही परिनाम हैं कि वन क्षेत्रों से भी रेत माफिया उत्खनन करने से किसी प्रकार से परहेज नहीं कर रहें है परिणाम स्वरूप नदी नालों का सीनाछल्ली करा जा रहा हैं बल्कि सरंक्षित वनक्षेत्रों को नुकसान पहुंचाया जा रहा हैं। फिलहाल, यह मामला डोरा के समिपस्थ बहने वाली नहेरा नदी में देखने मिला हैं जहां पर दिन दहाड़े रेत माफियों को ट्रेक्टरों से भारी परिवहन किया जा रहा हैं।जानकारी अनुसार, विभागिय अमले की उदासीनता ऐसी की वन चौकी से महज दो किमी की दूरी से नहरा नदी से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा हैं और बिट गार्ड के निवास के सामने से धड़ल्ले से परिवहन किया जा रहा हैं। जहां नदी से अवैध रेत का खनन होता हैं उक्त स्थान पर देखा गया कि सैकड़ो ट्रेक्टर रेत का खनन किया जा चुंका हैं, जिससे वन क्षेत्र में नदी का दोहन दिखाई दिया है। आखिर इस नदी के दोहन का जिम्मेदार कौन हैं, ग्रामीणों



ने बताया कि रेत का उत्खनन कर ग्राम पंचायत के कार्य, घरेलू कार्य में रेत माफिया महंगे दामों में बेचते हैं।

**नदी का हो रहा दोहन, जिम्मेदार कौन?**-वैसे तो नहेरा नदी में लंबे समय से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। मौके पर नदी क्षेत्र में बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों के आवागमन और रेत निकाले जाने के निशान दिखाई दिए है। वहीं वन चौकी से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर अवैध उत्खनन हो रहा है। बड़ी मात्रा में रेत निकाले जाने से नदी का स्वरूप प्रभावित हो रहा है। इस रेत का उपयोग ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों और निजी निर्माण कार्यों में किया जाता है तथा कथित तौर पर इसे ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। इससे एक ओर शासन को राजस्व की संभावित क्षति का सवाल उठ रहा है, वहीं दूसरी ओर वन एवं नदी क्षेत्र के संरक्षण को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि बारिश के मौसम में नदी क्षेत्र से प्रशासन तौर पर रेत का उत्खनन और परिवहन किस अनुमति या प्रक्रिया के तहत किया जा रहा हैं। ग्रामीणों ने वरिष्ठ वन अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कराने, उत्खनन की जांच करने और यदि अवैध गतिविधि पाई जाती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं। हालांकि, अवैध उत्खनन और वन अमले की कथित मिलीभगत के आरोपों सामने आ रहें है।

# रिमझिम बारिश के बीच गणपति को एक साल के लिए विदाई

### भक्तिभाव के बीच कुंडों में किया जा रहा प्रतिमाओं का विसर्जन

### शाम को गणेश चौक से निकलेगा चल समारोह, तैयारियां पूरी





कटनी (स्वतंत्रमत)।

गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ...के गगनचुंबी जयघोषों के साथ विघ्न विनाशक भगवान गणपति जी को एक साल के लिए बिदाई दी गई। सुबह से जारी रिमझिम और तेज बारिश के बीच श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव और श्रद्धा के साथ कुंडों में विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। गाटरघाट में बनाए गए कृत्रिम कुंड में सुबह 10 बजे से ही गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इसके अलावा अन्य विसर्जन घाटों पर भी श्रद्धालुओं द्वारा अपार उत्साह और उमंग के बीच भगवान गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इसी के साथ दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व का समापन हो गया। घरों में शुक्रवार को सुबह से ही पूजा, अर्चना, हवन, आरती और कन्या भोज के आयोजन चलते रहे। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाएं सुरक्षा एवं घाटों पर सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा तीन शिफ्ट में अधिकारी कर्मचारी तैनात किये जाकर आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

### बनाए गए 12 कुंड, 132 कर्मचारी रहे तैनात

गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए 12 कृत्रिम विसर्जन कुंड चिन्हित किए गए थे इनमें गाटरघाट, मोहनघाट, मसुरहा घाट, माईनदी घाट, छपरवाह घाट, बिलगवां घाट, सिमरार नदी रपटा, पीरबाबा निवार, बजरंग कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर तालाब सहित गायत्री नगर में एमएस पलिक स्कूल के सामने निर्मित कृत्रिम कुंड शामिल हैं। अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं चल समारोह को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और निर्विघ्न संपन्न कराने नगर निगम प्रशासन की थी। श्रद्धालुओं की सुविधा और घाटों पर व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए निगमायुक्त तपस्या परिहार ने 132 अधिकारी-कर्मचारियों की तीन पालियों में ड्यूटी निर्धारित कर दायित्व सौंपे थे। गायत्री नगर स्थित बाबा घाट हनुमान मंदिर के समीप बनाए गए विसर्जन कुंड के स्थल में परिवर्तन किया गया है। अब श्रद्धालु गायत्री नगर, मित्र विहार कॉलोनी में चंद्रशेखर आजाद गार्डन के पहले एमएस पलिक स्कूल के सामने निर्मित कृत्रिम विसर्जन कुंड में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया। निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार कटाएघाट एवं अमीरगंज तालाब में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्णत: प्रतिबंधित रहा।

### कलेक्टर-एसपी ने विघ्नहर्ता के दरबार में टेका माथा

गणेशोत्सव पर्व पर कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने शहर के प्रसिद्ध गणेश चौक स्थित श्री विघ्न विनाशक गणेश मंदिर पहुंचकर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश के दर्शन किए। दोनों अधिकारियों ने विधिविधान से पूजा अर्चना कर भव्य महाआरती में सहभागिता निभाई। इस दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं के गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। श्री विघ्न विनाशक गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्टर-एसपी का स्वागत करते हुए समान स्वरूप उन्हें धार्मिक ओढ़नी व स्मृति पट्टा भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि भगवान श्री गणेश विघ्नहर्ता और ऋद्धि-सिद्धि के दाता हैं। उन्होंने बप्पा के चरणों में शीश नवाकर प्रार्थना की कि जिले के प्रत्येक नागरिक के जीवन में सुख, शांति, और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो तथा कटनी निरंतर विकास व सद्भाव के पथ पर आगे बढ़े।

फोटो :विकास गुप्ता



# स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में पटवारी संघ की कठिनाइयों का समाधान

### व्यावहारिक एवं विधिक बिंदुओं पर शासन ने की स्थिति स्पष्ट

### अब योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

प्रदेश में श्स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में पटवारी संघ द्वारा उठाई गई व्यावहारिक, विधिक एवं प्रक्रियात्मक कठिनाइयों पर शासन ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। योजना के क्रियान्वयन को लेकर पटवारी संघ के प्रतिनिधियों की विभिन्न चिंताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पटवारी संघ की कठिनाइयों के समाधान के लिए गठित पांच सदस्यीय मंत्री समूह में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह तथा सहकारिता एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग शामिल रहे। बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में पटवारी संघ के प्रतिनिधियों की व्यावहारिक, विधिक एवं प्रक्रियात्मक कठिनाइयों को सुना गया। विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक समाधान एवं स्पष्टता प्रदान की गई।

**अधिकार अभिलेख के आधार पर ही होगा विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन**-योजना के अंतर्गत पूर्व से सक्षम राजस्व प्रक्रिया के माध्यम से तैयार अधिकार अभिलेखों में दर्ज अधिकारों के आधार पर ही विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन किया जाएगा।

विलेख में अधिकार अभिलेख में दर्ज अधिकारों से भिन्न कोई नया अधिकार निर्धारित नहीं किया जाएगा। पटवारी अपने निर्धारित शासकीय दायित्व के अंतर्गत अधिकृत निष्पादक अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। सक्षम प्रक्रिया से पूर्व में तैयार अभिलेखों के आधार पर विधिसम्मत दायित्व का निर्वहन करने पर पटवारी पर अनावश्यक व्यक्तिगत दायित्व निर्धारित नहीं किया जाएगा। साथ ही, त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण अथवा विवादित अभिलेखों के आधार पर विलेख का निष्पादन नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों का निराकरण सक्षम राजस्व प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा।

**स्पष्टताओं के बाद योजना के क्रियान्वयन में सहयोग पर सहमति**-शासन द्वारा आवश्यक विधिक एवं प्रक्रियात्मक स्पष्टता दिए जाने के बाद पटवारी संघ की योजना से संबंधित प्रमुख व्यावहारिक एवं विधिक आशंकाओं का निराकरण किया गया है। पटवारी संघ के प्रतिनिधियों ने भी आवश्यक स्पष्टताओं के बाद स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने पर सहमति व्यक्त की।

फोटो: विकास गुप्ता



# पेड़ से टकराई फल लोड पिकअप चालक-परिचालक की दर्दनाक मौत

### बरही के छैघरा टोला ग्राम खन्ना में हादसा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बरही थाना क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में फल लोड पिकअप वाहन चालक और परिचालक की मौत हो गई। हादसा विजयराघवगढ़ मार्ग पर ग्राम खन्ना के छैघरा टोला के पास करीब रात 7 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार फल से लोड पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। टकर इतनी जोरदार थी कि वाहन में सवार चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की 112 वाहन टीम तत्काल मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान प्रवीण सिंह पिता अतुल सिंह उम्र 30 वर्ष तथा रवि कोल पिता राम कुमार उम्र 28 वर्ष निवासी डोकारिया के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों का परीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई कराने के बाद उन्हें अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

# धान की फसल में कीट व्याधि की निगरानी तेज

### खेतों में पहुंचकर किसानों को दे रहे तकनीकी सलाह

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिले में धान की लहलहाती फसल को कीट व्याधियों से सुरक्षित रखने के लिए कृषि विभाग द्वारा मैदानी स्तर पर निगरानी और किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देने का कार्य लगातार किया जा रहा है। कुछ क्षेत्रों में धान की फसल में कीट व्याधि के प्रभाव को देखते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी ने कृषि विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी अमले को गांवों में पहुंचकर फसलों की स्थिति का सतत निरीक्षण करने तथा किसानों को कीट व्याधि की पहचान, रोकथाम और नियंत्रण के संबंध में उपयोगी जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश के पालन में कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा किसानों के खेतों का लगातार भ्रमण किया जा रहा है। अधिकारी खेतों में पहुंचकर फसल की स्थिति का जायजा लेने के साथ संभावित कीट एवं व्याधि के प्रकोप की निगरानी कर रहे हैं। किसानों को फसल की वर्तमान स्थिति के अनुरूप आवश्यक सावधानियां बरतने और समय पर नियंत्रण उपाय अपनाने की तकनीकी सलाह भी दी जा रही है।

### भूरा माहू की रोकथाम के लिए खेत में जल निकासी जरूरी

कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि धान की फसल में भूरा माहू के नियंत्रण के लिए खेत में जल निकासी की समुचित व्यवस्था रखें और खेत को दो-तीन दिन सूखा रखें। किसानों को नाइट्रोजनयुक्त उर्वरक एवं यूरिया का अत्यधिक प्रयोग नहीं करने तथा संतुलित उर्वरकों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। साथ ही खेत की मेड़ों को घास एवं खरपतवार से मुक्त रखने को कहा गया है, ताकि कीट के प्रकोप को नियंत्रित किया जा सके।



### प्रकोप दिखाई देने पर इन रसायनों में से किसी एक का करें उपयोग

कृषि विभाग के अनुसार रासायनिक नियंत्रण के लिए किसानों को एक समय में किसी एक अनुशंसित रसायन का ही उपयोग करना चाहिए। इसके लिए इनमू पायमेट्रोजिन 50 प्रतिशत डब्ल्यूजी 300 ग्राम प्रति हेक्टेयर, डायनोटेफ्यूरोन 70 प्रतिशत डब्ल्यूजी 85 ग्राम प्रति हेक्टेयर, डायनोटेफ्यूरोन 20 प्रतिशत एसजी 250 ग्राम प्रति हेक्टेयर, डायनोटेफ्यूरोन 15 प्रतिशत डब्ल्यूजी-पायमेट्रोजिन 45 प्रतिशत डब्ल्यूजी 330 ग्राम प्रति हेक्टेयर, थायोमेथेक्जाम 25 प्रतिशत डब्ल्यूजी 100-120 ग्राम प्रति हेक्टेयर अथवा इमीडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल 200-250 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर की दर से उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा फिप्रोनिल 3 प्रतिशत-ब्यूप्रोफेजिन 22 प्रतिशत 500 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर तथा ब्यूप्रोफेजिन 15 प्रतिशत-एसीफेट 35 प्रतिशत 50 ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से भी उपयोग किया जा सकता है।

### छिड़काव में रखें विशेष सावधानी

कृषि विभाग ने बताया कि दवा के उपयोग के लिए 500 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर की मात्रा रखें। छिड़काव करते समय पौधों को दवा के घोल से अच्छी तरह तर अर्थात पूरी तरह गीला करना आवश्यक है, ताकि दवा का प्रभाव बेहतर तरीके से हो सके। रासायनिक दवा के प्रभाव को बढ़ाने के लिए दवा के साथ सिलिकॉन अथवा चिपको स्प्रेडर का उपयोग करने की सलाह भी दी गई है। कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा किसानों को सलाह दी जा रही है कि फसल में किसी भी प्रकार के कीट या व्याधि के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क करें और विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार ही कीटनाशक का उपयोग करें। समय पर पहचान, सतत निगरानी और वैज्ञानिक नियंत्रण उपाय अपनाकर धान की फसल को नुकसान से बचाया जा सकता है।

# नर्सिंग छात्रों की समस्याओं पर मंत्री ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग मंत्री राजेंद्र शुक्ला के कटनी आगमन पर नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं पदाधिकारियों ने मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान कटनी जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एमजीएम कॉलेज-स्कूल ऑफ नर्सिंग, श्री साईनाथ कॉलेज एवं विजडम नर्सिंग कॉलेज कटनी के पदाधिकारी डॉ. राज सिंह, देवेंद्र संजय तिवारी, दीपक माथुर, अरसद अली सहित नर्सिंग



कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान नर्सिंग कॉलेज प्रबंधक देवेंद्र संजय तिवारी ने छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम लंबे समय से जारी नहीं होने तथा समय पर परीक्षाएं नहीं होने जैसी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम में देरी के कारण विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई और अन्य शैक्षणिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल परीक्षा परिणाम घोषित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद कुछ छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम भी घोषित किए गए। इस पहल के लिए कॉलेज प्रबंधन एवं विद्यार्थियों ने मंत्री का आभार व्यक्त किया। मंत्री ने नर्सिंग छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि अध्यापन कार्य में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि नर्सिंग शिक्षा से जुड़ी समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया जाएगा। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी अन्य समस्याएं भी मंत्री के समक्ष रखींए जिनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया।

# उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधव नगर कटनी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रदर्शनी पीतांबर टोपनानी पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य भाजपा के मुख्य आतिथ्य में एवं संध्या बेन प्रभारी प्राचार्य की अध्यक्षता व हरिओम गर्ग अध्यक्ष पालक शिक्षक संघ के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि के द्वारा छात्र छात्राओं के द्वारा बनाए गए चित्रों का अवलोकन कर उनकी सुंदर प्रस्तुति के लिए सराहना कर प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके



उज्जवल भविष्य की कामना कर सेवा संकल्प अभियान के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया वही विद्यालय के शिक्षक डॉ रामपद तिवारी ने भी छात्र छात्राओं को सेवा संकल्प की भावना अपने जीवन में शामिल कर अच्छे कार्य करने हेतु विचार व्यक्त किए इसके साथ ही सेवा संकल्प हेतु शपथ ली गई विद्यालय के समस्त शिक्षक कर्मचारी समिधा त्रिपाठी रामवती तुड़हा सपना मिश्रा राजीव रंजन आभा गौतम जग्गू सिंह अखिलेश कुमारी तृप्ति परोहा निधि ठाकुर लिपिक लघु वेतन कर्मचारी संघ पूर्णेश उइके विवेक तिवारी अनूप पांडेय उपस्थित थे।



# भक्ताम्बर स्त्रोत का अखण्ड पाठ का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** दिग.जैन समाज के पर्वराज पर्यूषण पर्व के शुभ प्रसंग पर प्रात: सभी जैन मंदिरों में पूजन अभिषेक और रात्रि में महाआरती, लाडू सजाओं प्रतियोगिता, प्रश्न मंच धर्मिक तम्बोला के टिकुल दशमी, अंताक्षरी प्रतियोगिता, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, भजन प्रतियोगिता, महाआरती, महावीर कीर्ति स्तंभ में णमोकार मंत्र का अखण्ड पाठ एवं भक्ताम्बर स्त्रोत का अखण्ड पाठ, का आयोजन दिगम्बर जैन पंचायत महासभा,आचार्य विद्यासागर नवयुवक मण्डल, दिगण्जैन सोशल ग्रुप रायल, अखिल भारतवर्षीय दिग.जैन महिला परिषद् जैन मिलन गुरूभक्त मण्डल चेतनोदय भक्ति संघ, ज्ञानोदय भक्त मण्डल, हाउसिंग बोर्ड जैन मंदिर, भक्तगण, गौशाला जैन मंदिर भक्ति मण्डली, बंगला मंदिर भक्तगणों के पदाधिकारियों सदस्यों के साथ समाज जनों द्वारा किया गया। आज श्री 1008 वांसपूज्य भगवान के निर्वाण के कल्याणक दिवस पर निर्वाण लाडू चढ़ाये गये।

# हरेमाधव वर्सी पर्व का आयोजन 9-10 अक्टूबर को

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 9 एवं 10 अक्टूबर दिन शुक्रवार एवं शनिवार को माधवनगर में पूर्ण विदेही मुक्त संत परम श्रद्धेय सतगुरु बाबा माधवशाह सतगुरु बाबा नारायणशाह साहिब जी के दो दिवसीय हरेमाधव वर्सी पर्व का आयोजन किया जावेगा। हरेमाधव वर्सी पर्व की तैयारियों और उसे सुव्यवस्थित और बेहतर तरीके से मनाने हेतु आम बैठक जीवनमुक्त सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब जी के पावन सानिध्य में हरेमाधव दरबार साहिब माधवनगर कटनी रविवार को आयोजित की गई जिसमें कटनी एवं माधवनगर की अनेक समाज सेवी संगठन, संस्थाएं एवं व्यापारिक संगठनों ने भाग लिया बैठक में सर्वप्रथम हरेमाधव परमार्थ सत्संग समिति के सेवादारियों ने कार्यकम की समस्त जानकारी प्रदान करते हुए वर्सी पर्व के महत्व उद्देश्य को बताया। दिनांक 9 अक्टूबर शुक्रवार को प्रात: 8 बजे हरेमाधव दरबार साहिब से हाजिरां हजूर सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब जी की शोभा यात्रा ढोल-नगाड़ों बैण्डबाजो के साथ निकलेगी, जिसमे पुष्प सुसज्जित रथ सतगुरु जी विराजमान हो संगतों को दर्शनों से निहाल करेंगे शोभा यात्रा में हरेमाधव परमार्थ सत्संग समिति के सेवादारो की विभिन्न प्रस्तुतियां और सिंधु नवजवान मंडल भी अपनी मनभावन प्रस्तुति के साथ अपनी प्रस्तुति प्रदान करता है विशाल भव्य शोभायात्रा सत्संग स्थल बाबा माधवशाह चिकित्सालय के सामने हरेमाधव दरबार प्रागंण पहुंचेगी। जहाँ सुसज्जित भव्य पंडाल में सतगुरु साहिब जी विराजमान होगे तत्पश्चात् सत्संग कीर्तन होगा। दिनांक 9 एवं 10 अक्टूबर दोनो दिन हरेमाधव आध्यात्मिक सत्संग के कार्यक्रम आयोजित होगे। दिनांक 9 अक्टूबर सांय 7 बजे से सत्संग शब्द कीर्तन भजन रागों का गायन एवं 10 अक्टूबर दिन शनिवार को प्रात: 11 बजे से सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब जी द्वारा अमृत वर्षा के साथ हरेमाधव आध्यात्मिक सत्संग तत्पश्चात् आम भण्डारा हरेमाधव ब्रम्ह भोज भण्डारा प्रसाद होगा। चिकित्सा सेवाएं हरेमाधव वर्सीपर्व के अवसर पर बाबा माधवशाह चिकित्सालय में नागपुर, जबलपुर, रायपुर, के अनेक




कुशल विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा नि:शुल्क विशेष चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएगी चिकित्सालय में उपलब्ध दवाइयां नि:शुल्क प्रदान की जाएगी व्यवस्था बाबा माधवशाह चिकित्सालय संचालन समिति माधवनगर द्वारा की जा रही है । सहयोग संस्थाएं हरेमाधव परमार्थ सत्संग समिति की व्यवस्थाओं के अनुसार अपनी अपनी सेवाएं देने के लिए हरेमाधव कारसेवक सिन्धु नौजवान मण्डल कटनी, मप्र युवा सिन्धी समाज कटनी किराना व्यापारी संघ, बाबा मनोहर शाह सेवा मण्डल, राईस मिल एसोसिएशन, डायमण्ड क्रिकेट क्लब, मुनीब एसोसिएशन, झूलेलाल सेवा मण्डल, वस्त्र विक्रेता संघ माधवनगर, बाबा गोविन्दशाह सेवा मण्डल, बाबा नारायणशाह ग्रुप, स्टेशनरी विक्रेता संघ सिन्धी शिक्षक संघ, श्री बाबा माधवशाह सेवा मण्डल, मेन बाजार व्यापारी संघ, हाऊसिंग बोर्ड सिन्धी सेवा मण्डल, सुपर ग्रुप, बाबा माधवशाह मार्केट व्यापारी संघ, बाबा नारायण शाह मार्केट व्यापारी संघ, थोक फल विक्रेता संघ कटनी, शालीमार व्यापारी संघ, सिघई मार्केट व्यापारी संघ, जायसवाल मार्केट व्यापारी संघ कटनी, वरुण संस्था कटनी, बारदाना व्यापारी संघ, गौरीशंकर मन्दिर सेवा समिति, सिन्धु सदन संस्था, मप्र सिन्धु सेना, गुरुनानक व्यापारी मार्केट संघ, रेडिमेट वस्त्र निर्माता संघ कटनी, बाबा ईश्वरशाह सेवा समिति, सतगुरु ग्रुप कटनी, सतगुरु ग्रुप तेरा माधवनगर सिंधी स्वर्णकार संघ, लायंस क्लब महिला मण्डल, बढ़ते कदम, नेक कदम, सिन्धु सेवा एवं विकास मण्डल के अलावा अनेक अन्य संगठनो अपने अपने सेवाकार्य की जिम्मेदारी ग्रहण की । हरेमाधव वर्सीपर्व के पावन अवसर पर देश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में सम्मलित होने वाले श्रृद्धालुओं के रहने की व्यवस्था बाबा माधवशाह भवन धर्मशाला, बाबा नारायणशाह भवन, सतगुरु बाबा मनोहर शाह भवन, सिन्धु भवन कैरिन लाईन, डायमण्ड इंग्लिश स्कूल, श्री पंजाबी सनातन धर्मशाला, आचार्य कृपलानी वार्ड, बाबा आत्माराम धर्मशाला बंगला लाईन, एमईएस लाईन धर्मशाला, मंगल आत्म भवन धर्मशाला शान्ति नगर हेमू कालानी वार्ड, सिन्धु सदन धर्मशाला खैबर लाइन बाबा नारायणशाह मैरिज गार्डन, गुरुनानक धर्मशाला रार्बट लाइन संत कंवरराम वार्ड, अर्जुन पैलेस, टीएजीएएस होटल सहित अनेक सार्वजनिक स्थलों एवं कई सेवादारों के निवास स्थानों पर व्यवस्था पर रहवास की गई है। हरेमाधव वर्सीपर्व के दौरान माधवनगर रोड रेल्वे स्टेशन पर 4 दिन 8,9,10 एवं 11 अक्टूबर को नियमित ट्रेनों के अलावा दूरगामी रेलगाड़ियों के स्टापेज की स्वीकृति पश्चिम मध्य रेल्वे मण्डल जबलपुर द्वारा प्रतिवर्ष मिलती है इस वर्ष प्रदान की जाएगी।




# निशानेबाजी में भारत ने स्वर्ण और रजत पदक जीते

**आइची-नागोया, (जापान) (वार्ता)।** सुरुचि सिंह और कमलजीत ने शुक्रवार को यहाँ एशियाई खेलों में भारत को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। वहीं रुद्राक्ष , नीरज और ऐश्वर्य की टीम ने 50 मी राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। आज यहां सुरूचि सिंह और कमलजीत ने सटीकता और संयम का बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए 484.6 अंकों के नए एशियाई रिकॉर्ड के साथ मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल का खिताब जीता। भारतीय जोड़ी, जिसने 587-29 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया था ने फाइनल में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। वे मुकाबले के ज़्यादातर समय आगे रहे और अंत में दक्षिण कोरिया की चुनौती को पीछे छोड़ते हुए 6.6 पॉइंट्स के अंतर से जीत हासिल की। कोरियाई जोड़ी 478.0 अंक के साथ रजत पर रही, जबकि ईरान ने 415.8 पॉइंट्स के साथ कांस्य पदक जीता। इस जीत के साथ आइची-नागोया खेलों में स्वर्ण पदक में स्वर्ण पदक का भारत का इंतज़ार खत्म हुआ और उस अभियान में एक और उपलब्धि जुड़ गई जिसमें शूटर्स पहले ही कई मेडल जीत चुके थे। सुरुचि और कमलजीत, दोनों ही इंडिविजुअल फाइनल में जगह नहीं बना पाए थे, लेकिन उन्होंने मिले मौके का पूरा फ़ायदा उठाया और मिक्स्ड टीम का खिताब दांव पर होने पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनके जीतने वाले स्कोर ने 481.3 के पिछले एशियाई रिकॉर्ड को भी 3.3 पॉइंट्स से पीछे छोड़ दिया, जो खेलों के मंच पर उनके शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है। अब भारत के स्वर्ण पदक की संख्या दो हो गई है; इससे पहले महिला क्रिकेट टीम ने एक और खिताब जीता था। भारतीय जोड़ी क्वालिफिकेशन में दबदबा बनाने के बाद फाइनल में पहुंची थी। उन्होंने 196, 195 और 196 की सीरीज़ के साथ चार टीमों के मुकाबले में टॉप स्थान हासिल किया था। एक अन्य मुकाबले में पुरुषों के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम स्पर्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, नीरज कुमार और रुद्राक्ष पाटिल की तिकड़ी ने रजत पद जीतकर एशियाई खेलों में भारत के पदकों की संख्या में एक और इजाफा किया।भारतीय तिकड़ी ने कुल 1762-94 का स्कोर किया और चीन के बाद दूसरे स्थान पर रही। चीन ने 1766-95 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। दक्षिण कोरिया ने 1751-87 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

# गुलवीर सिंह को 10,000 मीटर का रजत, मनप्रीत कौर और बरनिका इलांगोवन ने जीता कांसा

**आइची नागोया (वार्ता)।** भारत के गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में 28:29: 38 के समय के साथ रजत पदक जीता जबकि मनप्रीत कौर ने महिला शॉट पुट और बरनिका इलांगोवन ने महिला पोल वॉल्ट में कांस्य पदक जीता। गुलवीर बहरीन के बिरहानु बालेव और अल्बर्ट किप्टू के बीच रहे। ओलंपियन बालेव ने 28:27:51 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि किप्टू ने 28:34:38 के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। यह एशियन गेम्स में गुलवीर सिंह का दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने हांगझोउ 2023 में कांस्य पदक जीता था। भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर ने पिछले साल एशियन चैंपियनशिप का खिताब भी जीता था और इस साल की शुरुआत में ग्लासगो में हुए 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक अपने नाम किया था। आइची-नागोया में पुरुषों और महिलाओं की 10,000 मीटर दोनों स्पर्धाओं







में भारत ने पदक जीता है। गुलवीर का रजत पदक महिलाओं की 10,000 मीटर में कल सीमा कुमारी के कांस्य पदक के बाद आया है।

**मनप्रीत ने महिला शॉट पुट में जीता कांस्य पदक**-मनप्रीत कौर ने महिला शॉट पुट में कांस्य पदक जीता। उन्होंने 17.17 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया, जो उन्होंने अपने चौथे प्रयास में हासिल किया और इसी के साथ पदक अपने नाम किया। चीन की सोंग जियायुआन ने 19.40 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक, जबकि झांग लिनरू ने 18.14 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता। वहीं, भारत की कृष्णा मेनन 16.57 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

**बरनिका ने महिला पोल वॉल्ट में जीता कांस्य पदक**-भारत की बरनिका इलांगोवन ने महिला पोल वॉल्ट में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह एशियन गेम्स में पोल वॉल्ट में पदक जीतने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बनीं, चाहे वह पुरुष हो या महिला। बरनिका ने 4.15 मीटर की ऊंचाई पार की। दोनों खिलाड़ी 4.25 मीटर की ऊंचाई पार करने में असफल रहीं और इस वजह से दोनों ने कांस्य पदक साझा किया।

**गुरिंदरवीर और अनिमेष का सेमीफाइनल में खत्म**-भारत के गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर पुरुषों की 100 मीटर दौड़ के फाइनल में जगह नहीं बना सके। सेमीफाइनल में गुरिंदरवीर 11वें और अनिमेष 18वें स्थान पर रहे। गुरिंदरवीर ने 10.32 सेकेंड का समय निकाला, जबकि अनिमेष ने 10.38 सेकेंड में दौड़ पूरी की। इसके साथ ही दोनों भारतीय धावकों का 100 मीटर अभियान समाप्त हो गया।

**किरण और प्राची फ़ाइनल के लिए क्वालिफ़ाई**-किरण पहल और प्राची के जगह पक्की करने के बाद, महिलाओं की 400 मीटर फ़ाइनल में भारत की दो एथलीट होंगी। किरण ने अपनी हीट में 53.44 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया और क्वालिफ़ाई किया, जबकि प्राची ने अपनी हीट में 53.46 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया और सबसे तेज़ नॉन-ऑटोमैटिक क्वालिफ़ायर के तौर पर आगे बढ़ीं। ये दोनों कल फ़ाइनल में हिस्सा लेंगी।

## कबड्डी टीमें फ़ाइनल में, स्वर्ण से एक जीत दूर

**आइची-नागोया (वार्ता)।** मौजूदा चैंपियन भारत ने शुक्रवार को एशियाई खेलों में पुरुषों और महिलाओं की कबड्डी स्पर्धाओं में शानदार जीत के साथ फ़ाइनल में जगह बनाई और अब डबल गोल्ड जीतने से वे एक जीत दूर रह गयी हैं। भारतीय पुरुष टीम ने थाईलैंड को 66-28 से हराया, जबकि महिला टीम ने नेपाल को 48-24 से हराकर गोल्ड-मेडल मैच में अपनी जगह पक्की की। पुरुष टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और ब्रेक के समय 37-18 की बढ़त हासिल की। थाईलैंड ने कुछ समय के लिए कड़ा मुकाबला करते हुए भारत को एक बार ऑल-आउट किया, लेकिन भारत ने जल्द ही वापसी की और दो बार विपक्षी टीम को ऑल-आउट किया। ब्रेक के बाद भी भारत ने अपना दबदबा बनाए रखा और लगातार आक्रामक खेल दिखाते हुए 38 अंकों के अंतर से जीत हासिल की। मौजूदा चैंपियन ने इस मुकाबले में विपक्षी टीम को चार बार ऑल-आउट किया। महिला टीम ने भी नेपाल के खिलाफ़ शानदार खेल दिखाया; शुरुआत में विपक्षी टीम के जोश भरे खेल का सामना करने के बाद भारत ने मैच पर नियंत्रण बना लिया।







# मानुष-दिया ने टेबल टेनिस में जीता कांस्य पदक

**आइची नागोया (वार्ता)।** 2023 में अचानक बनी जोड़ी मानुष शाह और दिया चितले के लिए एशियाई खेलों में मेडल जीता है। उन्होंने शुक्रवार को आइची-नागोया में मिक्स्ड डबल्स इवेंट में ब्रॉन्ज़ मेडल हासिल किया। इस भारतीय जोड़ी का सफ़र सेमीफ़ाइनल में चीन के सुन यिंगशा और वांग चुकिन से 0-4 की हार के साथ खत्म हुआ, लेकिन उनका मेडल भारतीय टेबल टेनिस के लिए एक और अहम उपलब्धि है। इससे पहले, मानुष और दिया ने क्वार्टर फ़ाइनल में हांगकांग की दुनिया की नंबर 4 जोड़ी - वोंग चुन टिंग और डू होई केम (जो 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज़



मेडलिस्ट थे) - को 3-1 से हराकर अपनी पार्टनरशिप की सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। मिक्स्ड डबल्स रैंकिंग में आठवें स्थान पर मौजूद भारतीय जोड़ी ने हांगकांग की अनुभवी जोड़ी के सामने संयम बनाए रखा और 11-6, 13-15, 11-9, 11-5 से जीत हासिल की। भारत के विदेशी कोच मासिमो कोस्टांटिनी ने क्वार्टर फ़ाइनल की जीत को आधा चमत्कार बताया था, क्योंकि विरोधी टीम का स्तर बहुत ऊंचा था और एशियाई टेबल टेनिस में बहुत प्रतिस्पर्धा है। यह ब्रॉन्ज़ मेडल एशियाई खेलों के इतिहास में भारत का टेबल टेनिस में केवल चौथा मेडल है और इससे डबल्स इवेंट में देश की हालिया सफलता का सिलसिला आगे बढ़ा है। भारत की पुरुष टीम ने 2018 एशियाई खेलों में ब्रॉन्ज़ मेडल जीतकर इतिहास रचा था, जबकि शरत कमल और मनिका बत्रा ने जकार्ता में मिक्स्ड डबल्स में ब्रॉन्ज़ मेडल जीता था। 2023 में हांगझोउ में, सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी ने महिला डबल्स में एक और ब्रॉन्ज़ मेडल जीता। मानुष और दिया ने अब डबल्स मेडल जीतने का यह सिलसिला जारी रखा है। भारत की दूसरी मिक्स्ड डबल्स जोड़ी, हरमीत देसाई और यशस्वीनी घोरपड़े, क्वार्टर फाइनल में चीन की दुनिया की नंबर 6 जोड़ी लिन शिडोंग और कुआई मैन से हारकर बाहर हो गईं। सत्यन ज्ञानशेखरन और हरमीत देसाई का मेन्स डबल्स का सफर खत्म भारत के सत्यन ज्ञानशेखरन और हरमीत देसाई जापान के सोरा मात्सुशिमा और शुनसुके तोगामी से 3-0 से हारकर मेन्स डबल्स के राउंड ऑफ़ 16 से बाहर हो गए।

# खलिन जोशी ने इस सीज़न का अपना चौथा खिताब जीता



**बेंगलुरु (वार्ता)।** खलिन जोशी ने इंडियनऑयल द्वारा प्रायोजित 1 करोड़ रुपये इनामी राशि वाले बेंगलुरु ओपन 2026 में शुरू से आखिर तक बढ़त बनाए रखते हुए जीत हासिल की। उन्होंने कर्नाटक गोल्फ एसोसिएशन (केजीए) में आखिरी राउंड में दो-अंडर 70 का स्कोर किया। बेंगलुरु के 34 वर्षीय गोल्फर ने अपने होम कोर्स पर तीन-शॉट की बढ़त के साथ फाइनल राउंड शुरू किया था। उन्होंने पांच बर्डी और तीन बोगी लगाईं और 20-अंडर 268 के स्कोर के साथ टूर्नामेंट खत्म किया। पांच-स्ट्रोक की इस जीत से उन्होंने अपना 10वां डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई खिताब और इस सीज़न का चौथा खिताब अपने नाम किया। 2018 में एशियन टूर जीतने वाले जोशी ने पिछले हफ्ते नवा रायपुर ओपन में जीत के बाद लगातार दूसरी जीत हासिल की और 15 लाख रुपये की इनामी राशि जीती।

वह 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में सातवें स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गए और इस सीज़न में उनकी कुल कमाई 67,34,225 रुपये हो गई। गुरुग्राम के मनु गंडास ने इवन-पार 72 के स्कोर के साथ एक बर्डी और एक बोगी लगाई और 15-अंडर 273 के स्कोर के साथ रनर-अप रहे। उन्होंने 10 लाख रुपये जीते और सीज़न की स्टैंडिंग में 20वें स्थान से 12वें स्थान पर पहुंच गए; उनकी कुल कमाई 40,56,383 रुपये रही। गुरुग्राम के वीर अहलावत , जो 2024 रैंकिंग चैंपियन हैं, ने बिना किसी बोगी के 70 का स्कोर किया और दो बर्डी लगाईं।

# एथर ने पेश किया बड़े पहियों वाला इलेक्ट्रिक स्कूटर कोणार्क

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी कोणार्क ने शुक्रवार को अपना नया ईवी कोणार्क बाजार में पेश किया जिसकी एक्स-शोरूम कीमत (सब्सिडी घटाने के बाद) 79,999 रुपये से शुरू है। कंपनी ने इसे अपने नये ईएल प्लेटफॉर्म पर विकसित किया है। इसमें आगे का पहिया 14 इंच का है जो गड्ढों वाली सड़कों पर बेहतर बैलेंस प्रदान करता है। इसका व्हील बेस 1,352 मिमी का है। कंपनी के विपणन प्रमुख सौरभ शर्मा ने बताया कि इसमें कनेक्टेड बैटरी है जिसे कंपनी के पुराने वाहनों से बेहतर बनाया गया है। पहली बार किसी मॉडल में एथर बेडरॉक बैटरी दी गयी है। इस पर कंपनी 10 साल या एक लाख किमी की एक्सटेंडेड वारंटी दे रही है। उन्होंने हालांकि सलाह दी कि इसे लेने की जरूरत नहीं है। इसमें




बैटरी बैलेंस पहले से पांच गुणा ज्यादा है और पहली बार बैटरी में हल्की दरार को भी सेंस करने की तकनीक दी गयी है।

कोणार्क एस के चार और कोणार्क ज़ी के दो वेरिएंट हैं जो धीरे-धीरे बाजार में पेश किये जा रहे हैं। कोणार्क एस के 125 किमी और 161 किमी रेंज वाले वेरिएंट आज बाजार में पेश किये गये। केंद्र और राज्य सरकारों से मिलने वाली सब्सिडी घटाने के बाद दिल्ली में इनकी एक्स-शोरूम कीमत क्रमश: 94,549 रुपये और 1,14,049 रुपये होगी।कोणार्क एस का 100 किमी रेंज वाला वेरिएंट वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में उपलब्ध होगा। इसकी दिल्ली में एक्स-शोरूम कीमत 79,999 रुपये होगी। वहीं, 200 किमी रेंज वाला वेरिएंट अगले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में पेश किया जायेगा जिसकी कीमत की घोषणा अभी नहीं की गयी है। एडवांस फीचरों वाला कोणार्क ज़ी 125 किमी और 161 किमी की रेंज के साथ पेश किया जायेगा। दोनों अगले साल जुलाई-सितंबर तिमाही में पेश किया जाएगा।

## कच्चे तेल, डॉलर में नरमी से रुपया मजबूत

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल और डॉलर में नरमी से शुक्रवार को रुपया 24 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 95.75 रुपये का बोला गया। लगातार दो दिन टूटने के बाद रुपये में तेजी देखी गयी है। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 26 पैसे लुढ़ककर 95.99 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। भारतीय मुद्रा आज सात पैसे की मजबूती के साथ 95.92 रुपये प्रति डॉलर पर खुली। बीच कारोबार में यह नीचे 95.94 रुपये और ऊपर 95.72 रुपये प्रति डॉलर तक गयी।



## ऑडी इंडिया ने भारत में शुरू की ऑल-न्यू ऑडी क्यू3 की स्थानीय असेंबली

**मुंबई (वार्ता)।** जर्मनी की लग्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित एसएवीडब्लूआईपीएल संयंत्र में ऑल-न्यू ऑडी क्यू3 की असेंबलिंग शुरू कर दी। भारतीय बाजार में ऑल-न्यू ऑडी क्यू3 इस साल 16 अक्टूबर को उतारी जाएगी। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंधन निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीयूष अरोड़ा ने कहा, ऑल-न्यू ऑडी क्यू3 का उत्पादन शुरू होना देश में हमारे ग्रुप के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह हमारे छत्रपति संभाजीनगर संयंत्र की मजबूत क्षमता को दिखाता है।

## विदेशी मुद्रा भंडार घटा

**मुंबई (वार्ता)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार गत 18 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 14.881 अरब डॉलर घटकर 765.901 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा का देश का भंडार लगातार दूसरे सप्ताह कम हुआ है। गत 11 सितंबर को समाप्त सप्ताह में यह 4.924 अरब डॉलर घटकर 780.782 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 14.816 अरब डॉलर की कमी आई है और यह 630.98 अरब डॉलर रह गया है।




## त्योहारी मौसम में 22 विशेष उड़ानें शुरू करेगी स्पाइसजेट

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट त्योहारों के मौके पर बढ़ी मांग का लाभ उठाने के लिए आगामी 10 अक्टूबर से 22 विशेष उड़ानें शुरू करेगी। एयरलाइंस ने शुक्रवार को बताया कि ये सभी उड़ानें कोलकाता के लिए या कोलकाता से होंगी। ये उड़ानें पश्चिम बंगाल की राजधानी को दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, बागडोगरा और पोर्ट ब्लेयर से जोड़ेंगी।बागडोगरा से दिल्ली, बेंगलुरु और कोलकाता के लिए विशेष उड़ानें उपलब्ध होंगी। इससे त्योहारों के दौरान उत्तर बंगाल के यात्रियों को ज्यादा विकल्प मिल सकेंगे। स्पाइसजेट ने कोलकाता के रास्ते मुंबई और पोर्ट ब्लेयर के बीच हवाई संपर्क प्रदान करने की भी घोषणा की है। इसके लिए यात्रियों को विमान बदलने की जरूरत नहीं होगी। स्पाइसजेट के मुख्य कारोबारी अधिकारी देबोजो महर्षि ने कहा, दुर्गा पूजा कोलकाता के लिए साल के सबसे अहम समय में से है। उस मौके पर बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के पास जाते हैं।

# गिरावट से उबरे शेयर बाजार


### बैंकिंग-वित्तीय कंपनियों में लिवाली

**मुंबई (वार्ता)।** बैंकिंग, वित्तीय और वाहन कंपनियों में लिवाली से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 55 अंक नीचे 73,526 अंक पर खुला, लेकिन खुलते ही हरे निशान में आ गया। पूरे दिन इसमें उतार-चढ़ाव देखा गया और अंत में यह 315.20 अंक (0.43 प्रतिशत) चढ़कर 73,895.74 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 23 अंक की गिरावट में खुला, लेकिन अंत में 77.40 अंक यानी 0.34 प्रतिशत ऊपर 23,140.50 अंक पर बंद हुआ।




पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों प्रमुख सूचकांक 1.6 प्रतिशत से अधिक टूट गए थे। वृहत बाजार में मिश्रित रुख देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.25 प्रतिशत फिसल गया जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सेक्टर आधारित समूहों में ऑटो, बैंकिंग, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, एफएमसीजी, धातु और रियल्टी समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। आईटी, मीडिया, फार्मा, स्वास्थ्य और तेल एवं गैस समूहों में बिकवाली हावी रही। एनएसई आज जिन 3,647 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,924 के शेयर हरे निशान में और 1,592 के लाल निशान में रहे। अन्य 131 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 में तेजी रही। एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.82 प्रतिशत चढ़ा। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.24 फीसदी, एशियन पेंट्स में 1.93, बजाज फाइनेंस में 1.21, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.17, टाइटन में 1.01 और इंडिगो में 0.92 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति सुजुकी, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और टीसीएस के शेयर भी ऊपर रहे। ट्रेंट में सबसे अधिक 1.41 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई, टाटा स्टील और इटरनल के शेयर भी नुकसान में रहे।



## तंबाकू उत्पादकों को सरकार का तोहफा ब्याज मुक्त लोन की मंजूरी मिली

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत सरकार ने कारोबार खर्च के लिए ब्याज-मुक्त कर्ज सहायता योजना के तहत आंध्र प्रदेश में एफसीवी तंबाकू उगाने वालों के लिए प्रति बार्न ( तम्बाकू खलिहान घर) 50,000 रुपये का एक बार का ब्याज-मुक्त कर्ज मंजूर किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि बदलती वैश्विक बाजार स्थितियों के बीच तम्बाकू किसानों को इससे समय पर आर्थिक मदद मिलेगी। आंध्र प्रदेश में 2025-26 फसल सीज़न के लिए नीलामी 25 मार्च 2026 को शुरू हुई थी, और अब तक लगभग 10 करोड़ किलोग्राम फ्लू-क्येयर्ड वर्जीनिया (एफसीवी) तंबाकू की नीलामी हो चुकी है। एफसीवी तंबाकू की खेती मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में की जाती है। वैश्विक बाजार में मांग के बदलते पैटर्न, जियोपॉलिटिकल घटनाक्रम और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की बदलती स्थितियों को देखा गया है, जिनका असर खरीद और मार्केटिंग की स्थितियों पर पड़ा है। एफसीवी तंबाकू उगाने वालों के लिए ब्याज-मुक्त कारोबारी पूंजी की सहायता से लगभग 44,000 किसानों को लाभ होगा।

# तकनीक एवं नवाचार से बढ़ायेंगे किसानों का उत्पादन और आमदनी : डॉ. यादव

## सिंगरौली में हुए बलराम कृषि महोत्सव में किसानों से वीसी से किया संवाद

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों के हित में हमारी सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। हम तकनीक और नवाचार के जरिए किसानों का फसल उत्पादन और आमदनी दोनों बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा की सिंगरौली की रत्नगर्भा भूमि में अब प्राकृतिक खेती का तेजी से प्रसार हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस जिले के 3000 से अधिक किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब मिलकर सिंगरौली जिले को कृषि के मामले में अग्रणी जिला बनायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जाधानी के रूप में मशहूर सिंगरौली जिले को अब प्राकृतिक खेती का बड़ा केंद्र बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को सिंगरौली जिले में हुए बलराम कृषि महोत्सव को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने किसानों को अनंत चतुर्दशी की मंगलकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से कहा कि हम प्रदेश में 100 लाख हेक्टेयर तक सिंचाई क्षमता का विस्तार करेंगे। उद्यानिकी का रकबा 30 लाख हेक्टेयर ले जाएंगे। खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देंगे। एक जिला-एक उत्पाद से स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देंगे। पशुपालन और डेयरी को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अंग बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम खेती से जुड़े एक लाख किसानों, युवाओं और बेटियों को विशेष प्रशिक्षण देकर प्रदेश में कृषि उद्यमियों की नई पीढ़ी तैयार करेंगे।

### सिंगरौली जिला श्रीअन्न उत्पादन में अग्रणी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सोन और गोपद नदी का संगम स्थल सिंगरौली जिला श्रीअन्न उत्पादन में अग्रणी है। कोदो और सामा यहां की प्रमुख फसलें हैं। सिंगरौली और डिंडोरी के किसानों की पहल पर ही सरकार ने कोदो-कुटकी की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगरौली जिले के प्रगतिशील किसानों से वीसी से संवाद कर उनके द्वारा की जा रही प्राकृतिक खेती, श्री अन्न उत्पादन और विशेषकर हल्दी की खेती के बारे में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि परम्परागत खेती के बजाय जैविक खाद के इस्तेमाल से प्राकृतिक खेती में ज्यादा फायदा होता है।

### किसान भाइयों को दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंगरौली के किसान अब पारंपरिक खेती के साथ नई तकनीक और नई फसलों को भी अपना रहे हैं। उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में भी सिंगरौली जिले में काफी संभावनाएं हैं। जिले में आटा मिल, राइस मिल, ऑयल मिल, दुग्ध उत्पाद, बेकरी और खाद्य प्रसंस्करण की कई नई इकाइयां स्थापित की गई हैं। सरकार द्वारा किसान भाइयों को दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए फीडरों का विभक्तिकरण कर दिया गया है। इससे खेती के लिए बिजली की उपलब्धता और भी बेहतर होगी।

### उद्यानिकी और प्राकृतिक खेती में रुचि लें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी खेती-किसानी में फसल विविधीकरण अपनाएं। उद्यानिकी और प्राकृतिक खेती में रूचि लें। साथ ही पशुपालन और मछली पालन व्यवसाय से भी जुड़ें। सिंगरौली में हुए बलराम कृषि महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम स्थल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह, सीधी-सिंगरौली के लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पांचूलाल प्रजापति,कपिल यादें, राम लक्ष्मन सिंह, जयपाल सिंह सहित प्रगतिशील किसान और बड़ी संख्या में जिले भर से आए किसान बंधु उपस्थित थे।

# अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रहा है : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर किया नमन



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय जन संघ के संस्थापक श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी के साथ एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत आम का पौधा रोपा। इस अवसर पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने संदेश में कहा कि हमारे प्रेरणा स्रोत श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन आज भी समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। दीनदयाल जी के राष्ट्र सेवा और जनकल्याण के विचारों से प्रेरणा लेते हुए हम समावेशी विकास के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

# पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास मेस का हुआ शुभारंभ

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मप्र शासन द्वारा बजरिया वार्ड 6 दमोह में नवनिर्मित पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास मेस का शुभारंभ गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल दमोह अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, रानी दमयंती नगर मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई, पार्षद रघु श्रीवास्तव, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे आतिथ्य में लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर छात्रावास परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मंत्री के संबोधन को सुना। छात्रावास के प्रारंभ होने से पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी जिससे उन्हें उच्च शिक्षा के दौरान बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। उपस्थितजनों ने छात्रावास के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी पहल बताया।

# बिरसिंहपुर सोलर-बैटरी स्टोरेज परियोजना पर निवेशक संवाद




**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश में हरित ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने तथा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लिए निवेश की संभावनाओं को सामने लाने के उद्देश्य से आज मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में बिरसिंहपुर 200 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लस 50 मेगावाट/100 मेगावाट घंटा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम परियोजना पर निवेशक संपर्क एवं हितधारक परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय दुबे ने कार्यक्रम में मार्गदर्शन प्रदान करते हुए परियोजना तथा मध्यप्रदेश में हरित ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। अपर मुख्य सचिव श्री दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश नवाचारी पूल्ड फाइनेंसिंग तंत्र और शासन के सहयोग के माध्यम से शहरी अधोसंरचना के वित्तपोषण में नया मानक स्थापित कर रहा है। डेवलपर्स, वित्तीय संस्थानों और ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुखों द्वारा प्रदर्शित मजबूत रुचि प्रदेश की विकास दृष्टि, संस्थागत विश्वसनीयता सतत शहरी विकास के प्रति प्रतिबद्धता में निवेशकों के विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि विभागों सार्वजनिक संस्थानों के बीच समन्वित प्रयासों से ऐसे प्रोजेक्ट विकसित किए जा रहे हैं, जो पर्यावरण की दृष्टि से उत्तरदायी होने के साथ वित्तीय रूप से सुदृढ़ और निवेश के लिए तैयार हैं। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक मंजीत सिंह ने परियोजना के उद्देश्य एवं स्वरूप की जानकारी दी।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर मोंटी रैकवार ने लिया नेत्रदान का संकल्प

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** भाजपा नेता मोंटी रैकवार ने भाजपा के पितृ पुरूष पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल दमोह में नेत्रदान का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि जीते जी रक्तदान और जाते-जाते नेत्रदान करना है। इस दौरान जिला अस्पताल दमोह की नेत्र चिकित्सक डॉ. सुधा राय, सहायक नेत्र चिकित्सक प्रशांत रोहित द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। डॉ. सुधा राय ने कहा है कि मोंटी रैकवार की तरह हर एक युवा को समाज हित में ऐसे निर्णय लेना चाहिए। यह अच्छा है कि यह नेत्रदान कर किसी व्यक्ति की जिंदगी में रोशनी देने के काम आयेगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समाज की संवाहक और नौनिहालों के भविष्य की आधारशिला : राज्यमंत्री गौर

## अमराई में आयोजित हुआ आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

भोपाल (स्वतंत्र मत)।




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में संचालित सेवा से संकल्प अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को भोपाल के गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र स्थित बागसेवनिया के अमराई में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने आंगनबाड़ी केंद्र का सूक्ष्म निरीक्षण किया, एवं नौनिहालों से संवाद उनकी रचनात्मक गतिविधियों जानकारी ली परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलता है मातृवत् स्नेह और संस्कार**- राज्यमंत्री गौर ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समाज के वंचित और जरूरतमंद बच्चों के सर्वांगीण विकास, शिक्षा एवं पोषण का पावन दायित्व निष्ठापूर्वक निभा रही हैं। ये केंद्र केवल पोषण वितरण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यहाँ बच्चों को शिक्षा और संस्कार के साथ माँ की ममता का भाव भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि सेवा से संकल्प अभियान के माध्यम से इन समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना स्वयं में अत्यंत गौरव एवं संतोष का विषय है।

**उत्कृष्ट सेवा के लिए कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान**- कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अतिथियों ने बच्चों द्वारा निर्मित चित्रकारियों एवं गतिविधियों की सराहना करते हुए उन्हें स्नेह उपहार वितरित किए। इस अवसर पर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, ज्योति सिंह, अश्विनी परांजपे, सपना वर्मा, मोना सुस्तानी, प्रज्ञा त्रिपाठी, मोनिका ठाकुर, शीला पाटीदार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# दमोह मेडिकल कॉलेज पीपीपी नहीं, शासकीय स्तर पर संचालित किया जाए : मलैया

## मेडिकल कॉलेज, सड़क और गीता भवन सहित अन्य मुद्दों पर सीएम, मंत्रियों से की मांग

दमोह (स्वतंत्र मत)

दमोह विधायक जयंत मलैया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि निर्माणाधीन नवीन मेडिकल कॉलेज दमोह और आसपास के क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, रोजगार एवं विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण संस्थान है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मॉडल पर संचालित किए जाने के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करते हुए इसे शासकीय स्तर पर संचालित किए जाने की मांग की है। श्री मलैया ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर इस संबंध में पत्र सौंपा है। पत्र में कहा गया है कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए लगभग 355 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है तथा भवन निर्माण सहित अन्य कार्यों पर करोड़ों रुपये व्यय किए जा चुके हैं। मेडिकल कॉलेज के फर्नीचर एवं उपकरणों के लिए लगभग 25.93 करोड़ रुपये तथा अस्पताल भवन में बायोमेडिकल उपकरणों की स्थापना के लिए लगभग 20.15 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज के लिए लगभग 12.14 हेक्टेयर भूमि भी आवंटित की गई है। विधायक श्री मलैया ने कहा कि इतनी बड़ी राशि से तैयार हो रहा मेडिकल कॉलेज केवल एक भवन नहीं बल्कि दमोह जिले और आसपास के क्षेत्रों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सा शिक्षाए रोजगार तथा क्षेत्रीय विकास का महत्वपूर्ण केंद्र है।



दमोह की बड़ी आबादी कृषि एवं सीमित आय पर निर्भर है। ऐसे में शासकीय मेडिकल कॉलेज के माध्यम से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर विकसित किए जा सकते हैं।

### शहर के विकास से जुड़े दो अन्य प्रमुख मुद्दे

मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में विधायक श्री मलैया ने दमोह शहर के विकास से जुड़े दो अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे भी उठाए हैं। उन्होंने शहर की प्रमुख सड़कों के बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए सुभाष कॉलोनी से जबलपुर नाका चौकी तक तथा सीताबावड़ी से हटा नाका तक के मार्गों के चौड़ीकरण की मांग की है। इसके साथ ही दमोह में नवीन गीता भवन ऑडिटोरियम के निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया गया है ताकि शहर को सामाजिक, सांस्कृतिक सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए आधुनिक सुविधा उपलब्ध हो सके। दमोह के समग्र विकास के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क एवं अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। कृषि एवं सिंचाई क्षेत्र में सतधरू, सीतानगर, पंचमनगर, साझली, जुड़ी सहित विभिन्न सिंचाई एवं स्टॉपडैम परियोजनाओं से किसानों को लाभ पहुंचाने के प्रयासों का भी उल्लेख किया। मेडिकल कॉलेज आने वाले समय में दमोह के स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार क्षेत्रीय विकास का मजबूत आधार बन सकता है। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि दमोह मेडिकल कॉलेज के संचालन संबंधी निर्णय पर पुनर्विचार कर इसे शासकीय स्तर पर संचालित करने, प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण तथा नवीन गीता भवन के निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# प्रज्ञापीठ तेवरईया में लगातार ग्यारहवें वर्ष में मनाया गणेशोत्सव

**हटा (स्वतंत्र मत)।** समीपवर्ती ग्राम तेवरईया स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ में धार्मिक आस्था को जीवंत बनाने एवं नई पीढ़ी को वैदिक जीवन दृष्टि से जोड़ने के उद्देश्य से लगातार ग्यारहवें वर्ष में गणेश उत्सव का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव से संपन्न हुआ। ग्राम के आचार्य राम लखन दुबे ने वैदिक विधिविधान के साथ गणेश जी का पूजन अर्चन एवं हवन संपन्न करवाया। हवन में गणपति अथर्वशीर्ष के मंत्रों से यज्ञनारायण भगवान को विशेष आहुतियां करवाई गईं। पूर्णाहुति करवाते हुए उन्होंने बताया गणों के स्वामी गणपति विवेक और सद्बुद्धि के आराध्य देव हैं उनका पूजन केवल विघ्नों को दूर करने की कामना नहीं बल्कि अपने भीतर ऐसी शक्ति विकसित करने का संकल्प है जिससे मनुष्य स्वयं जीवन के अवरोधों को पहचान कर उन्हें दूर कर सके। गणेश जी का विशाल मस्तिष्क व्यापक चिंतन, बड़े कान सार्थक बातों को ग्रहण करने, छोटी आंखें सूक्ष्म दृष्टि और एकाग्रता तथा विनम्र स्वरूप अहंकार के त्याग की प्रेरणा देता है। गणेश जी के स्वरूप दर्शन में व्यक्तित्व निर्माण का समग्र शिक्षण मौजूद है। गणेश जी विघ्नहर्ता भी हैं। विघ्नों से मुक्ति का सबसे प्रभावी साधन अपने भीतर विवेक संयम व सद्बुद्धि का जागरण है।

पश्चिम मध्य रेल

शुद्धिपत्र संख्या 13/2026

निविदा सं. 20264115 जिसके खुलने की तिथि 11.09.2026 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/26/2026 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है:-

| निविदा सं. एवं संक्षिप्त विवरण | Tender Opening Date | |
|---|---|---|
| | From | To |
| 20264115 Description:- सिलिंड्रिकल रोलर एक्सल बॉक्स बिअरिंग | 11.09.2026 | 28.09.2026 |

अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखें।

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक/पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

CHANGE OF NAME

I. WAS KNOWN AS TARANJEET SINGH I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS TARANJEET SINGH ALAG S/O GURCHARAN SINGH RESIDENT OF 83-5, NAG-PUR ROAD, MAINA BIHAR, TRIPURI WARD, JABALPUR (M. P.) 482003.

# अतिवृष्टि से बर्वाद हुई फसलों का मुआवजा दे सरकार : मानक पटेल



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जिला कांग्रेस कमेटी एवं जिला किसान कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में किसानों की समस्याओं एवं उनकी फसले जो अतिवृष्टि से बर्बाद हो गई उसको लेकर जिला कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम समस्त कांग्रेसजनों के साथ ज्ञापन सौंपा गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि जिले के सभी ब्लॉको के किसानो की उरदा 90 प्रतिशत मुरदा हो गई वहीं सोयाबीन भी 80 प्रतिशत तक बर्बाद हो गया किंतु भाजपा सरकार ने अब तक सर्वे करवाना भी उचित नहीं समझा। आयोजक जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीवान अमरसींग ने कहा कि किसान विचारे भूखे फिर रये और इनके मंत्री रवा रये खीर किसानों की गुंज अभी हमने धरना देकर की है जल्द मांग नहीं मानी गई तो हम जिले के किसानों के साथ विशाल आंदोलन को मजबूर होगें। पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि सीतानगर परियोजना में दमोह विधानसभा क्षेत्र के 33 ग्रामों को शामिल किया जायें जिससे उनको भी सिंचाई का लाभ मिल सकें। लक्ष्मण सिंह, रजनी ठाकुर, सुषमा विक्रम सींग, कमला निषाद, तिलक सींग, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, विजय बहादुर सिंह, डीपी पटेल, बृजेन्द्र सींग, मंजीत यादव, लाखन सिंह, बबलु भट्ट, परम यादव, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, मुकेश रोहितास, दिनेश रैकवार, गोपाल रैकवार, अशोक ठाकुर, आशुतोष शर्मा, उवेद गौरी, वकील कुरैशी, योगेश पटेल, विनोद पटेल, हेमराज, प्रवेन्द्र चन्द्रकार, अजय जाटव, वीर सिंह, योगेश बाजपेई, मदन सुमन ने भी अपने संबोधन में कहा कि पीएम सीएम के लिये तो अब लोग कहने लगे है इनका ऐसा कोई सगा नहीं जिनको उन्होनें ठगा नहीं कोई विभाग नहीं है चाहे रेल हो या बिजली सबका निजीकरण कर दिया अब दमोह के मेडिकल कॉलेज का भी निजीकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर तेन्दुखेड़ा से नीलेश यादव, कृष्णा यादव, मोहन सींग, जबेरा से अखिलेश सोनी, पथरिया से रत्नेश सोनी, पिंकी दुबे, पीर अली, अंगद प्यासी, हटा से योगेश सराफ नोहटा से संतोष रजक, नीलश ठाकुर सहित कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर
म.प्र. पिन-482003

भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हाथीताल कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक MIG flat- 06 श्रीमती विद्या आफले पति स्व. श्री विजय आफले के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20.03.2002 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती विद्या आफले पति स्व. श्री विजय आफले ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 28.11.2024 के माध्यम से सुश्री सुप्रीत कौर सचदेवा पिता श्री सरबजीत सिंह सचदेवा एवं श्री कमलजीत सिंह सचदेवा पिता श्री सरबजीत सिंह सचदेवा को विक्रय किया है। अतः सुश्री सुप्रीत कौर सचदेवा पिता श्री सरबजीत सिंह सचदेवा एवं श्री कमलजीत सिंह सचदेवा पिता श्री सरबजीत सिंह सचदेवा द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण भूखण्ड बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,प्रक्षेत्र जबलपुर

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर
म.प्र. पिन-482003

भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र लोधी पिता श्री भारत लाल लोधी के द्वारा पुरवा कॉलोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक LIG-205 के हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। वर्तमान में उक्त भवन श्री अब्दुल मजीद पिता श्री अब्दुल खालिक के नाम पर आवंटित है। श्री राजेन्द्र लोधी पिता श्री भारत लाल लोधी से प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्री राजेन्द्र लोधी पिता श्री भारत लाल लोधी के नाम हस्तांतरण कि कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन हस्तांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर पुरवा कॉलोनी जबलपुर में स्थित भवन कमांक LIG-205 श्री राजेन्द्र लोधी पिता श्री भारत लाल लोधी के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,प्रक्षेत्र जबलपुर

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर
म.प्र. पिन-482003

भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति गायत्री अग्निहोत्री पति श्री विनोद अग्निहोत्री के द्वारा पुरवा कॉलोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक LIG-409 के हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। वर्तमान में उक्त भवन श्रीमति पूना बाई जैन पति स्व. श्री परमेष्ठी जैन के नाम पर आवंटित है। श्रीमति गायत्री अग्निहोत्री पति श्री विनोद अग्निहोत्री से प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्रीमति गायत्री अग्निहोत्री पति श्री विनोद अग्निहोत्री के नाम हस्तांतरण कि कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन हस्तांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर पुरवा कॉलोनी जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक LIG-409 श्रीमति गायत्री अग्निहोत्री पति श्री विनोद अग्निहोत्री के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ दावा मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,प्रक्षेत्र जबलपुर

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर
म.प्र. पिन-482003

भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि. शिवनगर दमोहनाका जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक -460 श्रीमति माया देवी जैन पति श्री सन्तोष कुमार जैन के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 11.04.2022 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्रीमति माया देवी जैन पति श्री सन्तोष कुमार जैन द्वारा जना स्माल फायनेंस बैंक लिमिटेड द्वारा अधीकृत श्री रामराज शर्मा पिता श्री स्व. सी.एल. शर्मा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 08.09.2026 के माध्यम से श्री बाबू सिंह लोधी पिता श्री जगत सिंह ठाकुर को विक्रय किया है। अतः श्री बाबू सिंह लोधी पिता श्री जगत सिंह ठाकुर द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,प्रक्षेत्र जबलपुर





## स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के लिए वृहद पौधारोपण

### जबलपुर मंडल में 90 हजार से अधिक पौधों का रोपण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने तथा रेलवे परिसरों एवं रेलखंडों के आसपास हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से हरियाली महोत्सव के अंतर्गत जबलपुर मंडल में व्यापक स्तर पर वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जुलाई 2026 से सितंबर 2026 के दौरान मंडल के विभिन्न रेलखंडों में 90 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया है। पहली बार इतने वृहद स्तर पर एक साथ किए गए इस व्यापक वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से पश्चिम मध्य रेल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। यह पहल ष्स्वच्छ भारतष् के संदेश से संकल्पित स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को सार्थक करते हुए रेलवे परिसरोंए रेलखंडों एवं आसपास के क्षेत्रों को अधिक स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जीसीएफ क्रमांक-1 में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

### विद्यार्थियों को दी गई विधिक एवं साइबर कानूनों की जानकारी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, जीसीएफ क्रमांक -1 जबलपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विभिन्न कानूनी प्रावधानों, नागरिक अधिकारों तथा कर्तव्यों के प्रति व्यापक जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में सिविल जज सुश्री सिमरन गुप्ताए सुश्री अपर्णा सोनी एवं सुश्री ऋतु प्रजापति द्वारा विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण विधिक विषयों एवं दैनंदिन जीवन में उपयोगी कानूनों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के विषय में मार्गदर्शन देते हुए सिविल जज सुश्री ऋतु प्रजापति ने हेलमेट एवं सीट बेल्ट के नियमित प्रयोग, यातायात संकेतों के पालन तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने का आह्वान किया।



# बेकाबू होकर होटल में घुसी तेज रफ्तार कार, अधिवक्ता की मौत

## हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल, मेडिकल के पास हुआ दर्दनाक हादसा







जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के पास शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे होटल में घुस गई। सड़क हादसे में कार सवार एक अधिवक्ता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक को गंभीर चोटे पहुंची। वहीं घटना में होटल में सो रहे 3 लोग भी घायल हुए हैं। घटना के बाद तत्काल चारों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार होटल संचालक लकी कुशवाहा ने बताया वह अपनी पत्नी के साथ सुबह करीब 4 बजे होटल खोलने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार होटल में जा घुसी। कार में शरद कुमार दुबे और शिवम शर्मा मौजूद थे। हादसे के बाद कार में शराब की एक बोतल भी मिली। बताया जा रहा है कि अधिवक्ता शिवम शर्मा कार क्रमांक एमपी 20 सीके 0199 से जसूजा सिटी निवासी अपने दोस्त शरद दुबे के साथ जा रहा थे। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के मॉर्च्यूरी गेट के पास पहुंचते ही कार बेकाबू हो गई और सड़क किनारे स्थित होटल में जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि होटल में सो रहे लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला और कार तीन लोगों के ऊपर चढ़ गई।

### इन्होंने कहा

शुक्रवार अल सुबह एक तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर मेडिकल अस्पताल के समीप एक होटल में जो घुसी। घटना में मौके पर ही कार सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं तीन से चार लोग घायल हो गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**प्रसन्न कुमार शर्मा, टीआई गढ़ा**

### कार की बैक सीट पर मिली शराब की बोतल

सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों के साथ धनवंतरी नगर पुलिस चौकी का स्टाफ मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। हादसे में घायलों के हाथ, सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। कुछ घायलों के सिर में गहरी चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कार के अंदर शराब की बोतल भी बरामद हुई है। जिसकी भी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। धनवंतरी नगर पुलिस चौकी के स्टाफ ने अधिवक्ता शिवम शर्मा के शव का पंचनामा कर शव के पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया। अधिवक्ता के परिजनों और परिचितों में शोक का माहौल व्याप्त है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रिटा. जज गिरिबाला की जमानत पर आज हो सकती है सुनवाई

## ट्विशा शर्मा मौत मामला, सीबीआई को पेश करना है हाईकोर्ट में जवाब



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मॉडल और एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में आरोपी रिटायर्ड जिला जज गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई संभव है। गिरिबाला सिंह के वकील ने अदालत से आज सुनवाई के लिए अनुरोध किया है। हालांकि सीबीआई ने अभी तक अपनी रिपोर्ट पेश नहीं की है। इससे पहले हुई सुनवाई में सीबीआई ने केस डायरी और जमानत पर आपत्ति के लिए एक सप्ताह का समय मांगा था। इसके चलते गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई टल गई थी। वे फिलहाल भोपाल जेल में बंद हैं। पिछली सुनवाई में गिरिबाला सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह ने पक्ष रखा था। उन्होंने तर्क दिया था कि गिरिबाला सिंह के खिलाफ ऐसा कोई ठोस सबूत नहीं हैए जिससे यह साबित हो कि उन्होंने अपनी बहू ट्विशा को आत्महत्या के लिए उकसाया। इसी आधार पर जमानत देने की मांग की गई थी।वहींए सीबीआई ने अदालत से कहा था कि वह अभी केस डायरी पेश करने की स्थिति में नहीं है और जमानत याचिका पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए समय चाहिए। अगली सुनवाई में जांच एजेंसी जमानत पर अपना जवाब और जांच से जुड़े तथ्य अदालत के सामने रख सकती है।

### 12 मई को ससुराल में मिला था शव

ट्विशा शर्मा का शव 12 मई 2026 को भोपाल स्थित ससुराल में फंदे से लटका मिला था। इसके बाद मायके पक्ष ने पति समर्थ सिंह और ससुराल वालों पर मानसिक प्रताड़ना और दहेज से जुड़े आरोप लगाए थे। शुरुआती जांच पुलिस और एसआईटी ने की थी। परिवार ने जांच पर सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की थी। प्रदेश सरकार की सहमति के बाद मामला सीबीआई को सौंपा गया था।

# कलेक्टर ने डुंगरिया में जलसमूह परियोजना का निरीक्षण



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बरगी बांध रोड स्थित ग्राम डुंगरिया में मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा संचालित पड़वार-पड़रिया मल्टी विलेज पेयजल योजना के तहत किए जा रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर परियोजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत भी उपस्थित थे। इसके बाद कलेक्टर श्री सिंह बरगी बांध पहुंचे और बैकवाटर एवं जलभराव क्षेत्र में पड़वार.पड़रिया मल्टी विलेज पेयजल योजना के तहत निर्माणाधीन इंटेक वेल तथा उससे जुड़ी जल संरचनाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से इन संरचनाओं के निर्माण और परियोजना की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जल निगम एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सायंकालीन और कल प्रात :कालीन जलापूर्ति रहेगी प्रभावित




जबलपुर

नर्मदा जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 120 एमएलडी रमनगरा जल शोधन संयंत्र के राइजिंग मेन में 1200 एमएम का बटरफ्लाई वाल्व में लीकेज सुधार का कार्य किया जाना है। सुधार कार्य के चलते उक्त संयंत्र से आज दिनांक 26 सितम्बर 2026 को सायंकालीन से लेकर कल दिनांक 27 सितम्बर 2026 प्रात:कालीन तक जलापूर्ति प्रभावित हरेगी। उक्त संयंत्र से भरी जाने वाले टंकियाँ क्रमश: बिडला धर्मशाला, मेडिकल, त्रिपुरी, गुलौआ, राईट टाउन, रामेश्वरम, मनमोहन नगर, लक्ष्मीपुर, कोतवाली, मोतीनाला, आनंद नगर, लेमा गार्डन, सर्वोदय नगर, मदर टैरेसा, बेदी नगर, मिल्क स्कीम, किलकारी गार्डन, न्यू शोभापुर व राजीव नगर तथा अमृत योजनांतर्गत देवताल उच्चस्तरीय टंकियों से जलापूर्ति अवरूद्ध रहेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्य के चलते क्षेत्रीय नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जल प्रभारी दामोदर सोनी एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने खेद व्यक्त किया है। प्रभावित क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी।

## कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री डॉ टेटवाल का आगमन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री डॉ गौतम जी टेटवाल का 26 सितंबर की सुबह 10.30 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। मंत्री डॉ टेटवाल सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे तथा सुबह 11.15 जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित पूर्व छात्र के सम्मेलन में शामिल होने के बाद दोपहर 1 बजे जबलपुर से कार द्वारा भोपाल के लिए रवाना होंगे।

# जेडीए अध्यक्ष ने जन्मदिन पर गुरुदयाल सैनी को दीं शुभकामनाएं





**जबलपुर।** गोरखपुर स्थित प्रसिद्ध त्रिमूर्ति कला मन्दिर लड्डू गणेश मंदिर के अध्यक्ष गुरुदयाल सैनी के 88वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर मंदिर प्रांगण में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं मंगलमय कार्यक्रम में जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन ने मुख्य रूप से शिरकत कर भगवान श्री गणेश की महाआरती में शामिल होकर नगर की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने अध्यक्ष गुरुदयाल सैनी का शॉल.श्रीफल व पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन कर जन्मदिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर डॉ कविता शुक्ला को मिला सम्मान



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर जबलपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी की प्राचार्य डॉ कविता शुक्ला को उनके शैक्षणिक नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं फार्मास्युटिकल शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान के लिए सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन द्वारा जारी सम्मान पत्र में डॉ शुक्ला के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा गया कि उनके समर्पित प्रयासों से संस्थान में शैक्षणिक उत्कृष्टता, व्यावसायिक विकास, अनुशासन एवं सकारात्मक सीखने के वातावरण को बढ़ावा मिला है। उनके निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को फर्मेसी व्यवसाय के मूल्यों एवं दायित्वों के प्रति प्रेरित किया है। जबलपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अज़ाद जैन एवं सचिव विशाल जायसवाल द्वारा प्रदान किए गए सम्मान पत्र में डॉ कविता शुक्ला के नेतृत्व एवं फार्मेसी के प्रतिष्ठित व्यवसाय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर डॉ कविता शुक्ला ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए व्यक्तिगत उपलब्धि से अधिक फार्मेसी शिक्षा के प्रति समर्पित पूरी टीमए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रयासों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं जिम्मेदार पेशेवर दृष्टिकोण के माध्यम से इस क्षेत्र को और सशक्त बनाया जा सकता है। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर प्राप्त यह सम्मान हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के लिए भी गौरव का विषय है और फार्मेसी शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहन प्रदान करता है।

## बारिश के चलते फिर खोले गए बरगी बांध के 5 गेट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर में लगातार हो रही बारिश और बरगी बांध में बढ़ती पानी की आवक को देखते हुए शुक्रवार शाम 6 बजे बांध के 5 गेट एक-एक मीटर तक खोल दिए गए। बांध का जलस्तर 422.90 मीटर पहुंचने के बाद जलस्तर नियंत्रित करने के लिए 780 क्यूमेक पानी प्रति सेकंड की दर से छोड़ा जा रहा है। पानी छोड़े जाने के कारण नर्मदा नदी के घाटों पर जलस्तर करीब 3 से 4 फीट बढ़ने की संभावना है। बांध प्रबंधन ने लोगों से नर्मदा के घाटों और तटीय क्षेत्रों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है। बरगी बांध प्रबंधन के अनुसार शुक्रवार दोपहर 3 बजे बांध का जलस्तर 422.90 मीटर दर्ज किया गया। बांध की वास्तविक उपयोगी जल भंडारण क्षमता 3180 एमसीएम के मुकाबले वर्तमान में 3217 एमसीएम यानी 101.16 प्रतिशत पानी भंडारित है। बांध में पानी की आवक 763 क्यूमेक बनी हुई है। लभराव क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश और मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए बांध का जलस्तर नियंत्रित करने के लिए जलद्वार खोले गए हैं।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के निर्देश पर शहपुरा टोल नाका तत्काल प्रभाव से बंद

## मंत्री राकेश सिंह के पत्र के बाद केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय का त्वरित एक्शन





जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर-भोपाल मार्ग पर शहपुरा टोल नाका तत्काल प्रभाव से बंद होगा। शहपुरा रेलवे ब्रिज क्षतिग्रस्त होने के कारण यातायात डायवर्ट किया गया है। इसके बावजूद 24 दिनों से टोल वसूली जारी थी। जिसके बाद लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के द्वारा केन्द्रीय मंत्री को पत्र लिखा गया था। मंत्री श्री सिंह के पत्र पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने टोल वसूली बंद करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी अनुसार करीब 400 करोड़ रुपए की लागत से बने ओवरब्रिज का एक हिस्सा फरवरी 2026 में धंस गया था। इसके बाद वाहनों का आवागमन दूसरे रास्ते से शुरू किया गया, लेकिन कुछ दिन बाद वह मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद दोनों मार्ग बंद कर दिए गए थे। मार्ग बंद होने के बावजूद शहपुरा टोल नाके पर वाहनों से टोल वसूली जारी थी। इसी को लेकर टोल नाका बंद करने की मांग उठ रही थी। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने करीब 4 सप्ताह पहले भोपाल में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। उन्होंने जबलपुर-भोपाल मार्ग पर शहपुरा रेलवे ब्रिज क्षतिग्रस्त होने के कारण यातायात डायवर्ट किए जाने को देखते हुए तत्काल टोल बंद करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद ठेकेदार ने टोल चालू रखा। उसका कहना था कि एनएचएआई से अभी तक टोल बंद करने के संबंध में किसी तरह के निर्देश नहीं मिले हैं। इस वजह से मंत्री के आदेश के बाद भी 24 दिनों तक टोल नाका चालू रहा।

### टोल में वसूली स्थगित करने की थी मांग

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने 22 सितंबर को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा था। इसमें आमजनता की सहूलियत को देखते हुए शहपुरा आरओबी का काम पूरा होने तक शहपुरा टोल प्लाजा की वसूली स्थगित करने का अनुरोध किया गया था। राकेश सिंह ने पत्र में लिखा था कि जबलपुर.हिर नदी मार्ग पर शहपुरा आरओबी के एप्रोच में क्षति होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से यातायात को वैकल्पिक मार्ग पर डायवर्ट किया गया है। इस संबंध में सीआरआरआई और ब्रिज विशेषज्ञों से तकनीकी परीक्षण कराया जा रहा है और पुनर्निर्माण की कार्रवाई की जा रही है।

## चलती स्कूटर में अचानक भभक उठी आग



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संजीवनी नगर थाना क्षेत्र के अंधमूक चौराहे के समीप शुक्रवार सुबह चलती स्कूटर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने स्कूटर को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए स्कूटर छोड़कर दूर छलांग लगा दीए जिससे उसकी जान बच गई। स्कूटर में आग लगते देख मौके पर मौजूद राहगीरों और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक स्कूटर का अधिकांश हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो चुका था।


South Avenue Mall | moviemagic | RUBY moviemagic

RUBY - NATIONAL AWARD WINNER MULTIPLEX

| | |
|---|---|
| THE PARADISE (HINDI) (A-18+) | 11:45 AM, 3:15 PM, 6:45 PM & 10:15 PM |
| DAAYRA (HINDI) (A-18+) | RUBY 4:15 PM & 7:00 PM |
| VIBE (HINDI)(A-18+) | 9:00 AM \| RUBY 12:15 PM |
| RESIDENT EVIL (HINDI/ENG) (A-18+) | RUBY HINDI-5:50 PM \| ENG- 7:45 PM |
| MIRZAPUR (HINDI) (A-18+) | 11:00 AM, 2:35 PM, 6:20 PM & 10:00 PM RUBY 9:30 PM |
| HANUMAN ANSH (HINDI) | 9:30 AM, 12:30 PM, 3:30 PM, 6:30 PM & 9:30 PM RUBY 1:30 PM, 3:00 PM & 9:50 PM |

@moviemagic_jbp MOVIE MAGIC now with 5 BIG SCREENS — Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE

Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508



हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**